पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:23 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
वर्ष 34, अंक 1, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

छात्रों को परीक्षा हॉल में चुनौती से होती है बोरियत 16
रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फिल्म फाइटर पर बैन 15

एक नजर

आचरेकर और गणपत को मिलेगा भरतमुनि सम्मान

नई दिल्ली। कला एवं साहित्य में उत्कृष्टता के लिए काम करने वाली संस्था संस्कार भारती ने प्रथम 'भरत मुनि सम्मान' मुंबई के चित्रकार विजय दशरथ आचरेकर एवं लोककला में सिंधुदुर्ग के गणपत सखाराम मसगे को प्रदान करने की घोषणा की है। ये सम्मान बेंगलुरु में 03-04 फरवरी को अखिल भारतीय कलासाधक संगम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में प्रख्यात संत श्री श्री रविशंकर भी होंगे। संस्कार भारती के महामंत्री अश्विन दलवी, सह कोषाध्यक्ष एवं संयोजक सुबोध शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी।

असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत

हल्द्वानी। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी (यूओयू) के असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्राथमिक तौर पर जहर का सेवन मौत का कारण माना जा रहा है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने जहर खाया या उन्हें दिया गया, इस पर संशय है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मूलरूप से द्वाराहाट निवासी हेमंत कांडपाल (45) पुत्र तारा दत्त कांडपाल यहां ट्यूलिप कॉलोनी में किराए पर रहते थे और रोजाना साथी प्रोफेसर के साथ कॉलेज जाते थे। बुधवार को वे उनके घर पहुंचे तो कई आवाज लगाने के बावजूद हेमंत घर से नहीं निकले। सहकर्मी ने घर के अंदर जाकर देखा तो हेमंत जमीन पर बेसुध पड़े थे और उनकी सांसें भी नहीं चल रही थीं। हेमंत को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, पत्नी से विवाद होने के चलते हेमंत अकेले रहते थे।

एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ लंबे मार्गों पर संचालित उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एयरलाइन एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने एक हफ्ते में दूसरी बार एयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है। बुधवार को जारी बयान के अनुसार, नियामक को एयरलाइन एक पूर्व कर्मचारी से शिकायत मिली थी कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की अनिवार्य व्यवस्था के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमान का परिचालन किया। नियामक ने रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद विस्तृत जांच की। डीजीसीए ने कहा कि जांच में प्रथम दृष्टया एयरलाइन द्वारा गैर-अनुपालन का पता चलता है।

मीनाक्षी लेखी ने किया सहज गीता का विमोचन

नई दिल्ली। विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अनूठा बताया है और कहा है कि आनंदमय और सरल जीवन के लिये गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। लेखी ने यहां एक समारोह में भगवद्गीता के सरल अनुवाद की पुस्तक सहज गीता का विमोचन करते हुए कहा कि आम जन में गीता को वास्तविक अर्थों में पहुंचाने की आवश्यकता है, यह पुस्तक इस उद्देश्य की पूर्ति करती है।

रामलला के दर्शन कराने में जुटी सरकार

विशिष्ट जनों से मुख्यमंत्री ने की अपील, आना हो तो पहले से बताएं ▸ अयोध्या में उमड़े दर्शनार्थी, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी डटे ▸ अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व सूचित करना होगा

▸▸ श्रद्धालुओं की वापसी को परिवहन रेलवे से समन्वय बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को स्वाभाविक बताया है। साथ ही कहा कि, सभी की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने विशिष्ट जनों से उम्मीद की है कि वे अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पहले स्थानीय प्रशासन, रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास या राज्य सरकार को जानकारी दें। जिससे अयोध्या आने पर उन्हें कोई असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों पर मंथन भी किया था। मुख्यमंत्री के जारी निर्देशों में है कि जो श्रद्धालु दर्शन कर चुके हों, उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रहे। आवश्यकतानुसार परिवहन मंत्री रेलवे से भी समन्वय करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन कराने की जिम्मेदारी मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास को सौंपी है। कहा है कि अयोध्या की सीमा से लगे जिलों के साथ अयोध्या प्रशासन और शासन के अधिकारी अंतरराज्यीय सम्पर्क बनाए रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, आकलन करते हुए आवश्यक प्रबंध हों।

अयोध्या में बुधवार को सुबह ठंड के बीच रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

गणतंत्र दिवस पर सतर्क रहे सुरक्षा तंत्र, धार्मिक भावनाओं का न हो अपमान या तिरस्कार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस का हवाला देते हुए 26 जनवरी को सुरक्षा तंत्र को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि इस उल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में अराजक तत्व माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी गीत-संगीत, नारेबाजी या किसी भी अन्य कृत्य से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान या तिरस्कार न हो। अगर कोई विद्वेष फैलाने वाले प्रयास करता हुआ पाया जाए तो उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरतम कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री के खास निर्देश

- दर्शनार्थी कतारबद्ध हों, भीड़ न लगे, कतार चलायमान रहे।
- बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का ध्यान दें, भावनाओं का सम्मान हो
- प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए।
- सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए।
- अलाव, पेयजल, कुर्सियों की व्यवस्था रहे, मशीनीकृत सफाई हो

1 फरवरी को योगी कैबिनेट शीश नवाएगी

▸▸ भाजपा शासित राज्यों की कैबिनेट भी अलग-अलग तारीखों में पहुंचेगी अयोध्या

लखनऊ। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी रामलला के दर्शन कराने का कार्यक्रम तय हुआ है। इसको लेकर पूरा शेड्यूल बनाया गया है। राज्यों के मुख्यमंत्री अलग-अलग तरीखों में अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचेंगे। इस कड़ी में 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कैबिनेट के दर्शन करने से पूर्व 1 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पूरी कैबिनेट रामलला के दर्शन करेगी। 2 फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, 5 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, 6 को अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा कंडू, 9 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, 12 को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, 15 को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, 22 को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, 24 फरवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 4 मार्च को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी-अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने अयोध्या पहुंचेंगे।

पहले वेतन देने के लाले पड़ते थे आज हो रहा करोड़ों का निर्यात

▸▸ योगी ने की 7वें उप्र. दिवस की शुरुआत, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई

▸▸ डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव व नवीन तिवारी को मिला उप्र. गौरव सम्मान

वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : साल 2017 के पहले खराब आर्थिक स्थिति, वेतन के लाले और अव्यवस्था के तांडव का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान में उत्तर प्रदेश की तरक्की के कई उदाहरण साझा किए।

इस क्रम में उन्होंने कहा, पहले की सरकारों में उप्र. का निर्यात जहां 86 हजार करोड़ रुपये का था। वहीं आज 2 लाख करोड़ रुपये का ओडीओपी निर्यात हो रहा है। उन्होंने बताया कि, कि यहां 96 लाख एमएसएमई यूनिट क्रियाशील हैं, जिन्होंने कोरोना कालखंड में दूसरे राज्यों से वापस आए 40 लाख लोगों को रोजगार दिया। हमारी सरकार एमएसएमई यूनिट को किसी दुर्घटना या आपदा पर पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर दे रही है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अवध शिल्पग्राम से 7वें उप्र. दिवस की शुरुआत की। उन्होंने उप्र. गौरव सम्मान 2023-24 का वितरण और ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए ओडीओपी मार्ट पोर्टल भी लांच किया। उप्र. दिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ निवासी वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी को उप्र. गौरव सम्मान दिया। डॉ. ऋतु ने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन और चंद्रायन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं, कानपुर के नवीन ने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है, जो उप्र. और भारत के व्यवसायों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म से जोड़ता है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ अन्य गणमान्य रहे।

मनोज शुक्ला हत्याकांड :11 अभियुक्तों को आजीवन कारावास

● अपहरण व हत्या का आरोप, सभी पर 21,500 का जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : शहर के बहुचर्चित मनोज शुक्ला अपहरण एवं हत्याकांड में कोर्ट ने 11 अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 21 हजार 500 जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज प्रेमप्रकाश की अदालत से बुधवार को सुनाया गया। सजा सुनाए जाने के बाद सबको जेल भेज दिया गया। वादी मुकदमा को जुर्माने में से 1.10 लाख रुपये बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है।

अभियोजन पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता सईद खान व सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रवीण सिंह विकास शुक्ला व राहुल सिंह ने बताया कि धारा रोड थाना कोतवाली नगर निवासी मनोज शुक्ला 12 जून 2019 की रात 11 बजे लक्ष्मणपुरी कॉलोनी निवासी वीरेश सिंह के साथ सिविल लाइंस स्थित एक होटल में खाना खाने गए थे। वहां पर वीरेश सिंह से उनकी कहासुनी हो गई। वीरेश ने अपने भाई आशीष सिंह को बुला लिया। उसके बाद मनोज को मारा-पीटा और जबरन उसको गाड़ी में बैठाकर अगवा कर लिया। इसके बाद मनोज शुक्ला कि अपने घर में हत्या कर लाश गोंडा के समीप स्थित मसकनवा रेलवे ट्रैक पर फेंक दी। पुलिस ने लावारिस हालत में बरामद लाश का पोस्टमार्टम कराया। मनोज शुक्ला के भाई ने नगर कोतवाली में अपने भाई के अपहरण की रिपोर्ट आशीष सिंह के खिलाफ अपहरण की धारा में दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम के बाद लाश की पहचान मनोज शुक्ला के रूप में हुई। विवेचना के बाद पुलिस ने आशीष सिंह, विरेश सिंह, श्याम कुमार, विनीत कुमार पांडे, शिवम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विकास तिवारी, सोनू सोनकर, राना सिंह, अनीश पाण्डेय, श्रवण गोपाल पाण्डेय, मनुज मेहरोत्रा व अमन सिंह के खिलाफ अपहरण व हत्या की धारा में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले में सहअभियुक्त अमन सिंह का मुकदमा किशोर न्यायालय स्थानांतरित कर दिया गया। अन्य अभियुक्तों के खिलाफ सुनवाई अदालत में हुई। इस दौरान मुख्य अभियुक्त आशीष सिंह को आजमगढ़ श्रवण कुमार को बस्ती जेल भेज दिया गया। अभियोजन की तरफ से 15 गवाह और बचाव पक्ष से आठ गवाह न्यायालय में पेश किए गए। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह की बहस सुनने के बाद मनुज मेहरोत्रा पर अपराध साबित न होने पर उसे बरी कर दिया।

राहुल को हाईकोर्ट से मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें एक बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

अदालत ने राहुल गांधी, पुलिस और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की दलीलों पर गौर करने के बाद इस याचिका का निपटारा कर दिया। किसी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि 2021 में बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इस संबंध में जांच अभी जारी है। राहुल गांधी के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ को बताया कि उन्होंने उस ट्वीट को हटा लिया है, जिसमें उस नाबालिग लड़की की पहचान होती थी।

कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे एक छात्र ने छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोचिंग के गढ़ में इस साल छात्र की संदिग्ध खुदकुशी का यह पहला मामला है। ताजा घटना मंगलवार की है। पुलिस ने कोटा के न्यू राजीव गांधी नगर इलाके के एक छात्रावास के कमरे से छात्र का शव बरामद किया। जवाहर नगर क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के रहने वाले मोहम्मद जैद (19) के रूप में हुई है। वह शहर के एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों को सूचना दे दी गई है।

प. बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल कांग्रेस

इंडिया गठबंधन को झटका

▸▸ मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने किया ऐलान

▸▸ टीएमसी से सीटों के लिए भीख नहीं मांगेगी कांग्रेस : अधीर रंजन

कोलकाता, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा कि मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया।

मुख्यमंत्री ने सीटों के बंटवारे पर चर्चा को लेकर खबरों का भी खंडन किया और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। उन्होंने कहा कि अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गई है जिसको लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गई है। टीएमसी, कांग्रेस, माकपा 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। उनकी ये टिप्पणियां कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के एक दिन पहले आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने दम पर 300 सीटों पर चुनाव लड़ने दीजिए। विपक्षी गठबंधन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने के तौर पर चुनाव के बाद अपनी रणनीति पर फैसला लेंगे। भाजपा को हराने के लिए जो भी हो सकता है, हम वह करेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उन्हें राज्य में यात्रा के कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी से सीटों की भीख नहीं मांगेगी।

कार दुर्घटना में ममता के माथे में लगी चोट

बर्द्धमान। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे में बुधवार को यहां उस समय चोट लग गई जब उनकी कार को एक अन्य वाहन से टकराने से बचाने के लिए अचानक रोकना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ममता बनर्जी कार में आगे, चालक के बगल में बैठी थीं और उनका माथा सामने के शीशे से टकरा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कोलकाता लाया जा रहा है जहां डॉक्टर उनका इलाज करेंगे। ममता एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पूर्वी बर्द्धमान गई थीं।

'आप' भी पंजाब में अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) सभी सीटों पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मान ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि पंजाब में हमारा कांग्रेस से कुछ भी नहीं है। 'आप' पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी। देश में पंजाब बनेगा हीरो।

एक नजर

आईपीएस अभिषेक गोयल बने ईडी के विशेष निदेशक

अमृत विचार, लखनऊ : आईपीएस अभिषेक गोयल प्रवर्तन निदेशालय में विशेष निदेशक नियुक्त किये गये हैं। वह कर्नाटक कैडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। दूसरी ओर आईपीएस हिमांशु कुमार को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में तैनात किया गया है। वह अभी तक 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद (पुलिस अधीक्षक विशेष ड्यूटी एसआईटी मणिपुर) में कार्यरत थे।

गेहूं की खरीद अवधि में किया गया बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं की खरीद अवधि में बदलाव किया गया है। इसमें अब एक अप्रैल की जगह 15 मार्च से खरीद शुरू की जाएगी। शासन द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 150 रुपये की बढ़ोतरी की है, समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

राज्यपाल से मिले क्राफ्टरूट से जुड़े कारीगर

अमृत विचार, लखनऊ : देशभर के क्राफ्टरूट से जुड़े सौ से अधिक कारीगरों ने बुधवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। कुछ कारीगरों ने स्नेह और श्रद्धा के साथ राज्यपाल को हस्तनिर्मित सामान भेंट किया। राज्यपाल ने कारीगरों से उनके व्यवसाय सम्बन्धी, कार्य में प्रगति, आर्थिक उपार्जन से सक्षमता वृद्धि आदि की जानकारियां भी लीं। कारीगरों से वार्ता करते हुए राज्यपाल ने उनकी प्रशंसा भी की।

रालोद ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्हें भारत रत्न दिए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल, मनोज सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी समेत तमाम पदाधिकारियों ने ने माल्यार्पण कर कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी।

समितियों में 767 .78 अरब का गबन दबाए है विभाग

2010 के पहले से हो रही खरीद-बिक्री और ऋण वितरण में धांधली, ऑडिट में पकड़ा गोलमाल

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

एक्सक्लूसिव

▸▸ गबन, गंभीर अनियमितता व दुर्विनियोग के 38,292 मामले वसूली नहीं कर पाए विभाग

अमृत विचार : सहकारिता अनुभाग में 767.78 अरब रुपये का गोलमाल दबा है। इसमें 2010 के पहले से गबन, गंभीर अनियमितता व दुर्विनियोग के कुल 38,292 मामले (प्रस्तर) हैं। जिन्हें सहकारी समितियां एवं पंचायत (लेखा परीक्षा) ने पिछले वर्ष तक सहकारी समितियां, दुग्ध डेयरी, गन्ना व चीनी मिलें, आवास समितियां, ग्रामीण आवास, मत्स्य समितियां व उद्योग बुनकर की कुल 17,419 समितियों के ऑडिट में पकड़े हैं। मनमानी इस कदर है कि हर वर्ष मिले करोड़ों के गबन की संबंधित विभाग वसूली नहीं कर पाए हैं और यह मामले ऑडिट की फाइलों तक सीमित हैं। इन समितियों में मुख्य रूप से व्यवसाय के नाम पर खरीद-बिक्री और किसानों को ऋण वितरण में जमकर धांधली हुई है। ऑडिट में पुष्टि होने के बाद कार्रवाई न होना बड़ा सवाल है।

पंचायतों में भी 421.91 अरब वसूलना बाकी

ग्राम पंचायतें भी विकास के नाम पर धांधली करने में पीछे नहीं हैं। 2012 से अब तक अरबों रुपये का गबन ऑडिट में पकड़ा गया है और वसूली भी विभाग ने की है। फिर भी 41588 प्रस्तर में 421.91 अरब रुपये पंचायती राज विभाग को वसूलना बाकी है। यहां त्वरित कार्रवाई न होकर प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद होती है। इस कारण वसूली नहीं हो पाती है।

ऑडिट में आनाकानी, नहीं देते अभिलेख

अभिलेख न मिलने के कारण समितियों का 100 प्रतिशत ऑडिट करना लेखा परीक्षा विभाग के लिए मुश्किल रहता है और आनाकानी के कारण यह प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें गन्ना समितियों की स्थिति ज्यादा खराब बताई जाती है। इन्हीं अव्यवस्थाओं के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 में सिर्फ 4403 समितियों का ऑडिट हो पाया है।

1954 की ज्यादातर समितियां कर्ज में डूबकर हो गईं बंद

इनमें कई समितियां 1954 के आसपास की हैं। कई बंद हो चुकी हैं तो अधिकांश के अभिलेख नहीं हैं। वहीं, धांधली के कारण सैकड़ों समितियां कर्ज में डूबकर बंद हो गई हैं तो बहुत सी कर्जदार हैं। कार्रवाई के लिए समितियों में गबन के मामले पटल पर रखने का प्रावधान नहीं है। इसलिए वसूली करना मुश्किल है। ऐसे में ऑडिट का भी कोई महत्व नहीं है।

पार्टी मुख्यालय में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव, साथ में अन्य।

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलना सामाजिक न्याय के आंदोलन की जीत : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ सहित विभिन्न जिलों में बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कर्पूरी ठाकुर के संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। यहां अखिलेश यादव ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिए जाने की घोषणा सामाजिक न्याय के आंदोलन की जीत है, जो यह दर्शाती है कि सामाजिक न्याय व आरक्षण के परम्परागत विरोधियों को भी मन मार कर अब पीडीए के 90 प्रतिशत लोगों की एकजुटता के आगे झुकना पड़ रहा है। अखिलेश यादव ने मांग की कि सामाजिक न्याय के पुरोधाओं डॉ. राममनोहर लोहिया, बीपी मंडल, चौधरी चरण सिंह, मुलायम सिंह यादव को भी भारत रत्न दिया जाए। कार्यक्रम में राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, अरविन्द कुमार सिंह, मनोज पाण्डेय, राकेश वर्मा, पवन पाण्डेय, गौरव रावत, उदयवीर सिंह, राकेश गुड्डू, संजय सविता विद्यार्थी, राम औतार सैनी, धीरेन्द्र सिंह सोलंकी आदि ने भी कर्पूरी ठाकुर को नमन किया।

अस्पतालों में अब इलाज के दौरान नहीं होगी दिक्कत

एक ही इलाज के लिए मरीजों को कई दिन सरकारी अस्पताल में नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर, आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों को दिक्कतें नहीं आएंगी। एक ही इलाज के लिए मरीजों को कई दिन अस्पताल में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पतालों में ओपीडी टाइम दो बजे तक पैथोलॉजी में सैंपल लिए जाएंगे और यथा संभव रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि ओपीडी में आने वाले मरीजों को एक ही दिन में पूरा इलाज उपलब्ध हो सके। इस संबन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने सभी अस्पताल के प्रभारियों को आदेश जारी किये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने आदेश में स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी में 12 बजे तक ही खून के सैंपल लिए जाते हैं, जिसकी वजह से दो बजे तक ओपीडी में उपचारित मरीजों को अगले दिन सैंपल देने और उसके अगले दिन रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आना पड़ता है, जिसकी वजह से संपूर्ण इलाज प्राप्त करने में तीन दिन व्यतीत हो जाते हैं। मरीजों की दिक्कतों को दूर करने के लिए हर अस्पताल की पैथोलॉजी में दो बजे तक सैंपल लेने के साथ ही एक्स-रे की सुविधा प्रदान की जाए और यथासंभव जांचों की रिपोर्ट भी उसी दिन दी जाए। शासन के निर्देश को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने, सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं अस्पताल के प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

पोस्टमार्टम में लापरवाही बरतने वाले दो डॉक्टर निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : बदायूं में पोस्टमार्टम के बाद शव की आंखें गायब होने के मामले में तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के बाद पोस्टमार्टम करने वाले दोनों डॉक्टर भी निलंबित कर दिए गए हैं। साथ ही दोनों डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर बुधवार को दोनों डॉक्टरों को निलंबित कर अपर निदेशक कार्यालय बरेली से संबद्ध कर दिया गया है।

मामला 10 नवम्बर, 2023 का है। बदायूं के थाना अलापुर के कुतरई गांव निवासी पूजा की ससुराल वालों ने दहेज न मिलने पर हत्या कर दी थी। पिता गंगाचरण ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। डॉ. मोहम्मद उबेश एवं डॉ. मोहम्मद आरिफ हुसैन की संयुक्त टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद जब परिजनों ने शव का बैग खोला तो पूजा की दोनों आंखें गायब थीं। जिसके बाद परिवारीजनों ने पोस्टमार्टम में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से संबन्धित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप वाष्णेय को निलंबित कर स्वास्थ्य महानिदेशालय में सम्बद्ध किया कर दिया था। मामले की जांच के निर्देश दिए थे, जांच रिपोर्ट में लापरवाही उजागर होने पर उन्होंने दोनों डॉक्टरों को निलम्बित करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिये हैं।

धमकी देने वाले डॉक्टर के खिलाफ अभियोजन की संस्तुति

अमृत विचार, लखनऊ : अस्पताल में कर्मियों से अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी देने वाले महोबा में खरेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) के आरोपी डॉ. राजेश कुमार वर्मा के खिलाफ अभियोजन चलाया जाएगा। यह स्वीकृति उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को दी है। डॉ. राजेश पर जैतपुर सीएचसी में तैनाती के दौरान कई असंवैधानिक कृत्यों में संलिप्त रहने के आरोप हैं। साथ ही सहकर्मी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फोन पर दुर्व्यवहार किया एवं धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित कार्मिक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद जांच हुई। विभाग की जांच में सभी आरोप सही पाये गये।

गांवों में बिजली आपूर्ति में पश्चिमांचल निगम फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केंद्र सरकार की अध्ययन रिपोर्ट में हुआ खुलासा

अमृत विचार : गांवों में बिजली आपूर्ति के मामले में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम पूरे देश में फिसड्डी साबित हुआ है। केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) की ओर से जारी अध्ययन रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

प्रदेश में लगभग तीन करोड़ 30 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में ही केवल 80 प्रतिशत उपभोक्ता हैं। आरईसी ने वर्ष 2022-23 में ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति के घंटों का अध्ययन किया, जिसमें पश्चिमांचल विद्युत वितरण कंपनी देश की सबसे कम बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनी पाई गई है। मध्यांचल विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 17.61 घंटे, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 18.57 घंटे, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम 19.11 घंटे व प्रदेश की निजी घराने की नोएडा पावर कंपनी 19.16 घंटे ही बिजली आपूर्ति कर पाई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरईसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सबसे ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम बिजली आपूर्ति करने वाली गुजरात बिजली कंपनी है। इस कंपनी के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में 23.92 घंटे बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया गया है, वहीं देश में 19 बिजली कंपनियां औसत से नीचे व 35 बिजली कंपनियां औसत बिजली आपूर्ति से ऊपर रहीं।

सांस्कृतिक व आर्थिक प्रगति में यूपी की अग्रणी भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र. दिवस पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई, योगी ने जताया आभार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को एक्स के माध्यम से बधाई दी। राष्ट्रपति लिखा कि उप्र. दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश में सबसे अधिक आबादी वाला यह राज्य भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि, उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. निरंतर प्रगति और प्रतिष्ठा के पथ पर अग्रसर है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र. में रामराज्य की स्थापना की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

लोक नृत्य और प्रदर्शनी का आयोजन

लखनऊ : राजधानी के अवध शिल्प ग्राम में आयोजित उप्र. दिवस कार्यक्रम में एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही बुंदेलखंड, अवध, पूर्वांचल एवं ब्रज क्षेत्र के कलाकारों ने राम पर लोक गायन प्रस्तुत किया। इसके अलावा श्रीरामोत्सव-2024 के अंतर्गत भक्ति संगीत भी आयोजित हुआ। यहां शिल्प मेला एवं विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई।

सवा लाख जोड़ों ने सामूहिक विवाह के लिए किया आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश के 75 जिलों से 1 लाख 22 हजार जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया है। अभी तक 51 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अक्टूबर में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिलों में शिविर भी लगाए गए थे। नवंबर के अंतिम सप्ताह से विवाह समारोह शुरू हो गए थे। इस बार प्रदेश में एक लाख से अधिक सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया था। अभी तक 51 हजार ऑनलाइन और ऑफलाइन विवाह कराए जा चुके हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फरवरी तक विवाह कराए जाएंगे।

कांशीराम को भी मिले भारत रत्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मायावती ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का किया स्वागत

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी संस्थापक रहे कांशीराम को भी भारत रत्न दिया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने का स्वागत किया।

बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश में खासकर अति-पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष कर उन्हें सामाजिक न्याय व समानता का जीवन दिलाने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर को 100वीं जयंती पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे देश के ऐसे महान व्यक्तित्व कर्पूरी ठाकुर को देर से ही सही अब भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत है। उन्होंने देश के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए उनके परिवार व सभी अनुयाइयों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

छह जिले फाइलेरिया से होंगे मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अंबेडकरनगर, जालौन, मऊ, भदोही, चित्रकूट और महोबा की रिपोर्ट मिली सकारात्मक

▸▸ 10 फरवरी से 17 जिलों में चलेगा एमडीए राउंड

अमृत विचार : छह जिले अंबेडकरनगर, जालौन, मऊ, भदोही, चित्रकूट और महोबा भी फाइलेरिया मुक्त हो जाएंगे। इन जिलों में पिछले साल फरवरी में सर्वजन दवा सेवा (एमडीए) राउन्ड के बाद नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) हुआ। सकारात्मक रिपोर्ट मिलने के बाद प्रस्तावित एमडीए राउन्ड में इन जिलों को बाहर कर दिया गया है। फाइलेरिया मुक्ति के लिए 10 फरवरी से 17 जिलों में अभियान चलेगा। अभियान संचालित जिलों में अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, हमीरपुर, जौनपुर, जालौन, लखनऊ, पीलीभीत, शाहजहांपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, उन्नाव और वाराणसी हैं।

संयुक्त निदेशक, फाइलेरिया डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बुधवार को बताया कि स्वास्थ्य टीम और फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत यह टीम घर-घर जाकर अपने सामने दवा खिलाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले साल फरवरी में 18 जिलों में अभियान चला था। इनमें से सर्वे रिपोर्ट के आधार पर छह जिले निकाल दिए गए हैं, जबकि जौनपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, उन्नाव और वाराणसी नए जिले जोड़े गए हैं।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस बार के एमडीए राउन्ड में बाहर होने वाले छह जिलों में अब ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टास) किया जाएगा। इसमें भी नेगेटिव रिपोर्ट आने पर जिलों को पूरी तरह फाइलेरिया मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में फाइलेरिया प्रभावित 50 जिले हैं। जिनमें लिम्फोडिमा के 95 हजार 97 मरीज हैं। इसमें 24 हजार 207 मरीज हाइड्रोसील के हैं।

यहां कराया जाएगा दवा का ट्रिपल सेवन

डॉ. रमेश सिंह ने बताया कि इस बार कुल 17 जिलों में कुल 10 जिलों में ट्रिपल ड्रग और सात जिले में डबल ड्रग का सेवन कराएंगे। अमेठी, आजमगढ़, बांदा, बाराबंकी, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, प्रयागराज, उन्नाव और वाराणसी में ट्रिपल ड्रग का सेवन कराया जाएगा। जबकि बलिया, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर और सोनभद्र में डबल ड्रग का सेवन कराया जाएगा।

अस्पतालों में ठंड से बचाव के हों इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और संस्थानों में मरीज और तीमारदारों को शीतलहर से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि भर्ती मरीजों के लिए वार्डों में ब्लोवर और हीटर लगाये जाएं। यदि मरीज ठंड की शिकायत कर रहे हैं तो उन्हें मांग के हिसाब से कंबल उपलब्ध कराएं। इसी तरह रैन बसेरे में तीमारदारों के लिए गद्दे और कंबल का इंतजाम करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि तीमारदारों को ठंड से बचाने के लिये परिसर में अलाव का इंतजाम करें। रैन बसेरा, ओपीडी ओर इमजरेंसी के आसपास अलावा जलवाये जाएं। ताकि रात में तीमारदार, एम्बुलेंस ड्राइवर आदि राहत की सांस ले सकें। अस्पतालों में दूरदराज से तीमारदार आते हैं। इनके ठहरने के बेहतर इंतजाम किये जाएं। ठंड से बचाने के लिए कंबल और गद्दे की पर्याप्त व्यवस्था की जाये।

अधिकारी नियमित राउंड लें : ब्रजेश पाठक

ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पताल के अधिकारी, प्रिंसिपल व अन्य अधिकारी सुबह शाम राउंड लें। कंबल, गद्दे और अलाव देखें। यदि किसी वार्ड में खिड़की दरवाजे टूटे हैं तो उसे तुरंत दुरुस्त करायें।

जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं: नंदी

अमृत विचार, लखनऊ : औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ यह एकदम स्पष्ट होता जा रहा है कि इंडी गठबंधन केवल और केवल नकारात्मकता व नफरत की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। जनता द्वारा सिरे से नकार दी गई पार्टियां अपने-अपने परिवार का राजनीतिक अस्तित्व बचाने को लेकर एकजुट हुई हैं। न कोई नेता, न कोई एजेंडा, न कोई जनहित की बात। बस एक बात पर इन सबकी आम सहमति है और वह है हिन्दू आस्था पर चोट करना, सनातन को अपमानित करना और रामभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना।

सक्रियता | मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वरिष्ठ अफसरों को दिए निर्देश

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी में सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी में जुट गई है। फरवरी में होने वाली सेरेमनी को सफल बनाने के लिए औद्योगिक विकास विभाग के अफसरों को निर्देश दिये गये हैं।

इस सिलसिले में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को योजनाबद्ध ढंग से काम करने के निर्देश दिये हैं। इन अफसरों से कहा गया है कि जीबीसी के लिये जो भी लक्ष्य जिलों को दिये गये हैं, उससे अधिक प्रस्तावों को जीबीसी के लिये तैयार कराने का प्रयास करें। साथ ही, उद्यमियों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराएं। उद्यमियों को भूखंड उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलों में विशेष अभियान चलाया जाए। जारी निर्देश में अफसरों से कहा गया है कि जिन क्षेत्रों में अधिक संभावनाएं हैं, वहां विशेष प्रयास कर नये समझौता ज्ञापन कराने का प्रयास किया जाए। इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों से कहा गया है कि उद्यमी मित्र के अलावा वेरीफिकेशन कार्य के लिये किसी अन्य को भी अधिकृत किया जाए, ताकि वेरीफिकेशन का कार्य समय से पूरा हो जाए।

नौजवानों को मिलेगी प्रदेश में ही नौकरी

बीते माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कहा था कि ग्लोबल इन्वेटर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इन्वेस्टर्स समिट हर जगह होते थे, पर प्रदेश ने इस दिशा में एक बड़ी लकीर खींच दी है। आज देश दुनिया के निवेशक यूपी में आना चाहते हैं। इन्वेस्टर्स समिट से मिले निवेश से 1 करोड़ 10 लाख नौजवानों को सीधे सीधे उत्तर प्रदेश में नौकरी मिलेगी। प्रदेश के नौजवानों को नौकरी ढूंढ़ने के लिए कहीं जाना नहीं होगा, बल्कि दुनिया उप्र नौकरी ढूंढने आएगी।

अगले माह फिर आयोजित होगा रोजगार मेला

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 4.0) के तहत दो लाख लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों को जोड़े जाने के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि 2858 आईटीआई, 472 पॉलीटेक्निक, 82 इंजीनियरिंग कॉलेज को पंजीकृत कर लक्ष्य आवंटित किया जा चुका है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए प्रशिक्षण केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं।

पहले चरण में 13 लाख करोड़ के निवेश की तैयारी

सेरेमनी के पहले चरण में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं। निवेश के मामले में टॉप 10 कंपनियों की चर्चा है। इसमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको आदि हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में साइकिल रैली को हरी झंडी दिखातीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

राजभवन में रक्तदान शिविर व साइकिल रैली आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में रक्तदान शिविर व साइकिल रैली का आयोजन हुआ। किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में राजभवन कर्मियों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 64 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. तूलिका चंद्रा आदि शामिल हुईं। बाद में फिट इंडिया के तहत राजभवन परिसर से साइकिल रैली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। राजभवन में बुधवार को प्रदेश का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इससे पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने संस्कृति विभाग की ओर से लगी प्रदेश की विविधताओं को दर्शाती प्रदर्शनी व रंगोली का अवलोकन किया।

सार-संक्षेप

ओलावृष्टि से प्रभावित 1250 किसानों को मिलेंगे 66 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने ओलावृष्टि से फसलों के होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए कृषकों के लिए इस वित्तीय वर्ष में 65 लाख 75 हजार 178 रुपये की धनराशि स्वीकृति की है। इस संबंध में बुधवार को शासनादेश जारी किया गया है। यह धनराशि 1250 कृषकों में वितरित होगी। यह जानकारी राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने दी है।

उप्र स्थापना दिवस पर पूर्व राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फोन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के कारण संपूर्ण विश्व उत्तर प्रदेश की ओर आकृष्ट हुआ है। मंदिर स्थापना से आज के स्थापना दिवस के आनंद की कोई परिसीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि सदियों से प्रतीक्षित राम मंदिर बन गया है। अब वह दिन भी दूर नहीं, जब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में रामराज की अनुभूति होगी।

समय से पूरा किया जाए निर्माण कार्य : मुख्य सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर में निर्माण कार्य समय से पूरे किये जाएं। मुख्य सचिव बुधवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 18वीं बोर्ड बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर के विकास के सम्बन्ध में प्रगति को प्रस्तुत किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की प्रगति की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और कार्य को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर, निदेशक नागरिक उड्डयन कुमार हर्ष, सचिव वित्त अम्मार रिजवी आदि मौजूद रहे।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- फरीदी नगर स्थित चंदन विहार कालोनी में चित्रगुप्त सभा की ओर से चित्रांश महिला सम्मेलन - 11.30 बजे।
- बालागंज स्थित हरिनगर के रामदुलारी मंडप में नीना मेमोरियल फिल्म एंड नाट्य कला रंग मंच की ओर से नौटंकी टोटकी का प्रस्तुतिकरण - 1:00 बजे।
- भारत हस्तशिल्प महोत्सव के तहत कांशीराम स्मृति उपवन (आशियाना) में सांस्कृतिक कार्यक्रम - 2.00 बजे।
- जानकीपुरम स्थित भुइयन देवी मंदिर के पास दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन - 2:00 बजे।

धूप ने दी कुछ राहत, न्यूनतम पारा 3 डिग्री चढ़ा

न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री से 6.5 डिग्री सेल्सियस हुआ, मौसम वैज्ञानिक बोले- अभी खास राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बुधवार को निकली धूप राहत लेकर आई, सर्द हवाओं के बावजूद न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई। ऐसे में आमजन ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग के वैज्ञानिक का कहना है कि यह राहत कुछ समय के लिए है, अभी सर्द हवाओं और कोहरे की स्थिति बनी रहेगी।

लखनऊ में मंगलवार सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री तक पहुंच गया। रात में बढ़ते कोहरे को देखकर यहीं संभावना लग रही थी कि आगामी दिन मौसम और बिगड़ेगा। लेकिन बुधवार को धूप निकलते ही तापमान में वृद्धि होनी लगी। ऐसे में न्यूनतम तापमान बढ़कर 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि मौसम विभाग इसे स्थायी नहीं मान रहा। वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, आने वाले दिनों में गलन और कोहरा बना रहेगा।

लखनऊ और उससे लगे जनपदों में मौसम विभाग ने कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि तेज सर्द हवाएं अभी दो दिनों तक जारी रहेंगी। इस कारण तापमान में खास परिवर्तन होने की संभावनाएं कम हैं।

बुधवार को दिन में निकली धूप ने लोगों को ठंड से कुछ राहत दी। इसी क्रम में राजधानी के हजरतगंज क्षेत्र में बदले मौसम के बीच गुनगुनी धूप का आनंद लेतीं युवतियां।

दृश्यता में मामूली बदलाव

लखनऊ में दृश्यता में मामूली सुधार आया है। धुंध हटने से दृश्यता शून्य से बढ़कर 50 और 200 तक पहुंच गई। ऐसे में वाहन चलाने वालों को खासी राहत मिली।

शीतलहर की संभावनाएं

शीतलहर की संभावनाएं फिर बढ़ी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ के निकट जनपद सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बहराइच और शाहजहांपुर जनपदों में शीतलहर की संभावनाएं बढ़ी हैं।

लखनऊ, हरदोई, सीतापुर का तापमान एकसमान

लखनऊ के अलावा हरदोई और सीतापुर जनपद का तापमान भी एक जैसा रहा। तीनों जनपदों में न्यूनतम पारा 3 .5 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं, बाराबंकी और लखीमपुर खीरी का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

खराब मौसम के कारण मुंबई से आने वाली उड़ान डायवर्ट

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

अमृत विचार : खराब मौसम के कारण विमान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कोहरे के कारण विमान को डायवर्ट करना पड़ रहा है। मुंबई से लखनऊ जाने वाली एक उड़ान को डायवर्ट कर दिया गया। जबकि दो उड़ानें रद की गईं और आधा दर्जन से अधिक विलंब से उड़ान भर सकीं।

मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 खराब मौसम के चलते काफी देर तक आसमान में चक्कर काटती रही। बाद में उसे दिल्ली के लिए डायवर्ट कर दिया। वहीं, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 को रद कर दिया गया। साथ ही लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 7741 को भी रद कर दिया गया। दूसरी ओर, दुबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 194 रात 12:55 के बजाय सुबह 5:02 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। मस्कट से लखनऊ आने वाली ओमान एयरलाइंस की उड़ान संख्या डब्ल्यूवाई 265 अपने निर्धारित समय सुबह 5:35 के बजाय दोपहर 12:51 पर पहुंची। चंडीगढ़ से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6 ई 146 अपने निर्धारित समय सुबह 8:15 के बजाए दोपहर 1:28 पर पहुंची। मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 625 दोपहर 1:20 के बजाए 2:45 पर पहुंची।

- दो उड़ानें निरस्त, आधा दर्जन से अधिक विमान सेवाएं विलंब से
- यात्रियों को हो रही परेशानी, कई ने टिकट कैंसिल कराया

लखनऊ से मस्कट जाने वाली ओमान एयरलाइंस की उड़ान संख्या डब्ल्यूवाई 266 सुबह 6:55 के बजाए दोपहर 2:08 पर रवाना हुई। लखनऊ से इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7935 सुबह 8:50 के बजाय दोपहर 3:19 पर रवाना हुई। वहीं, लखनऊ से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 146 सुबह 9:05 के बजाय दोपहर 2:20 पर उड़ान भर सकी। लखनऊ से पटना जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6902 सुबह 9:25 के बजाय दोपहर 1: 23 पर रवाना हुई। लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5241 दोपहर 1:50 के बजाय 2:55 पर रवाना हुई और लखनऊ से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 626 दोपहर 2:00 बजे के बजाय 3:48 पर उड़ान भर सकी।

चिनहट इलाके में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : एलटी लाइनों के जर्जर तारों को बदलने के चलते ट्रांसगोमती के चिनहट और आसपास के इलाकों में गुरुवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। चिनहट फीडर के एलटी लाइनों और सब स्टेशन कमता में मेंटीनेंस कार्य को किया जाना है। जिसके कारण कमता से जुडे.क्षेत्रों सहित चिनहट क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता चिनहट ने दी।

एक नजर

गांवों में बनेंगे सामुदायिक केंद्र, मांगे प्रस्ताव

अमृत विचार, लखनऊ : जिले के अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में सामुदायिक केंद्र बनेंगे। निर्माण समाज कल्याण विभाग कराएगा। इसके लिए सभी खंड विकास अधिकारी से प्रस्ताव मांगे गए हैं। समाज कल्याण विभाग की अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में सामुदायिक केंद्र बनाने की योजना है। यह केंद्र 25 से 50 फीसद तक अनुसूचित जाति आबादी वाले गांवों में बनेंगे। निर्माण 500 वर्ग मीटर में कराया जाएगा। गांव में सामुदायिक केंद्र बनने से वहां रहने वाले ग्रामीण विवाह व अन्य समारोह करेंगे। देखरेख भी समाज कल्याण विभाग द्वारा की जाएगी। गांवों के साथ जमीन का चयन करने के लिए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सभी खंड विकास अधिकारी से प्रस्ताव मांगे हैं। 50 लाख रुपये निर्माण की लागत रखी गई है। इस अनुसार एस्टीमेट तैयार किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) मनोज शुक्ला ने बताया कि बीकेटी ब्लॉक से प्रस्ताव आया गया है। बाकी से मांगा गया है। गांव में सामुदायिक केंद्र बनने से ग्रामीणों को कार्यक्रम के लिए गांव में इधर-उधर या फिर बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

बाजार गईं दो किशोरियां हुईं लापता, अपहरण की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनजान नंबर से युवक परिजन को दे रहा धमकी
- कृष्णानगर पुलिस किशोरियों की तलाश में जुटी

अमृत विचार : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नटखेड़ा में घर से साप्ताहिक बाजार के लिए निकलीं दो सहेलियां रहस्यमयी ढंग से लापता हो गईं। किशोरियों की तलाश में खोजबीन कर रहे परिजन के पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने गुमशुदा किशोरी के पिता को धमकी दी। अपहरण की आंशका के मद्देनजर पीड़ित पिता ने संबंधित थाने में फोनकर्ता के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के मुताबिक, मूलरूप से माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत मवईखुर्द गांव निवासी पीड़ित नटखेड़ा में सपरिवार रहता है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 20 जनवरी को उनकी बेटी (17), रिश्तेदार की बेटी (18) के साथ साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गई थी। उसके बाद से दोनों ही घर नहीं लौटीं। उनकी खोजबीन में परिजन परिचितों, रिश्तेदारों के घर जाकर पूछताछ करने लगे। बावजूद इसके उनका कहीं पता नहीं लगा। पीड़ित ने बताया कि इसी बीच उनके मोबाइल पर अनजान नम्बर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद का परिचय आशीष के रूप में देते हुए धमकी दी। पीड़ित का कहना है आरोपी उनकी बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस की मदद से धमकी देने वाले शख्स की लोकेशन खंगाली जा रही है। जल्द ही किशोरियों को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

अकबर नगर में ध्वस्तीकरण पर रोक बढ़ी

विधि संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अकबर नगर में ध्वस्तीकरण पर लगी रोक को 7 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों ने ध्वस्तीकरण के खिलाफ याचिकाएं अथवा हस्तक्षेप प्रार्थना पत्र दाखिल किए हैं, उन्हें ही 7 फरवरी के बाद ध्वस्तीकरण पर रोक का लाभ मिलेगा। न्यायालय ने कहा कि अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से प्रभावित व्यक्ति यदि चाहें तो 7 फरवरी तक कोर्ट आ सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने अकबर नगर के निवासियों की ओर से दाखिल 11 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति के आदेश से एकल पीठ व खंडपीठ के समक्ष विचाराधीन सभी याचिकाएं इस खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई हैं। वहीं सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों की ओर से जवाबी हलफनामा भी दाखिल किया गया। उल्लेखनीय है कि अकबर नगर में ध्वस्तीकरण के खिलाफ याचियों की ओर से दलील दी गई है कि 40-50 सालों से वे उस स्थान पर कब्जे में हैं और तब यूपी अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट, 1973 लागू भी नहीं हुआ था लिहाजा उक्त कानून के तहत याचियों को बेदखल करने की कार्रवाई नहीं की जा सकती। वहीं राज्य सरकार और एलडीए की ओर से दलील दी गई है कि याचीगण विवादित संपत्तियों पर

- कहा, याचिकाएं दाखिल करने वालों को ही मिलेगा ध्वस्तीकरण पर रोक का लाभ

21 दिसम्बर को लगी थी ध्वस्तीकरण पर रोक

एकल पीठ ने 21 दिसम्बर 2023 को मामले पर सुनवाई करते हुए ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि याचियों समेत तमाम लोग प्रश्नगत क्षेत्र में बिना किसी स्वामित्व के कब्जे में हैं, समय बीतने के साथ वे कब्जे में रहे और वहां नगर निगम की सुविधाएं और सरकारी सड़कें भी पहुंची। न्यायालय ने पाया कि कुछ लोगों से तो नगर निगम बकायदा कर भी वसूल रही है और वहां एक सरकारी स्कूल भी है। न्यायालय ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि याची अपना स्वामित्व सिद्ध करन पाने में अब तक असफल रहे हैं लेकिन उन्होंने अपना कब्जा सिद्ध किया है भले ही वह अनाधिकृत कब्जा है।

किसान की हत्या कर कार सवार फरार

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

- खेत पर फसल की सिंचाई कर रहा था किसान
- पिता ने पांच के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : मलिहाबाद क्षेत्र में खेत पर फसल की सिंचाई कर रहे किसान को थार (कार) सवार हमलावर धारदार हथियारों से मरणासन्न कर भाग निकले। परिजन आनन-फानन उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने एक नामजद व करीब पांच अज्ञात के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना अंतर्गत ग्राम जमोलिया निवासी राजेश कुमार (45) का गोसवा रेलवे फाटक के समीप खेत है। पिता जगदेव के अनुसार, बुधवार सुबह राजेश खेत पर गया था। लगभग 8 बजे चार पहिया थार वाहन नंबर यूपी-32 एमयू 2912 से चार से पांच हमलावर धारदार हथियारों से लैस होकर पहुंचे। बेटा कुछ समझ पाता इससे पहले ही दौड़ा- दौड़ा कर उसे धारदार हथियारों से हमला कर मरणासन्न हालत में सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी परिजन को दी। मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन राजेश को लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर गाड़ी चालक सहित चार से पांच लोगों पर हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक राजेश के पिता जगदेव ने थाने में दी तहरीर में गोसवा गांव निवासी राहुल नामक युवक और 4 से 5 अज्ञात पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है।

> घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक प्रत्यक्षदर्शी था। प्राथमिक पूछताछ में उसने बताया कि थार गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ। ग्राम प्रधान ने भी हादसे की बात कही। गाड़ी और चालक को हिरासत में लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-राहुल राज, डीसीपी, पश्चिम**

जमीन का टुकड़ा बना घटना का कारण

जगदेव का गोसवा रेलवे फाटक के समीप खेत है। इसी के बगल में आरोपी राहुल के दादा रामदास का भी खेत है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच खेत की जमीन को लेकर कई बार विवाद हो चुका था। छह माह पहले जब विवाद हुआ था, तब ग्रामीणों ने दोनों पक्षों के साथ बातचीत कर सुलह समझौता करा दिया था। दो माह पहले फिर से विवाद हुआ। तब लेखपाल को बुलाकर जमीन की पैमाइश करायी गयी, लेकिन दोनों पक्ष संतुष्ट नहीं थे। उक्त जमीन पर दोनों पक्ष अपनी-अपनी कब्जेदारी बता रहे थे। इसी को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। दो से तीन बीघा जमीन को लेकर विवाद बताया जा रहा है।

नगर निगम ने दुर्बल आय वर्ग के लिए खोला भवनों का पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम ने निर्बल आय वर्ग के लिए बुधवार को पारा आवासीय योजना का पंजीकरण खोल दिया। 24 जनवरी से 23 फरवरी तक आवास के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत सदरौना रोड, मुन्नू खेड़ा, गोकुल ग्राम आवास योजना में जी प्लस थ्री प्रकार के आवास निर्माणाधीन हैं। एक वर्ष में निर्माण एवं विकास कार्य पूरा करके कब्जा दे दिया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार श्रीवास्तव हॉल में योजना के पंजीकरण की लांचिंग की।

महापौर ने बताया कि कुल 12,788 वर्गमीटर क्षेत्रफल भूमि पर जी प्लस थ्री प्रकार के 264 ईडब्ल्यूएस भवन बनाने का प्रस्ताव है। 356 वर्गफिट के आवास में एक हॉल, एक बेडरूम के साथ रसोईघर, टॉयलेट सहित बालकनी रहेगी। आवास की लागत 6.12 लाख रुपये है। जिसमें 1.50 लाख रुपये केंद्र और एक लाख रुपये राज्य का अंशदान है। लाभार्थी को 3.62 लाख रुपये देने होंगे। इसमें 12,000 रुपये कार्पस फंड शामिल है।

5,000 रुपये देकर करा सकेंगे पंजीकरण : महापौर ने बताया कि इच्छुक लाभार्थियों को समस्त प्रपत्रों की स्कैन कॉपी के साथ पंजीकरण अवधि में ऑनलाइन आवेदन करते हुए 5,000 रुपये पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। सफल पाये जाने पर लाभार्थी की पंजीकरण धनराशि को कुल देय धनराशि में समायोजित कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी एवं आवेदन करने के लिए नगर निगम लखनऊ की वेबसाइट lmc.up.nic.in पर 25 जनवरी से लिंक उपलब्ध रहेगा। पंजीकरण कराने के लिए ई मेल आईडी nnleezone6@gmail.Com पर लिंक प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में मोबाइल नंबर 8318970618, 7905537279, 8810721574 एवं 8810721520 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नगर निगम के राजकुमार हॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पंजीकरण की लांचिंग करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य।

पात्रता के लिए अधिकतम तीन लाख होनी चाहिए आय

दुर्बल आय वर्ग श्रेणी के भवनों की पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय अधिकतम आय तीन लाख रुपये होनी चाहिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत आवास आवंटित किए जाने के लिए शासनादेश में वर्णित नियम के अनुसार अनसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यागंजन, विधवा/एकल महिला, उभयलिंगी, अल्प संख्यक, वरिष्ठ नागरिकों को नियमानुसार आरक्षण दिया जाएगा।

बैठक

कैसरबाग से छोटा इमामबाड़ा तक बनेगा हेरिटेज कॉरिडोर, मंडलायुक्त ने की स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा

अंदाज-ए-अवध में दिखेगी लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अंदाज-ए-अवध में लखनऊ की नफासत, जायका और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इसके लिए कैसरबाग से लेकर छोटा इमामबाड़ा तक हेरिटेज कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। कॉरिडोर में आने वाले सरकारी व निजी भवनों की बाउंड्रीवाल को थीम के आधार पर एक ही रंग में रंगा जाएगा। इसके अलावा रास्ते पर साइनेज व बोर्ड के आकार व स्थान भी निर्धारित किए जाएंगे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत हेरिटेज जोन में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सतखण्डा व नौबतखाना के पास हैंडीक्राफ्ट मार्केट, छत्तर मंजिल लॉन व घंटा घर स्थित एम्फीथिएटर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा कराए गए विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शीघ्र हुसैनाबाद ट्रस्ट को हैंडओवर किए जाएं। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह समेत अन्य अधिकारी, अभियंता व आर्किटेक्ट उपस्थित रहे।

एलडीए सभागार में स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व अन्य।

व्यापार मंडल व नागरिकों से लिए जाएंगे सुझाव

कंसल्टेंट ने बैठक में हेरिटेज कॉरिडोर का प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें टीले वाली मस्जिद व बुद्धा पार्क के पास प्लेस मेकिंग व सेल्फी बैकड्रॉप के कार्यों की डिजाइन, कलर कोडिंग व थीम आदि दिखाए गए। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि फसाड कंट्रोल गाइड लाइन को लेकर स्थानीय व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक करके उनके भी सुझाव ले लिए जाएं। जिससे सभी की सहभागिता से इसे लागू किया जा सके। इक्का तांगा स्टैंड के लिए स्थान चिन्हित करते हुए तांगे वालों की आईडी बनवाई जाए। यहां बनायी गयी चटोरी गली (लजीज गली) में बराबर स्थान निर्धारित करते हुए वेन्डरों को नियमानुसार जगह आवंटित की जाए।

कम गृहकर वसूली पर रुकेगा अफसरों का वेतन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- निदेशालय को भेजी जाएगी सूची मिलेगी प्रतिकूल प्रविष्टि
- प्रतिदिन लक्ष्य देने और शाम तक पूरा करने के दिए निर्देश
- 600 करोड़ का लक्ष्य 370 करोड़ रुपये वसूल पाए

अमृत विचार : गृहकर वसूली में पिछड़ रहे अफसरों पर अब शासन भी सख्त हो गया है। कम वसूली करने वाले नगर निगम के जोनल अधिकारी और कर अधीक्षकों का वेतन रोकने के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

मंगलवार को प्रमुख सचिव नगर विकास की अध्यक्षता में आयोजित गृहकर वसूली की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन अधिकारियों को गृहकर वसूली का लक्ष्य दें और शाम तक पूरा करें। कम वसूली करने वाले जोनल अधिकारियों और कर अधीक्षकों की सूची नगर निकाय निदेशालय भेजी जाए।

नगर निगम को 600 करोड़ रुपये कर वसूली का लक्ष्य मिला है। वित्तीय वर्ष 2023 समाप्त होने में लगभग 65 दिन शेष हैं। अभी तक नगर निगम मात्र 370 करोड़ रुपये ही वसूल पाया है। इसमें गृहकर का 254 करोड़ रुपये और 126 करोड़ रुपये कर करेत्तर का शामिल है। लगभग दो महीने में नगर निगम को 230 करोड़ रुपये कर जमा कराना है। कर वसूली की धीमी प्रगति को देखते हुए नगर आयुक्त ने अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसका भी अधिकारियों पर असर नहीं पड़ रहा है। वसूली की प्रगति पर अब शासन सीधे मॉनीटरिंग कर रहा है। प्रमुख सचिव नगर विकास ने मंगलवार को नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में वसूली में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। वसूली में पीछे चल रहे अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजने को कहा है।

एक नजर

लविवि परीक्षाओं में 325 छात्र रहे अनुपस्थित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित हो रही परीक्षाओं में 325 छात्र अनुपस्थित रहे। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक और विभागाध्यक्षों के बीच सूचनाओं का प्रेषण हुआ। लविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन कराए जा रहे हैं। इसमें लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई और बाराबंकी जनपद के महाविद्यालय भी शामिल हैं। इसी क्रम में बुधवार को दो पालियों में परीक्षा के आयोजन हुए। प्रथम पाली में 167 छात्र अनुपस्थित हुए। 59 छात्राएं भी अनुपस्थित रहीं। कुल 226 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 70 छात्र और 29 छात्राएं अनुपस्थित रहे। कुल 99 छात्रों की अनुपस्थित दर्ज हुई। दोनों पालियों में कुल 325 छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए। ऐसे में परीक्षा नियंत्रक की ओर से जानकारी ली गईं। सूचनाओं का प्रेषण देर शाम तक जारी रहा।

लखनऊ व आसपास के मेधावियों ने लहराया परचम

यूपी पीसीएस परीक्षा — डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, डिप्टी जेलर के पद पर हुआ चयन

जीशान कदीर, लखनऊ

सुनिष्ठा सिंह

सुशांत

आकांक्षा गौतम

अपूर्वा सिंह

अमृत विचार : सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस) 2023 का अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में लखनऊ व इसके आसपास की जिले के मेधावियों ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, डिप्टी जेलर, सब रजिस्ट्रार, पैसेंजर/गुड्स टैक्स ऑफिसर बनकर उन्होंने अपना व परिवार का मान बढ़ाया है। सफल अभ्यर्थियों ने अपने स्तर पर कुछ संदेश भी दिए हैं।

यूपी पीसीएस परीक्षा को उत्तीर्ण कर डिप्टी कलेक्टर बनीं सुनिष्ठा सिंह बताती हैं कि लखनऊ के आईटी कॉलेज से स्नातक करने के उपरांत उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी शुरू की। 5वें प्रयास में उन्होंने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। सफलता प्राप्ति के लिए उन्होंने काफी प्रयास किया। दिक्कतें आईं, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। और अंतिम बार में वो उत्तीर्ण भी हुईं। सुनिष्ठा का कहना है कि किसी भी परीक्षा को पास करने के लिए लक्ष्य का निर्धारित होना अनिवार्य है।

लखनऊ निवासी सुशांत को 40वीं रैंक मिली और वे डिप्टी कलेक्टर बने हैं। कहते हैं कि जरूरी नहीं है कि आपके पास सभी संसाधन हो, सीमित संसाधनों में भी लक्ष्य को पाया जा सकता है।

आकांक्षा गौतम का चयन डिप्टी एसपी के पद पर हुआ है। कहती हैं कि कोचिंग संचालक राजेश शुक्ला का परीक्षा की तैयारी में विशेष योगदान रहा। उनका सपना है कि गांव की बेटियों को प्रोत्साहित करेंगी ताकि समाज में नित नया बदलाव ला सके।

अपूर्वा सिंह का चयन डिप्टी जेलर पद पर हुआ है। बतातीं हैं कि समाज को सुधारने के लिए सकारात्मक सोच बनाए रखनी होगी। कारागार में प्रयास रहेगा कि बंदियों की सोच में बदलाव लाया जा सके।

लखनऊ के इंदिरानगर निवासी आलोक मिश्रा का चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। कहते हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल कीजिए मगर संभलकर। कुछ इसी तरह की राय डिप्टी जेलर बने एश्वर्य नंदा और सीतापुर के दीपक कुमार त्रिपाठी की भी है। पूजा सिंह पैसेंजर/गुड्स टैक्स ऑफिसर बनी हैं। कहती हैं कि घटतौली सहित अन्य मुद्दों पर पारदर्शिता रखेगी। ताकि आम उपभोक्ता और व्यापारियों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीपक सिंह डिप्टी कलेक्टर, दीप्ति त्रिपाठी माल अधिकारी और रिया सिंह लेखाधिकारी बने हैं।

गैंगमैन की पुत्री प्रिया को मंडलायुक्त ने किया सम्मानित

लखनऊ विकास प्राधिकरण में गैंगमैन के पद पर कार्यरत नरेश कुमार की पुत्री प्रिया का पीसीएस 2023 में चयन हुआ है। वह सब रजिस्ट्रार बनी है। इस अवसर पर प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने प्रिया को पुष्पगुच्छ देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रिया की मां और भाई भी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कर्मचारी नरेश कुमार को उनकी पुत्री की सफलता पर बधाई दी।

प्रिया

पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी को मिला अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जल संरक्षण के लिए पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) महेंद्र मोदी के द्वारा बनाए गए मॉडल को अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिला है। पेटेंट एक्ट 1970 के तहत उन्हें यह अवॉर्ड दिया गया है। पेटेंट के समय जापान, दक्षिण कोरिया और चीन के माडल से चुनौती मिली लेकिन मोदी के माडल ने यह साबित किया कि भारत की सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल यह अद्वितीय आविष्कार है।

पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी

12 अक्टूबर 2018 को महेंद्र मोदी ने अपना मॉडल पेटेंट के लिए भेजा था। इस मॉडल में बताया गया कि हर प्रकार के भवन में वर्षा जल की एक-एक बूंद के भूगर्भ में रिचार्ज किये जाने की व्यवस्था है। अब तक के प्रचलित मॉडल में सिर्फ भवन की छत पर वर्षा जल को रिचार्ज किये जाने की व्यवस्था थी। लेकिन महेंद्र मोदी ने जो मॉडल बनाया उसमें घर के प्रदूषित जल को भी रिचार्ज करने का रास्ता बताया गया है।

महेंद्र मोदी के मॉडल की विशेषता यह है कि इसका पानी पूरी तरह से प्रदूषण रहित है। इस मॉडल का रखरखाव आसान है। इसमें कार्बन फिल्टर की जरूरत नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह आम आदमी के लिए बहुत सरल है। यह माडल अगले 50 वर्ष तक काम करेगा।

किसानों की आजीविका पर बीबीएयू में गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में किसानों की आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड, हिमांचल प्रदेश सहित अन्य प्रांतों के किसानों ने प्रतिभाग किया।

बीबीएयू में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से किसानों की आजीविका में सुधार के लिए कृषि तकनीकियों पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। त्रिदिवसीय संगोष्ठी में उत्तराखण्ड, हिमांचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश के विभिन्न किसानों ने भाग लिया, जिसमें किसानों को कृषि और उससे संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अनुप्रयोगों व नवाचारों की जानकारी दी गई। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने जैविक कृषि के माध्यम से फसलों की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ- साथ आय के साधनों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर एमएल मीणा, डॉ. सुतनु मांझी, डॉ. रवि शंकर वर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में किसानों और ग्रामीणों को कृषि संबंधी जानकारी देते विशेषज्ञ।

मौसमी फसल और जैविक खाद पर चर्चा

कार्यक्रम के आयोजक प्रो. नवीन कुमार अरोरा ने बागवानी विभाग के शिक्षकों के साथ मिलकर जैविक कृषि के बारे में बताया। किसानों को फसलों के उत्पादन, मौसमी फसलें, जैविक खाद एवं कीटनाशकों को घर पर ही तैयार करने की विधियों की जानकारी दी गई।

आय के स्रोतों की दी जानकारी

प्रगतिशील खेती, मूल्य वर्धित उत्पाद व कृषि द्वारा आय के विभिन्न नये स्त्रोतों के बारे में बताया गया। तीन राज्यों से आये किसानों ने कृषि में जैविक कीटनाशकों के माध्यम से बेहतर फसलों को तैयार करने की बारीकियों भी सीखीं।

नगर निगम कर्मचारियों को दिलाई मताधिकार के प्रयोग की शपथ

लखनऊ : नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को 14वें मतदाता दिवस पर कर्मचारियों व अधिकारियों को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने समस्त कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वोट के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट व अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के आह्वान पर बुधवार को प्रदेश भर के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य से विरत रहते हुए तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने का विरोध किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ की विद्यालय शाखा इकाइयों ने विभिन्न शिक्षक समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया।

शिक्षक संघ इन शिक्षकों को बहाल करने सहित शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। बुधवार को प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भर के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। शिक्षकों के विरोध- प्रदर्शन का सबसे अधिक असर लखनऊ शहर और ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों में दिखाई पड़ रहा है।

हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जतातीं नवयुग कन्या विद्यालय की शिक्षिकाएं।

▸▸ तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्ति को लेकर लामबंदी

इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ आरपी मिश्र के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों की टीम ने प्रत्येक विद्यालयों में जाकर शिक्षकों से संपर्क किया और उनसे शिक्षक समस्याओं के बारे में जानकारी ली। राजधानी में हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज, सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज सहित दर्जनों विद्यालयों में शिक्षक अपनी बाहों में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से शिक्षण कार्य से विरत रहे। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र समेत अन्य के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों का दौरा भी किया गया।

सार-संक्षेप

छात्रों द्वारा तैयार किए गए स्टार्टअप की जानकारी लेते अतिथि। अमृत विचार

यूपी दिवस में प्रस्तुत हुए एकेटीयू के मॉडल

लखनऊ : अवध शिल्प ग्राम में यूपी दिवस का आयोजन हुआ। इसमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्रों ने मॉडल प्रस्तुत किये। राम मंदिर का थ्रीडी प्रिंट छात्रों ने मुख्य सचिव को भेंट किया। यूपी दिवस में एकेटीयू का इनोवेशन हब भी सम्मिलित हुआ। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की उपस्थिति में पांच स्टार्टअप को यूपी आईटी इलेक्ट्रॉनिक विभाग के स्टॉल के साथ मिलकर प्रस्तुत किया। प्रोडक्ट प्रस्तुतिकरण के दौरान सेंटर फॉर एक्सीलेंस का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में आए लोगों ने स्टार्टअप की जानकारी ली। इनोवेशन हब से जुड़े छात्रों ने राम मंदिर के थ्री डी प्रिंट को मुख्य सचिव को भेंट किया। कार्यक्रम में इनोवेशन हब के प्रमुख महीप सिंह, मैनेजर वंदना शर्मा, रितेश सक्सेना, यूपी आईटी इलेक्ट्रॉनिक विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर व मैनेजिंग डायरेक्टर रवि रंजन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यूको बैंक के कारोबार में हुई वृद्धि

अमृत विचार, लखनऊ : यूको बैंक में कुल कारोबार वर्ष दर 10.46 प्रतिशत से बढ़कर 435456 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष दर 18.63 प्रतिशत बढ़कर 179195 करोड़ रुपये तथा कुल जमा वर्ष दर 5.38 प्रतिशत बढ़कर 256261 करोड़ रुपये हो गया है। रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में बैंक का आरएएम संविभाग वर्ष दर 17.70 प्रतिशत बढ़कर 93720 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें रिटेल अग्रिम ने 18.01 प्रतिशत, कृषि अग्रिम ने 13.22 प्रतिशत तथा एमएसएमई अग्रिम ने 20.79 प्रतिशत की वर्ष दर वृद्धि दर्ज की। परिचालन लाभ 3303 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष दर वर्ष के आधार पर 10.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष दर आधार पर 80 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए तिमाही हेतु इक्विटी पर रिटर्न 13.07 प्रतिशत हो गया। बैंक के शाखा नेटवर्क में 3217 घरेलू शाखाएं तथा 2 विदेशी शाखाएं हांगकांग और सिंगापुर में तथा 1 प्रतिनिधि कार्यालय ईरान में है। कुल शाखाओं में बैंक की 61.77 प्रतिशत यानी 1987 शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक बैंक के पास 2475 एटीएम और 9146 बीसी प्वाइंट हैं। समाप्त नौमाही के दौरान 26 नई शाखाएं खोली हैं।

मतदान को लेकर एकेटीयू में शपथ कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मतदान कराये जाने को लेकर शपथ का आयोजन हुआ। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय की उपस्थिति में सभी अधिकारी, शिक्षक, छात्र और कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कुलसचिव रीना सिंह और परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजीव कुमार द्वारा मतदान से जुड़ी विभिन्न जानकारियां साझा की गईं।

जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े व कंबल

अमृत विचार, लखनऊ : रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को गर्म कपड़े और कंबल भी वितरित किए गए। इस मौके पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी संदीप अग्रवाल, विनय अग्रवाल, विशाल सिंह, मनोज मिश्रा, नीरज वर्मा, शरद, मनीष, निशा, सुबोध, किशोर, सौरभ, राकेश मौजूद रहे।

महिला को कंबल देते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

गणतंत्र दिवस पर पावर कारपोरेशन करेगा खिलाड़ियों का सम्मान

लखनऊ : गणतंत्र दिवस पर पावर कारपोरेशन की ओर से आयोजित समारोह में शुक्रवार को पावर सेक्टर से जुड़े खिलाड़ियों को शक्ति भवन मुख्यालय में सम्मानित किया जायेगा। सुबह से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में कारपोरेशन से मिली वर्दी को सभी विभागों के कर्मचारियों को पहनकर आने का निर्देश भी दिया गया है। विभागीय लोगो के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत ध्वाजारोहण और राष्ट्रगान से होगी। इसके बाद कारपोरेशन के अध्यक्ष का कर्मचारियों के लिए संबोधन होने के साथ ही पावर सेक्टर के सभी डिस्कामों के पहले, दूसरे और तीसरे वरीयता प्राप्त खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

राष्ट्रीय आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता में अंजना अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

▸▸ ऑनलाइन प्रतियोगिता में जीते प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की मूट कोर्ट एसोसिएशन ने डॉ. अवतार सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आनलाइन आयोजन किया। इस अवसर पर देशभर से 65 टीमों ने भाग लिया।

आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता के विजेता में प्रथम स्थान पर अंजना (मार ग्रेगोरियस कॉलेज ऑफ लॉ, तिरुवनंतपुरम) रहीं। द्वितीय स्थान लविवि की संस्कृति जायसवाल और गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के संस्कार जायसवाल को मिला। तृतीय स्थान पर एमिटी विश्वविद्यालय की अनुभूति अवस्थी रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार के रूप में 65 हजार की धनराशि प्रदान की गई।

विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. बन्शीधर सिंह और लविवि के मूट कोर्ट एसोसिएशन के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. राधेश्याम प्रसाद ने समय-समय पर विवि के छात्रों को इस तरह के प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। बताते हैं कि प्रतियोगिता के आयोजन में स्टूडेंट कन्वेनर हेमंत पाण्डेय और उनकी टीम की प्रमुख भूमिका रही।

3 फरवरी को होंगे छूटे हुए प्रैक्टिकल

लखनऊ : जिन छात्रों के प्रैक्टिकल छूट गए हैं। उनको एक बार फिर प्रैक्टिकल देने का मौका मिलेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर के रसायन विज्ञान के छात्रों को प्रैक्टिकल में शामिल होने के लिए मौका दिया गया है। 3 फरवरी को आवश्यक व्यवस्थाएं भी पूरी कराई जाएंगी।

विधि संकाय की कक्षाएं 27 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में विधि संकाय की त्रिवर्षीय, पंचम वर्षीय और एलएलएम की कक्षाएं 27 से आरंभ हो रही हैं। सम सेमेस्टर की नियमित कक्षाओं को लेकर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बीडी सिंह ने बताया है कि नियमित कक्षाओं की सूचना को लेकर सूचना पट्ट पर भी जानकारी दे दी गई है।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.

Tender Notice

On behalf of Managing Director, U.P.Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager Gorakhpur zone & Lucknow zone-2 invites, online percentage rate bids in two bid system for-

1- NIT No-2344/GM(GKP)NIVIDA/RNN/2023-24 Dated 28-10-2023, Construction of Infrastructure in relation to increase of 50 MBBS seats in B.R.D Medical College, Gorakhpur

2- NIT No-158/GM(LZ-2)TENDER/RNN/2024 Dated 12-01-2024, Construction of Proposed 100 Bedded Critical Care Hospital Block for AIIMS District-RAIBARILY

Last date of submission of offers upto 3:00 PM on Dated 30-01-2024 (SI-1), upto 3:00 PM on Dated 01-02-2024 (SI-2) all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

लखनऊ नगर निगम

टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ 226001 (उ.प्र.)
ई-टेण्डर पोर्टल : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 304/मु.अ./23-24 दिनांक : 24.01.2024

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अति अल्पकालिक निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा **दिनांक 31.01.2024** को **01 कार्य** हेतु द्विलिफाफा पद्धति पर ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर.टी. जी.एस/एन.ई.एफ.टी./इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल **https://induscollect.indusind.com/pay/index.php** पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा **दिनांक 31.01.2024** को अपराहन **15:00 बजे** तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें **दिनांक 31.01.2024** को **16:00 बजे** निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कप्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्ते यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम फैसल अहमद से बदल कर फैसल अहमद खान कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **– फैसल अहमद खान पुत्र शमशाद अहमद खान, निवासी– 156 तकी नगर उन्नाव**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम आशा (ASHA) है। यही नाम मेरे समस्त अभिलेखों में दर्ज है। बच्चों के स्कूल के अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश आशा (AASHA) दर्ज हो गया है। आज से मुझे **आशा (ASHA) पत्नी श्री संतोष कुमार, निवासी– 31, 32 चन्द्र विहार कालोनी, अर्जुन इन्क्लेव रोड स्पोर्ट कालेज गुडम्बा, लखनऊ – 226026 उत्तर प्रदेश** के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा माइग्रेशन सर्टिफिकेट नंबर एम सी/2018/0176, रोल नम्बर 4018 वास्तव में खो गया है। किसी व्यक्ति द्वारा इसका प्रयोग किया जाना गैर कानूनी होगा। **–राहुल राय पुत्र राजेंद्र प्रसाद राय, पता – डी 4 गली नंबर 4 सैनिक नगर, लखनऊ 226029**

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम रज्जन लाल अंकित है जबकि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र में मेरा नाम राजेश कुमार अंकित है। अतः रज्जन लाल व राजेश कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **रज्जन लाल पुत्र स्व0 राम कुमार निवासी– मकान नं.– 300, सुनहरा रोड, नारायणपुरी, मानस नगर, कृष्णा नगर, जिला लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोनू दिवाकर दर्ज है। जबकि पहले मेरा नाम मोनू था। मैंने अपना नाम मोनू से बदलकर मोनू दिवाकर रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मोनू दिवाकर के नाम से जाना व पहचाना जाए। **– मोनू दिवाकर पुत्र श्री केशन, निवासी ग्राम– परशुरामपुर परगना व तहसील– बांगरमऊ, जिला– उन्नाव**

सूचना

सूचित हो कि रामजी सिंह पुत्र मुन्ना ठाकुर, निवासी– ग्राम कोड़रा, थाना– अजगैन जनपद उन्नाव के विरुद्ध, थाना–अजगैन पर मु.अ. सं. 225/23 धारा 376/452/541-I.P.C. व 3(2) 5 Scst Act पंजीकृत है। उक्त व्यक्ति घर से फरार चल रहा है। जिस सज्जन को ज्ञात हो कृपया निम्न नम्बरों पर सूचित करें। **– क्षेत्राधिकारी– 8081211180, प्रभारी निरीक्षक अजगैन– 9454404357**

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या – एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/01/2024

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना सं० एवं कार्य का विवरण : एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/01/2024, कार्य का नाम :- पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोरखपुर स्टेशन पर फेज-1) गोरखपुर – गोरखपुर तीसरी लाईन (के सम्बन्ध में ई पी ऐम एवं शंट सिग्नल के मौजूदा नॉन इंटरलॉक लाइन संख्या 50, 46, 43, 42, 41 एवं 55 में प्रावधान हेतु क्योसन मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के ऑग्मेंटेशन / एडिशन के साथ ऐम ऐस डी ऐ सी के ब्लॉक सेक्शन में इंस्टॉलेशन का कार्य तथा गोरखपुर जंक्शन पर आर डी ऐस ओ के स्पेसिफिकेशन संख्या आर डी ऐस ओ/ऐस पी ऐन/192/2005 अथवा नवीनतम के अनुसार गोरखपुर – डोमिनगढ़ तीसरी लाइन एवं गोरखपुर – नकहा जंगल डबलिंग कार्य के सम्बन्ध में अल्टरेशन /मॉडिफिकेशन का कार्य। बयाना राशि (रू०) : 621000.00, अनुमानित लागत (रू०): 94204883.39, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 माह, निविदा बन्द होने की तिथि : दिनांक 12.02.2024 को 15:00 बजे।

नोट :- ● इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नही है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। ● निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

उपमुसिदूइं/निर्माण/लखनऊ
मुजाधि/सिगनल – 93

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई-निविदाएँ एकल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम व स्थान	उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/वाराणसी/उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के अधीन प्रस्तावित व्यासनगर से ब्लॉक हट "K" के मध्य दोहरीकरण, जंघई जंक्शन को बाई पास करते हुए सरकोनी-जंघई-मड़ियाहू को जोड़ने वाली कॉर्ड लाइन, वाराणसी-पं. दीन दयाल उपाध्याय-तीसरी एवं चौथी लाइन, वाराणसी-शिवपुर-तीसरी लाइन, जफराबाद-शिवपुर (45.4 किमी) के मध्य तीसरी और चौथी लाइन एवं शिवपुर-वाराणसी (5.79 किमी) के मध्य चौथी लाइन के प्रस्तावित दोहरीकरण के संबंध में फाइनल लोकेशन सर्वे जैसे लेवलिंग, संरेखण, मिट्टी की जांच, योजना, एल सेक्शन, पुलों की जीएडी आदि, बिलों की मात्रा एवं डी पी आर बनाने सहित अन्य सहायक कार्य।		
कार्य पूरा करने की अवधि	03 माह	कार्य की अनुमानित लागत	₹101.35 लाख
धरोहर राशि	₹2,00,700/-		
ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख	निविदाएँ दिनांक **21.02.2024** को **11:30 बजे** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक **21.02.2024** को समय 11:30 बजे खोली जाएगी।		
विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र	विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.01.2024** से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक **07.02.2024** से दिनांक **21.02.2024** तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है।		

सं.: 25-टेंडर/उपमुइंजी/नि०/वाराणसी दिनांकः 23.01.2024 265/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव के दौरान कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

महोत्सव की शाम रही कवि सम्मेलन के नाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 25 साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

अमृत विचार : प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट की ओर से आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में बुधवार की शाम कवि सम्मेलन के नाम रही। इस मौके पर उत्तर प्रदेश साहित्य सभा ने प्रदेश की 25 साहित्य सभाओं व साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति के व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना ने यहां कहा कि सरकार को प्रत्येक जिले में साहित्यकार पुरम की स्थापना करनी चाहिए जिसमें आसान किस्तों पर आवास उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही कवियों और साहित्यकारों को बस व ट्रेन यात्रा में छूट दी जानी चाहिए।

गिरधर खरे के संयोजन में हुए इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार विनोद शंकर शुक्ल ने की। सर्वेश अस्थाना मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कवि सम्मेलन में बलराम श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह चांद, डॉ. सोनरूपा विशाल, गजेन्द्र प्रियांशु व राजीव राजीव राज ने अपनी रचनाएं सुनाईं।

कवि सम्मेलन में इटावा, मैनपुरी, झांसी, चित्रकूट, जालौन, बाराबंकी, हरदोई, आजमगढ़, बदायूं, लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, गोंडा, बांदा, देवरिया और लखीमपुर जिलों की साहित्य सभाओं को सम्मानित किया गया।

महोत्सव में आज की सांस्कृतिक संध्या में ब्रज के स्वरूप की अद्भुत झांकी प्रस्तुत की गई। विमल ने कृष्ण के रूप में और राखी ने राधा के रूप में राधा - कृष्ण की रासलीला को बेहद अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में कृष्ण के रूप विनय जोशी और राधा के रूप में रूपाली वर्मा ने अद्भुत नृत्य प्रस्तुत करके रोमांचित कर दिया।

एक नजर

अब सोमवार को ही फुल डे खुलेगी अस्पतालों की ओपीडी

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के सरकारी अस्पतालों में अब चार दिन बाद यानी कि सोमवार को ही फुल डे ओपीडी खुलेगी। हालांकि इस बीच इमरजेंसी सुविधा 24 घंटे मिलेगी। इसके लिए डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ को अलर्ट कर दिया गया है। दरअसल गुरुवार को हजरत अली के जन्मदिन के अवसर पर हाफ-डे तक ओपीडी खुलेगी। वहीं 26 को गणतंत्र दिवस पर ओपीडी बंद रहेगी। अगले दिन 27 को शनिवार होने से हाफ डे खुलेगी। उसके बाद रविवार को फिर ओपीडी बंद रहेगी। लिहाजा सोमवार को ही सामान्य दिनों की तरह फुल डे ओपीडी संचालित होगी। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को हाफ-डे तक ओपीडी खुलेंगी उसके बाद लगातार अवकाश पड़ रहे हैं। शनिवार को ओपीडी खुलने के बाद सीधे सोमवार से पूरी तरह से अस्पताल खुलेंगे।

संविदा कर्मियों को लगाई जा रही हेपेटाइटिस वैक्सीन

अमृत विचार, लखनऊ : एसजीपीजीआई के स्थायी कर्मचारियों की पहल पर संविदा कर्मचारियों को हेपेटाइटिस बी की निशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। अब तक करीब दो हजार कर्मियों को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। वैक्सीन में आने वाला खर्च स्थायी कर्मचारी वहन कर रहे हैं। संस्थान के डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि संविदा कर्मी वायरस संक्रमित रोगियों की देखभाल करने के दौरान संक्रमित हो सकते हैं। साथ ही उनके परिवार के सदस्य भी आ सकते हैं। साथ ही कर्मियों को संक्रमण से बचाव को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है।

बड़े पैमाने पर हुआ आबकारी निरीक्षकों का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बुधवार को बड़े पैमाने पर प्रदेश में तैनात आबकारी निरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया। आबकारी आयुक्त प्रयागराज की ओर से जारी स्थानांतरण आदेश में विभिन्न जिलों में तैनात 91 आबकारी निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। जारी आदेश में स्थानांतरित किए गए आबकारी निरीक्षकों को कर्मचारी आचरण नियमावली का हवाला देते हुए तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

गणतंत्र दिवस परेड में इस बार रामलला भी चलेंगे साथ-साथ

सेना के साथ बच्चों ने भी किया मार्च पास्ट, सैन्य ताकत का किया गया प्रदर्शन, जिलाधिकारी ने देखी फुल ड्रेस रियल टाइम रिहर्सल

विधान भवन के पास गणतंत्र दिवस परेड के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का फुल ड्रेस रिहर्सल करतीं छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गणतंत्र दिवस परेड में इस बार लखनऊ और दिल्ली में निकलने वाली झांकियों में इस बार यह समानता होगी कि दोनों जगहों की झांकियों में राम मंदिर की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली झांकियों में उत्तर प्रदेश की झांकी राम मंदिर पर आधारित होगी। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से काफी पहले ही यह तय कर लिया गया था कि इस बार गणतन्त्र दिवस परेड में भी रामलला के मंदिर मॉडल को शामिल किया जाएगा।

पिछले एक महीने से कलाकार इस झांकी को तैयार करने में जुटे हैं। राम मंदिर का विशाल मॉडल पहियों पर सवार होकर जब झांकी में चलेगा तो सभी के आकर्षण का केंद्र बनेगा। परेड में 22 झांकियां इस बार शामिल हो रही हैं। इनमें सबसे ज्यादा ध्यान श्रीराम मंदिर की झांकी पर होगा। अध्यात्मिक और सांस्कृतिक बोध कराने के लिए परेड में पर्यटन विभाग की नैमिषारण्य तीर्थ की झांकी भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी।

थल सेना का योद्धा टी-90 भीष्म टैंक भी देगा सलामी

अमृत विचार : 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजन को लेकर बुधवार को विधानसभा के सामने फुल ड्रेस रियल टाइम रिहर्सल किया गया। रिहर्सल में यूपी पुलिस, सेना-अर्द्धसैनिक बलों के जवान के अलावा होमगार्ड शामिल हुए। परेड में सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड और स्कूली बच्चों ने कदमताल किया।

रिहर्सल के दौरान सेना के पराक्रम को दर्शाया गया। परेड में सबसे आगे टी-90 भीष्म टैंक सेना की ताकत को दर्शा रहा था। परेड में सेना की आकाश मिसाइल भी शामिल रही। रविंद्रालय से निकलकर परेड विधानभवन के सामने पहुंची। परेड कमांडर ने सलामी दी तो लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। देशभक्ति के गीतों ने समा बांध दिया। परेड में सीएमएस, एलपीएस, श्रीराम एकेडमी, बाल विद्या मंदिर, सेंट जोसेफ कॉलेज, अवध एजूकेशनल एकेडमी और एसआर ग्लोबल इंस्टीट्यूट समेत अन्य संस्थानों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। दूसरी ओर उम्मीद संस्था के बच्चों ने भिक्षा से शिक्षा विषय पर प्रस्तुति दी। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, एडीएम पूर्वी अमित कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ और एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह आदि मौजूद रही।

परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान टैंक के साथ सेना के जवान। अमृत विचार

▸▸ **आकाश मिसाइल भी ताकत का करेगी प्रदर्शन**

ग्राम निधि में 15 करोड़ डंप, विकास कार्य धीमे

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी की ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा में 15 करोड़ रुपये ग्राम निधि खातों में डंप मिले। समय पर बजट खर्च न होने की वजह से विकास कार्यों की रफ्तार धीमी है। इस लापरवाही पर जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने सचिवों को फटकार लगाई। बुधवार को विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान 15वें वित्त आयोग से टाइड और अनटाइड फंड के मिले 43 करोड़ रुपये में 15 करोड़ रुपये ग्राम निधि में डंप पाए। इस धनराशि से समय पर गांवों में कार्य नहीं कराए गए। इससे कहीं कार्य नहीं हुए तो कहीं धीमे मिले। टाइड फंड साफ-सफाई व पेयजल पर व अनटाइड सड़क, इंटरलाकिंग समेत अन्य कार्यों के लिए होती है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के करीब होने पर सचिवों को फटकार लगाई और कार्रवाई की चेतावनी देकर कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देर से बजट मिला था। सितंबर में टाइड और दिसंबर में अनटाइड की राशि मिली थी। फिर भी जल्द काम कराने के निर्देश दिए हैं।

गणतंत्र दिवस पर 54 लाभार्थी बनेंगे विशिष्ट अतिथि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 54 लाभार्थी नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होने के लिए रवाना हुए।

लखनऊ से रवाना हुए लाभार्थियों के दल में लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, मऊ और अयोध्या के लाभार्थी शामिल हुए। वहीं जनपद गाजियाबाद, हापुड़ एवं बुलंदशहर से भी लाभार्थियों के दल रवाना हुए। इसके अलावा अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ और गौतमबुद्ध नगर के लाभार्थियों को भी शामिल किया गया। रवाना हुई टीमों के साथ आठ नोडल अधिकारी भी भेजे गए हैं। लखनऊ से जाने वाले लाभार्थी बुधवार को राज्य नगरीय अभिकरण सूडा के मुख्यालय पहुंचे। जहां से उनको बस से नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। यात्रा दल के वाहन को निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लाभार्थी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड भी देखेंगे और कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला, वित्त नियंत्रक संजीव गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

योजना के लाभार्थियों के साथ सूडा निदेशक डॉ. अनिल कुमार। अमृत विचार

▸▸ **प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी दिल्ली रवाना**

फुल ड्रेस रिहर्सल .. जाम ने करा दी आमजन की परेड

▸▸ **धरी रह गईं सारी व्यवस्थाएं, ऐसा जाम लगा कि लोग हो गए परेशान**

▸▸ **हर प्रमुख मार्ग पर चार-चार की कतार में नजर आए वाहन, बीच से रास्ता निकालते दिखे दोपहिया वाहन चालक**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यातायात विभाग की डायवर्जन व्यवस्था और सुझाए गए वैकल्पिक रास्तों के तमाम दावे बुधवार सुबह उस समय धरे रह गए जब हर प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतारें लग गईं। चार-चार की 'रो' में चार पहिया और बड़ी गाड़ियों की लाइन लग गई। हाल यह रहा कि वाहन अपनी जगह से टस से मस न होते देख फंसे लोगों ने इंजन बंद कर दिया और खडे.होकर व्यवस्था को कोसने लगे। सुबह से लेकर अपराह्न तक हालात सामान्य नहीं हो पाए। गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण राजधानी के तमाम प्रमुख रास्ते चोक रहे। इसका असर यह पड़ा कि प्रमुख मार्गों से जुड़ी गलियों तक में जाम के हालात बने रहे।

सुबह ही ध्वस्त हो ट्रैफिक प्लान : दरअसल, मंगलवार को गणतंत्र दिवस पर फुल ड्रेस रिहर्सल को लेकर लखनऊ यातायात पुलिस ने एक ट्रैफिक प्लान तैयार किया था। जिसमें यह दर्शाया गया था कि अगर जाम से बचने के लिए राहगीर वैकल्पिक मार्गों का चयन कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं, लेकिन सुबह वाहनों की कतारों ने यातायात विभाग के ट्रैफिक प्लान की कमर तोड़ दी। वैकल्पिक मार्गों तो दूर शहर की तंग गालियां भी चोक हो गईं। बंदरियाबाग चौराहे से राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज के सभी वैकल्पिक और प्रमुख मार्गों में गाड़ियों की कतारें दिखाई पड़ीं। इन मार्गों पर स्कूल जा रहे बच्चे भी घंटों फंसे रहे। वहीं, लालबत्ती चौराहा से प्रेरणा केंद्र तिराहा, एनेक्सी तिराहा, सिसेंडी तक गाड़ियों की कतारों ने पुलिस ने पुलिस के दावों को फेल कर दिया। जबकि, बंदरियाबाग चौराहा, गोल्फ क्लब चौराहा या एसएन ओवरब्रिज के वैकल्पिक मार्गों पर दोपहिया, कार पहिया और ई-रिक्शा चालक जल्दी निकलने की होड़ में वाहनों को बेहरतीब ढंग से निकालने का जतन करते दिखे। रायल होटल चौराहा से सिसेंडी तिराहा, प्रेरणा केंद्र तिराहा, पार्क रोड चौराहे से हजरतगंज चौराहे के बीच सभी वैकल्पिक मार्गों में हर तरफ गाड़ियों का रेला ही नजर आया।

पुलिस के अलावा होमगार्ड जवानों ने सम्भाला मोर्चा : सुबह दस बजे से शुरू हुई यातायात अराजकता पूर्वाह्न 11 बजे तक पूरी तरह से अनियंत्रित हो चुकी थी। इन मार्गों को जाममुक्त करने के लिए कुहासाभरे मौसम में स्थानीय पुलिस कर्मियों के अलावा पीआरडी और होमगार्ड जवानों को भी पसीना बहाना पड़ा।

गोमती नगर समता मूलक चौराहे पर लगी वाहनों की कतार। अमृत विचार

लोग न कार्यालय समय से पहुंच पाए और न ही बच्चे स्कूल

इस जाम का खामियाजा नौकरी पेशा और स्कूली बच्चों को उठाना पड़ा। जाम में वाहन ऐसे फंसे रहे कि लोग हिल नहीं सके। स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक जाम में फंसे रहे। यही हाल नौकरी करने वालों का था। कार्यालय समय से नहीं पहुंच पाए। लंबे समय तक फंसे रहने वाले कुछ वाहन सवारों ने अपने वाहन वापस मोड़ दिए। दोपहिया गाड़ियां घनी और संकरी गलियों में नाचती रहीं। इससे पूरे इलाके में जाम लग गया। वाहन सड़कों पर रेंगते दिखाई पड़े। हजरतगंज, विधानसभा, जीपीओ, नावेल्टी, केडीसिंह बाबू स्टेडियम, ग्लोब पार्क, कैसरबाग, शहीद स्मारक, परिवर्तन चौक, हनुमान सेतु से जुडे.मार्ग, लालबाग, बस स्टेशन, डालीगंज, कचेहरी, पुराना हाईकोर्ट समेत दर्जनों इलाके भीषण जाम की चपेट में रहे। अपराह्न दो बजे के बाद ही यातायात व्यवस्था किसी तरह पटरी पर आई।

सुरक्षा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था

गणतंत्र दिवस पर विधान भवन के सामने से परेड व झांकी निकाली जाएगी। इसकी सुरक्षा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। परेड रूट को तीन जोन व 9 सेक्टर में बांटा गया है। पूरे इलाके की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। वहीं, सुरक्षा के लिए एक डीसीपी, एक एडीसीपी के साथ 900 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। यह जानकारी डीसीपी मध्य/पश्चिम राहुल राज ने दी। डीसीपी राहुल राज के मुताबिक फायर स्टेशन को हाई अलर्ट पर रखा गया है। परेड व झांकी के लिए प्रस्तावित मार्ग की सुरक्षा के लिए एक डीसीपी, एक एडीसीपी, 6 एसीपी, 34 निरीक्षक, 211 उप निरीक्षक, 19 महिला उप निरीक्षक, 100 मुख्य आरक्षी, 318 आरक्षी, 225 महिला आरक्षी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं पांच कंपनी पीएसी तैनात की गई है। पूरे कार्यक्रम के दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

लोहिया संस्थान : कर्मियों से वसूली का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पैसे न देने पर नहीं दिया जाता काम, वीडियो वायरल**

अमृत विचार : गोमतीनगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों से काम के बदले वसूली करने का आरोप लगा है। इसको लेकर बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल किया गया।

वायरल वीडियो में एक युवक और एक महिला काम के बदले रुपये देने की बात बताते हुए सुनाई पड़ रहे है। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

दरअसल, लोहिया संस्थान में प्राइम क्लीनिंग सिक्योरिटी के पास संस्थान की सफाई का जिम्मा है। कंपनी के पास करीब 600 सफाई कर्मचारी हैं। जिनका वेतन करीब 9 हजार रुपये प्रतिमाह बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक यह कहते हुए सुनाई पड़ रहा है कि पिछले महीने में उसे कुल 6 दिन काम करने का मौका मिला था, फिर उससे 30 हजार रुपये की मांग की गई। पैसे देने के बाद ही उसे आगे काम देने को कहा गया है। युवक पैसे नहीं दे सका, इसलिए उसे काम नहीं मिला। इसी तरह एक महिला का भी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें महिला भी महीने के हिसाब से एक हजार रुपये देने की बात कह रही है। उसने भी कंपनी के सुपरवाइजर का नाम लिया। महिला अपने बेटे की नौकरी और काम के बदले पैसे की बात करते हुए सुनाई पड़ रही है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह वीडियो कब का है।

> कंपनी का कोई कर्मचारी इस तरह का कार्य नहीं कर सकता। आरोप बेबुनियाद हैं, लेकिन फिर भी मामले की जांच कराई जाएगी। जो दोषी मिलेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।
>
> **-सतेंद्र कुमार, मैनेजर,** निजी कंपनी

कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह व संगठन महासचिव अनिल यादव ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया में हुआ था, जिसे अब कर्पूरी ग्राम कहा जाता है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व राज्यमंत्री राज बहादुर सिंह, मोहम्मद शमीम खान, अनीस अख्तर मोदी, शाहनवाज खान, अख्तर मलिक, प्रभाकर मिश्रा, नितांत सिंह, परवेज मंसूरी, शमीम कुरैशी, जितेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

सीवर चोक, दुर्गंध से मरीज व तीमारदार परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के क्वीनमेरी महिला अस्पताल में सीवर चोक होने से अस्पताल परिसर में गंदा, बदबूदार पानी भरा है। इससे मरीज और तीमारदारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

प्रसूताओं और नवजातों की तबियत बिगड़ रही है। समस्या के 10 दिन बीत जाने के बावजूद जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं। वहीं, अस्पताल प्रशासन ने केजीएमयू के सीएमएस को इसकी जानकारी देकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। नाराज तीमारदारों ने बुधवार को परिसर में भरे गंदे पानी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर नाराजगी जताई है।

क्वीनमेरी अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब 500 गर्भवती महिलाएं आती हैं। इसके अलावा रोजाना करीब 18-20 प्रसव भी भी कराए जाते हैं। अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि करीब 10 दिनों से मेनहोल चोक होने से गंदगी बह रही है। यहां तक कैंटीन में भी गंदा पानी भरा है। लोग गंदगी के बीच में ही खाने को मजबूर हैं। इसके अलावा कैंटीन के बाहर जमीन पर जो तीमारदार रात को शरण लेते थे, पानी भरने से इस भीषण ठंड में उन्हें भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल परिसर में भरा गंदा पानी। अमृत विचार

▸▸ **क्वीनमेरी महिला अस्पताल में 10 दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो, जिम्मेदार लापरवाह**

> मेनहोल चोक होने की जानकारी सीएमएस को दे दी गई है। उन्होंने नगर निगम को सफाई कराने के लिए लेटर लिख दिया है। जल्द ही सीवर साफ कराए जाएंगे।
>
> **-प्रो. अंजु अग्रवाल,** एमएस क्वीनमेरी अस्पताल

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे : राजभर

अमृत विचार, लखनऊ : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि विपक्ष जातिवार जनगणना और पीडीए की बातें जितनी भी कर ले, परंतु एनडीए के सामने कोई नहीं है। लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 से अधिक सीटों के साथ जीतेगा और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। राजभर बुधवार को पार्टी कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि कर्पूरी ठाकुर ने अति पिछड़े, दलित व वंचित समाज की लड़ाई को आगे बढ़ाया। भारत रत्न दिये जाने से देश का दलित, वंचित समाज आज एनडीए के साथ खड़ा है। सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण राजभर ने कहा है कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में अति पिछड़ों को आरक्षण देने का काम किया था।

50 किलोवॉट तक नए कनेक्शनों पर नहीं देना होगा अतिरिक्त शुल्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अगर आपका आशियाना विद्युत पोल की 40 मीटर की परिधि में है और आपको 50 किलोवॉट तक का नया बिजली कनेक्शन लेना है तो अब उपभोक्ताओं को पावर कारपोरेशन को अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पडेग़ा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को एक तय समय सीमा के अंदर ही बिजली कनेक्शन को जारी भी करना पडेग़ा।

इस संबंध में विभाग ने अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। बताते चलें कि 10 किलोवॉट से ऊपर का बिजली कनेक्शन लेने के लिए खंभे सहित अन्य तरह के सरचार्ज को उपभोक्ता से ही वसूला जाता था। जिसके चलते उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लेसा अधिकारियों के अनुसार 50 किलोवॉट तक के नए बिजली कनेक्शनों पर अब कोई भी अतिरिक्त शुल्क पावर कारपोरेशन नहीं लेगा। उसके लिए जरूरी है कि उपभोक्ता का घर 40 मीटर की परिधि के अंदर हो।

मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि पावर कारपोरेशन ने यह बड़ा कदम उठाया है। 50 किलोवॉट तक के कनेक्शन पर उपभोक्ता से कोई अतिरिक्त चार्ज अब नहीं लिया जायेगा। शर्त यह है कि आवेदक का घर विद्युत पोल के 40 मीटर की परिधि में हो। अब सिर्फ केबिल और मीटर चार्ज का भार लोगों पर पडेग़ा। उपभोक्ताओं को अब आसानी से कनेक्शन मिल सकेंगे।

▸▸ **खंभे से 40 मीटर की परिधि में है आवास तो नहीं लगेगा अतिरिक्त शुल्क**

▸▸ **पहले देना होता था चार्ज, अब आसानी से मिलेगा बिजली कनेक्शन**

यूरिया बिक्री में गड़बड़ी आठ डीलरों को नोटिस

अमृत विचार , लखनऊ : दिसंबर में टॉप-20 के तहत यूरिया में गड़बड़ी की गई। जांच की गई तो आठ डीलरों द्वारा मानक से अधिक बिक्री करना पाया गया। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने संबंधित डीलरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

टॉप-20 योजना के तहत फसलों की अधिक पैदावार करने वाले किसानों को उर्वरक वरीयता देकर बिक्री की जाती है। इसमें एक किसान खसरा-खतौनी के पर 50 बोरी तक उर्वरक खरीद सकते हैं। लेकिन, इस योजना का डीलर फायदा उठाकर मालामाल हो रहे हैं। जो एक किसान के नाम पर दूसरों को अधिक बेचते हैं। कई ऐसे मामले पकड़े गए हैं। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने दिसंबर में आठ डीलरों को चिह्नित किया। जिन्होंने मानक से अधिक यूरिया बेची है। डीलरों ने किसानों को बिक्री करने का हवाला दिया है। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने नोटिस जारी कर अभिलेख मांगे हैं। जो न मिलने पर लाइसेंस निलंबन और बाद में निरस्त करने की चेतावनी दी है।

सुविधा | ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में 10 बेड का वॉर्ड तैयार, कल होगा उद्घाटन

टीबी अस्पताल में मानसिक रोगियों की भी होगी भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय (टीबी अस्पताल) में अब गंभीर मानसिक रोगियों को भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने 10 बेड का मानसिक रोग वार्ड तैयार किया है। 26 जनवरी के अवसर वार्ड की शुरुआत कर दी जाएगी। सभी जरूरी सुविधाएं पूरी कर ली गई हैं।

ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में रोजाना करीब 800 मरीजों की ओपीडी होती है। इसमें से करीब 30-40 मरीज मानसिक रोगी आते हैं। जिनका इलाज और परामर्श मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर लवकुश द्वारा दिया जा रहा है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि अस्पताल में हरदोई जिले तक के मरीज आते हैं। ऐसे में मानसिक रोगी मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है।

डॉ. लवकुश ने अस्पताल में ऐसे मरीजों को भर्ती कर इलाज करने की इच्छा जताई थी। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद 10 बेड का वार्ड तैयार किया जा रहा है। 26 जनवरी को इसका उद्घाटन किया जाएगा। यहां मरीजों को इलाज के साथ काउंसलिंग भी की जाएगी।

दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस सुविधा भी शुरू होगी

ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी चिकित्सा योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना का भी लाभ मिलेगा। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इस संबंध में सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। मालूम हो कि प्रदेश सरकार की ओर से राज्य के कर्मचारियों के बेहतर इलाज के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य राज्य के सभी कर्मचारियों और उनके आश्रित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत राज्य के कर्मचारियों को सरकार की ओर से एक हेल्थ कार्ड जारी किया जाता है, जिसकी मदद से कर्मचारी अपना और अपने परिवार का अस्पताल में कैशलेस और निशुल्क इलाज करा सकते हैं। योजना के तहत इलाज के दौरान आने वाले खर्च का भुगतान सरकार की ओर से किया जाता है।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
• सर्कुलेशन मैनेजर
• अकाउंटेंट (विज्ञापन विभाग)
• सिक्योरिटी गार्ड की
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।बंथरा इलाके में रहने वाली 15 वर्षीया किशोरी बुधवार को शौच करने घर से बाहर निकली थी। रास्ते में दिव्यांशु के दुष्कर्म का प्रयास करने पर किशोरी ने शोर मचा दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार किया था।

फर्जी मैसेज भेज कॉलर ने फंसाया, ऐंठे 15 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक, आलमबाग के प्रेमनगर निवासी दिव्या पांडेय मंगलवार को गोखले मार्ग स्थित अपने कार्यालय में थी। इसी बीच उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने कहा आपके खाते में छह हजार भेज रहा हूं, पांच हजार आपके हैं और एक हजार रुपए दूसरे खाते की डिटेल दे रहा हूं, उसमे ट्रांसफर कर दीजिए। हामी होने पर जालसाज ने फर्जी मैसेज भेजकर दूसरे खाते में 15 हजार रुपए ऐंठ लिए। दिव्या ने अपना खाता चेक किया तो कोई भी रुपए नहीं आए थे। उन्होंने कृष्णानगर कोतवाली में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रुपयों से भरा बैग लूटकर बदमाश फरार

अमृत विचार, लखनऊ : काजीखेड़ा निवासी अवधेश कुमार सहज जनसेवा केंद्र चलाते हैं। मंगलवार रात वह जनसेवा केंद्र बंद करने के बाद बाइक से गौरिया मोड़ स्थित नितिन की दुकान गए थे। जहां से रुपये लेने के बाद वह बाइक से घर जाने लगे। गौरिया मोड़ के पास पहुंचते ही बदमाशों ने डंडे से हमला कर दिया। हमले में बाइक अनियंत्रित हो गई। अवधेश काफी दूर जा गिरे। बैग पर पकड़ ढीली हुई तो छीनकर बदमाश भाग निकले। पीड़ित के मुताबिक बैग में 40 हजार रुपये थे।

काल बना कोहरा, तीन की गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

हादसा

- गाजीपुर, बंथरा और मड़ियांव में हुआ हादसा

अमृत विचार : पहाड़ों पर जैसे-जैसे बर्फबारी तेज हो रही है, वैसे-वैसे मैदानी इलाकों में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। कोहरे की वजह से सड़क दुर्घटनाओं ने तीन युवकों की मौत हो गई।

गाजीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत शक्तिनगर के समीप मंगलवार रात गलत दिशा से आ रही कार ने शोरूम मैनेजर रवि कश्यप (22) की स्कूटी में टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं, बंथरा के मोहनलालगंज-बनी मोड़ पर डंपर की चपेट में आने से ऑटो चालक शिवकुमार गौतम (30) की मौत हो गई। उधर, मड़ियांव में कोहरे के कारण कारीगर शुभम (23) मंदिर की दीवार से टकरा गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

गाजीपुर प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, पूर्वांचल नगर निवासी रवि कश्यप फन मॉल के एक शोरूम में बतौर स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत था। मंगलवार रात वह स्कूटी से घर लौट रहा था। रवि शक्तिनगर पुल के पास था। तभी कोहरे में गलत दिशा से आ रही कार ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। राहगीरों ने घायल रवि को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। शिनाख्त कराने के लिए पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी खोली। जिसमें शादी के कार्ड रखे मिले। बड़े भाई अशोक के मुताबिक 5 फरवरी को बहन रंजना की शादी है। जिसके कार्ड कुछ दिन पहले ही छप कर आए हैं। रवि घर से निकलते वक्त कार्ड लेकर गया था। घर में बताया था कि परिचितों को कार्ड बांटते हुए घर वापस आउंगा। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि रवि ने हेलमेट पहना था। स्कूटी में टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश की जा रही है। वहीं, मड़ियांव अलीनगर निवासी शुभम पीओपी कारीगर था। मंगलवार रात वह एक शादी में शामिल होकर घर लौट रहा था। रोशनाबाद के पास कोहरे के कारण शुभम को आगे कुछ नजर नहीं आया। जिसके चलते वह बाइक समेत मंदिर की दीवार से टकरा कर घायल हो गया था। पुलिस की सूचना पर परिवार वाले केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे थे। जहां शुभम की मौत होने का पता चला।

वहीं, बंथरा खसरवारा निवासी ऑटो चालक शिव कुमार गौतम जुनाबगंज जा रहा था। मोहनलालगंज-बनी मोड़ के पास डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो पलटने से शिवकुमार दब गया और उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर हेमंत राघव ने बताया कि शिव कुमार की पत्नी खुशबू को हादसे की सूचना दी गई थी।

लूट से लग्जरी लाइफ : प्रेमी युगल समेत तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर निवासी हैं आरोपी गोमतीनगर में करते थे लूट
- पुलिस ने आरोपियों से लूट का माल बरामद कर भेजा जेल

अमृत विचार : घर से भाग कर लिविंग में रह लग्जरी लाइफ के लिए लूट करने वाले प्रेमी युगल व गैंग के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गाजीपुर निवासी आरोपी गोमतीनगर इलाके में ठिकाना बना बाइक पैदल चलने वालों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने तीन वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया गोमतीनगर थाना क्षेत्र में चेन व मोबाइल लूट की कई वारदात हुईं थी। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। इनमें कुछ घटना स्थल के आसपास दिखे अपाचे बाइक पर सवार युवक-युवती संदिग्ध नजर आए। इनकी पहचान गाजीपुर निवासी प्रेमी युगल खुशी खातून और शिवम के रूप में हुई। तीसरे आरोपी की पहचान दोस्त हिमांशु यादव के रूप में हुई। डीसीपी ने बताया कि मंगलवार को तीनों को उठाकर सख्ती से पूछताछ की तो जुर्म मोबाइल व चेन स्नेचिंग का जुर्म कबूल कर लिया। बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से लूट के तीन मोबाइल, 755 रुपये व अपाचे बाइक बरामद हुई। शिवम के खिलाफ जिला गाजीपुर के नंदगंज और भावरकोल थाना में रिपोर्ट दर्ज है।

घर से भागे, राजधानी में बनाया ठिकाना

डीसीपी का दावा है कि शिवम अपनी प्रेमिका खुशी को शादी करने के लिए गाजीपुर से भगाकर लखनऊ लाया था। यहां पर किराए के घर में लिविंग में रह प्रेमिका के ऐसो आराम के लिए लूट पाट करने लगा। खुशी के घर वाले शिवम से दोस्ती नहीं पसंद करते थे। उनके विरोध करने पर खुशी भागी थी। पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई तो खुशी ने कोर्ट में शिवम के पक्ष में बयान दे उसके साथ रहने की इच्छा जता दी थी। इसके बाद खुशी के परिजन ने उससे रिश्ता तोड़ लिया। कुछ दिन दोनों गाजीपुर में रहे। इसके बाद लखनऊ पहुंचे। यहां गैंग बना दोस्त हिमांशु यादव को शामिल किया। तीनों गोमती नगर इलाके में पैदल चलने वाली महिलाओं से लूटपाट करते थे।

डेंगू पीड़ित पति से पत्नी मांग रही तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बात नहीं मानने पर घर में आकर की मारपीट, दी धमकी
- पीड़ित पिता ने बहू के खिलाफ आशियाना थाने में की शिकायत

अमृत विचार : डेंगू पीड़ित पति को छोड़ मायके गई पत्नी तलाक देने का दबाव बनाने लगी। पति के इंकार किए जाने पर ससुराल आई महिला ने ससुराल पक्ष वालों से बदसलूकी कर मारपीट की। बहू और उसके मायके वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक सेवानिवृत्त कर्मी ने आशियाना थाने में लिखित शिकायत देते हुए चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, प्रयागराज जनपद के कोरांव थानाक्षेत्र अन्तर्गत वेलवनिया गांव निवासी राजेश्वर प्रसाद तिवारी सपरिवार आशियाना के सेक्टर-जी एलडीए कॉलोनी में रहते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2018 में बेटे अभिषेक तिवारी की शादी मध्यप्रदेश के रीवां निवासी सुशील मिश्र की बेटी खुशबू से की थी। नवम्बर 2023 में बेटा डेंगूग्रस्त हो गया और उसके अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने समधी सुनील मिश्र को इस बात की सूचना दी, ताकि वह अपनी बेटी को लखनऊ भेज दें। पीड़ित का आरोप है कि मार्च 2023 में सुनील मिश्र अपनी बेटी को यह कहकर अपने संग लेकर चले गए थे कि उसको सचिवालय भोपाल एमपी में परीक्षा दिलवानी है। बावजूद इसके खुशबू डेंगू पीड़ित पति से मिलने नहीं आई। आरोप है कि शादी से पूर्व खुशबू को मिर्गी का दौरा पड़ता था, जिसका इलाज बीएचयू (वाराणसी) से चल रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने इलाज के कागजात मांगे तब विपक्षी हीलाहवाली करने लगे। आरोप है कि दिसम्बर 2023 को सुशील मिश्र बेटे पंकज, दामाद अखिलेश और बहनोई हरिप्रकाश पाण्डेय को लेकर उनके घर पर पहुंचे। जिसके बाद विपक्षी उनके बेटे को खुशबू को तलाक देने का दबाव बनाने लगे। इंकार करने पर आरोपियों ने पीड़ित और उनकी पत्नी से मारपीट कर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपती के आपसी विवाद से जुड़ा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

डॉक्टर के मकान से 31 लाख की ज्वैलरी चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो बंद मकानों और तीन दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना
- आशियाना, गोसाईंगंज और कृष्णानगर से सामने आए चोरी के मामले

अमृत विचार : आशियाना थानाक्षेत्र अन्तर्गत सेक्टर- के में चोरों ने डॉक्टर के बंद मकान का ताला तोड़ नकदी और ज्वैलरी समेत तकरीबन 31.42 लाख रुपये का सामान समेट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरु कर दिए हैं। इसके अलावा, चोरों ने गोसाईंगंज से तीन दुकानों और एक मकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं, कृष्णानगर में चोरों ने एक छात्रा का मोबाइल पार कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सेक्टर- के निवासी डॉक्टर प्रकाश राय सपरिवार रहते हैं। गत 14 जनवरी को वह बड़े बेटे के पास मुंबई गए थे। घर की देखभाल के लिए नौकरानी अनीता और चालक सर्वेश कुमार को वह चाभी सौंप गए थे। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार को अनीता ने घर का ताला टूटा देखा। तब उसे चोरी का आभास हुआ। इस पर अनीता ने फौरन मकान-मालिक को फोन पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही प्रकाश राय देर रात में मुंबई से लौटे। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने अलमारी से एक लाख की नकदी, 35 हजार की घड़ियां और तकरीबन 30 से अधिक सोने-चांदी के आभूषण साफ कर दिए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किए जाने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है।

वहीं, गोसाईंगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत रज्जाकपुर गांव निवासी मनोज कुमार की सुल्तानपुर रोड स्थित चांद सराय कस्बे में दो पहिया वाहनों की एजेंसी है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की रात चोर शोरूम के पीछे की खिड़की तोड़ कर अंदर घुसे। इसके बाद चोरों ने शोरूम से एलईडी टीवी, पार्ट्स, व 57 हजार नकद चोरी कर लिये। वहीं शोरूम से कुछ दूरी मोहित वर्मा की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से चोरों ने दीवार में सेंध लगाकर लाखों का सामान पार कर दिया। फिर बेली गांव निवासी आनंद सिंह की बंद कैंटीन से चोरों ने गैस सिलेंडर पर हाथ साफ किया। इसके साथ ही चोरों ने गोसाईंगंज के मातन टोला निवासी कैब चालक उपेंद्र सिंह के बंद मकान का ताला तोड़ लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। गोसाईगंज प्रभारी निरीक्षक महेंद्र शुक्ला ने बताया कि पीड़ितों की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कृष्णपल्ली निवासी अशमिता राज गत 16 जनवरी को साप्ताहिक मंगल बाजार खरीदारी करने गई थी। किसी चोर ने उनका मोबाइल पार कर दिया। छात्रा ने बताया कि मोबाइल के कवर में 6 हजार रुपये रुपए कैश थे। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

वन्य जीव ने गाय पर किया हमला, मौत

संवाददाता, मलिहाबाद

कांबिंग करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

अमृत विचार : माल क्षेत्र में किसान के दरवाजे पर बंधी गाय को हिंसक वन्य जीव ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गाय ने दम तोड़ दिया। सूचना पर रेंजर आलोक तिवारी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन्य जीव के पगचिन्हों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को अकेले खेतों की ओर जाने के लिए मना किया साथ बच्चों को बाहर न जाने की हिदायत दी है। गाय पर हुए हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण पगचिन्हों के आधार पर तेंदुआ होने की बात कह रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात पतौना गांव निवासी नाहर प्रसाद की पालतू गाय रोज की तरह दरवाजे पर रखे छप्पर के नीचे बंधी हुई थी। रात लगभग दो बजे गाय के कराहने और छटपटाने की आवाज से घर वालों की आंख खुल गई। किसान नहर ने टार्च की रोशनी में देखा तो गाय तड़प रही थी। गर्दन में लगभग एक फिट से अधिक व्यास का मांस गायब था। मौके पर काफी खून पड़ा था। गाय पर हुए हमले की सूचना पर तमाम ग्रामीण वहां पहुच गए। बुधवार सुबह रेंजर आलोक तिवारी वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

इस सम्बंध में रेंजर मलिहाबाद आलोक तिवारी ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया गया है।पगचिन्ह शेर या तेंदुए के नहीं हैं। पगचिन्ह स्पष्ट नहीं है, भेड़िया या लकड़बग्घे के लग रहे हैं।

फंदे से लटका मिला नौकरानी का शव

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, मूलरूप से बाराबंकी जनपद के लोनी निवासी मुस्कान आकाश इंक्लेव निवासी डॉ. विष्णु प्रताप सिंह के घर नौकरानी थी। वह सर्वेंट क्वार्टर में अकेले रहती थी। मंगलवार शाम करीब 7 बजे मुस्कान को बुलाने के लिए डॉक्टर की पत्नी ने दरवाजा खटखटाया। जवाब नहीं मिलने पर घर वाले परेशान हो गए। धक्का देकर किसी तरह से दरवाजा खोला गया। अंदर मुस्कार का शव पंखे के कुंडे से चादर के फंदे से लटका मिला। डॉ. विष्णुप्रताप ने मुस्कान के खुदकुशी करने की सूचना पीजीआई पुलिस को दी। इसके बाद एसआई धीरेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। जिनकी फुटेज में मुस्कान अकेले कमरे में जाती हुई दिखाई पड़ी है। छानबीन में कमरे से सुसाइड नोट नहीं मिला है। नौकरानी के खुदकुशी करने का कारण जानने के लिए परिवार से बात की जा रही है।

मां को भेजीं बेटियों की आपत्तिजनक तस्वीरें

लखनऊ/सरोजनीनगर

- पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार : सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक युवक ने महिला के वाट्सएप नंबर पर उसकी बेटियों की आपत्तिजनक फोटोग्राफ भेज मोबाइल नंबर के साथ फोटोग्राफ के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद महिला के मोबाइल पर अंजान नंबर से आपत्तिजनक कॉल आने लगी। इस मामले में महिला बेटे के संग थाने पहुंची। जहां उसने लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने अज्ञात फोनकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन पूर्व आरोपी ने उनकी मां के वाट्सएप नंबर पर बहनों की आपत्तिजनक फोटोग्राफ भेज उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल फोटोग्राफ में उनकी मां का नंबर भी दर्ज है। इसके बाद मां के मोबाइल पर अनजान नंबर से आपत्तिजनक कॉल आने लगी। पीड़ित ने बताया कि आरोपी रोजाना नए स्टेटस अपलोड करता है। जिसमें उनकी बहनों की आपत्तिजनक फोटो का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

संकल्प यात्रा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

अमृत विचार, निगोहां : बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा निगोहां गांव पहुंची, जहां कार्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा,आंगनवाड़ी, कृषि केंद्र सहित कई विभागों के स्टाल लगाये गए। जिसमें पशुपालकों को नि :शुल्क दवाइयां वितरित कर रोग से बचाव की जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला और खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगज ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत मौजूद ग्रामीणों को जानकारी दी गई, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लाक प्रमुख और बीडीओ मोहनलालगज पूजा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक अमरेश रावत ने गरीब असहाय जरूरतमंदों को कम्बल बांटा।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार, काकोरी : बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सरोसा-भरोसा काकोरी परिसर में वात्सल्य संस्था द्वारा सुगंधा परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय शिक्षा अधिकारी मुकेश सिंह ने सभी प्रतिभागियों विशेषकर बालिकाओं को अपनी शिक्षा जारी रखते हुए सभी को जीवन में सफलता प्राप्त करने और जीवन में लक्ष्य निर्धारण की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन वात्सल्य संस्था से डॉ. वर्षा सिंह ने किया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी राममूर्ति यादव ने बालिका शिक्षा पर वात्सल्य संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। संस्था द्वारा साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 9 बालिकाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में वात्सल्य संस्था से भूपेन्द्र सिंह, विवेक,अब्दुल, स्वाति, रविकांत, दीपिका, वार्डेन सुनीता यादव सहित समस्त स्टाफ व छात्राएं तथा विभिन्न समुदायों से प्रतिभागी सम्मिलित रहे।

आंनद ने पीसीएस परीक्षा पास कर रोशन किया नाम

अमृत विचार, काकोरी : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस की परीक्षा में लेखाधिकारी के पद पर चयनित होकर काकोरी के काजीगढ़ी निवासी आनंद तिवारी ने माता-पिता सहित काकोरी क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। आनंद तिवारी ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में हासिल की है। आनंद ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अपनी सफलता का श्रेय माता पिता को देते हुए आनंद ने बताया कि छह वर्षों की कड़ी मेहनत और सेल्फ स्टडी से पहले ही प्रयास में उपलब्धि पाई है। पिता प्रमोद तिवारी माल के राम दुलारी काशी प्रसाद इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल है। माता मीना तिवारी गृहणी है। आनंद के लेखाधिकारी पद पर चयनित होने के बाद घर पर बधाइयां देने के लिए काकोरी क्षेत्र वासियों के जमावड़ा लगा रहा।

पेड़ काटने के आरोपी पर 20 दिन बाद भी दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- प्रधान ने 4 जनवरी को प्रभारी निरीक्षक इटौंजा को दिया था लिखित शिकायती पत्र, नहीं हो सकी जांच

अमृत विचार : इटौंजा थानाक्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामसभा भगौतीपुर के प्रधान ने उप जिलाधिकारी व प्रभारी निरीक्षक इटौंजा को 4 जनवरी 2024 को शिकायती पत्र दिया था। इसमें उन्होंने ग्राम समाज की भूमि पर लगे नीम, शीशम और गूलर के 14 पेड़ों को काटकर बेंच देने की शिकायत की थी। गांव के ही भास्कर प्रताप सिंह पर आरोप लगाया था। लेकिन शिकायत दिए 20 दिन बीत चुके हैं अब तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

महिला प्रधान रामरती ने बताया कि ग्राम पंचायत भगौतीपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी की टंकी निर्माण के लिए ग्राम पंचायत समिति द्वारा भूमि ग्राम समाज की दी गई है।

ग्राम प्रधान का कहना है कि अगर पुलिस ने मेरी तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई नहीं करेगी तो डीसीपी से मुलाकात करेंगे। वहीं प्रभारी निरीक्षक इटौंजा मार्कण्डेय यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

छात्र ने स्कूल के स्टाफ पर लगाया मारपीट का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी थाना अंतर्गत ग्राम शिवरी निवासी मोनू इलाके के एक निजी स्कूल में कक्षा 11 का छात्र है। रोज की भांति बुधवार को भी स्कूल गया था। आरोप है कि क्लास में आये शिक्षक ने उसे खड़ा कर तीन माह की एडवांस फीस मांगी। उसने अगले दिन फीस जमा करने की बात कही तो शिक्षक ने स्कूल से निकाल दिया। मोनू का कहना है कि वह घर से अपने भाई को लेकर स्कूल पहुंचा प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ ने मिल उसे व उसके भाई को जमकर पीट दिया। आरोप है कि उसे स्कूल से निकालने व दोबारा आने पर जान माल की धमकी दी गयी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद का कहना है कि दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

टीम से ट्रॉफी व इनाम के 10 हजार रुपये छीने

संवाददाता, लखनऊ/ निगोहां

- क्रिकेट प्रतियोगिता में मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हुआ था विवाद
- नगराम थाना क्षेत्र का मामला शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी

हमले में घायल खिलाड़ी

अमृत विचार : गुज्जर गैंग के सदस्यों ने क्रिकेट मैच के फाइनल में विजेता टीम के खिलाड़ियों को पीट कर ट्रॉफी और ईनाम की राशि छीन ली। मैच के दौरान दो टीमों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विपक्षी टीम ने एक दिन पहले ही धमकी दी थी।

रायबरेली के कुर्री सुदौली गांव निवासी रिजवान मोहम्मद निगोहां क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। उन्होंने बताया उनकी टीम ने नगराम के रसूलपुर गांव में हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही थी। मंगलवार को उनकी टीम फत्तेखेड़ा को हरा कर फाइनल में पहुंच गयी थी। इससे नाराज फत्तेखेड़ा के कप्तान और अन्य खिलाड़ियों ने उनकी टीम को फाइनल न धमकी दी थी। धमकी को नजरंदाज कर बुधवार को निगोहां टीम ने फाइनल जीत लिया। ईनाम की ट्रॉफी व 10 हजार रुपये टीम को मिले।

टीम के सदस्य घर लौट रहे थे। रिजवान का कहना है कि देवी खेड़ा पुलिस चौकी के पास फत्तेखेड़ा के खिलाड़ियों ने कुछ अन्य के संग खड़े मिले। उन्होंने उसकी कार रोक कर रॉड से कार के शीशे तोड़ दिये। कार में बैठा खिलाड़ी सर्वेश घायल हो गया। आरोपी ट्रॉफी और 10 हजार छीन ले गए। आरोप है कि नगदी छीन रहे युवकों ने खुद को गुज्जर गैंग का सदस्य बता जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित खिलाड़ियों ने नगराम थाने में लिखित शिकायत की है। नगराम एसओ विवेक चौधरी ने बताया तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न आमजन की भावना का सम्मान : पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



महानगर स्थित पार्क में स्थापित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान।

अमृत विचार : बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपना पूरा जीवन पिछड़ों और गरीबों की सेवा में बिताने वाले व्यक्ति को देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर प्रधानमंत्री मोदी ने आमजन की भावना का सम्मान किया है।

यहां महानगर के सेक्टर एच स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर मल्यार्पण करने के बाद उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन पिछड़ों और प्रताड़ित लोगों की सेवा में बीत गया, लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने उनके बारे में नहीं सोचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक न्याय के मसीहा को भारत रत्न देकर वास्तव में एक महान निर्णय लिया है। कहा कि केन्द्र सरकार निरंतर कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होती हैं, जिनसे देशभर में सकारात्मक बदलाव भी आया है।

त्याग व समर्पण का प्रधानमंत्री मोदी ने किया सम्मान : प्रधान

विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजने का फैसला लेकर त्याग और समर्पण का सम्मान किया है। जन्म-शताब्दी से पूर्व जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने का फैसला, गरीब और पिछड़ों का सम्मान है। प्रधानमंत्री ने बहुत बड़ा कार्य किया है। विधान परिषद सदस्य ने कहा कि अपना पूरा जीवन पिछड़ों और गरीबों की सेवा में खपाने वाले महानायक को आज तक किसी भी सरकार ने इस प्रकार का सम्मान देने का नहीं सोचा। प्रधानमंत्री मोदी का यह फैसला वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कर्पूरी ठाकुर के आजीवन समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए उनकी अथक लड़ाई को श्रद्धांजलि है।

देवर के खिलाफ बेटी को पीटने का लगाया आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 13 राजाजीपुरम निवासी महिला ने देवर के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। शाइस्ता बानो ने आरोप लगाया कि देवर उस्मान अंसारी मेरी बेटी को मारता-पीटता है। एक बार तकिए से मुंह दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की। जिससे बेटी डरी सहमी है और अचानक रात में रोने लगती है बेटी की मां ने डॉक्टर को दिखाया और कोई बीमारी नहीं मिली। शाइस्ता का आरोप है कि पति अशफाक आलम भी भाई उस्मान अंसारी की बातों में आकर मेरी पिटाई करते हैं। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे पर जाम का झाम

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में बुधवार को एक होटल में आयोजित कार्यक्रम की वजह से कानपुर रोड का यातायात रोक दिया गया। जिसकी वजह से तमाम वाहन रोड जाम में बुरी तरह फंस गए। रोड पर दोनों ओर लंबा जाम लगने से मरीज को ले जा रही कई एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही। रोड जाम होने से लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि कानपुर रोड पर शहीद पथ तिराहे के पास मौजूद एक निजी होटल में अक्सर कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम आयोजित होता रहता है। जिसमें किसी न किसी वीआईपी का आगमन होता है। बुधवार को भी इस होटल में वीआईपी आगमन को लेकर कानपुर रोड पर दोनों ओर का यातायात रोक दिया गया। ट्रैफिक रोके जाने से रोड की एक पटरी पर शहीद पथ तिराहे से बीमा अस्पताल तक, जबकि दूसरी पटरी पर एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे से यातायात रोक जाने से नादरगंज तक वाहनों की लंबी कतार लग गई और तमाम वाहन जाम में फंस गए।

एक नजर

292 लोगों को दिया निशुल्क परामर्श

लखनऊ : प्रियदर्शनी वार्ड में लोधी चौराहा पर आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 292 को परामर्श दिया गया। शिविर की शुरुआत भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया। कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता है कि सभी को आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य सुविधा मिले। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ. कैलाश नारायन सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज के सहयोग से हुआ। जिसमें हार्ट, शुगर, बीपी, थायराइड, गठिया और चर्म रोग की निशुल्क जांच कर दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान रक्षा मंत्री के ओएसडी केपी सिंह, महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, पार्षद रामकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

स्थापना दिवस पर 102 अभियंताओं का सम्मान

लोक निर्माण विभाग डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने मनाया 102वां स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 61 से 91 वर्ष तक के सदस्यों को संघ ने किया सम्मानित
- बाराबंकी के जय प्रताप सिंह को मिला संघ रत्न

अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का 102वां शताब्दी स्थापना दिवस समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। इसमें 61 से 91 वर्ष के 102 सदस्यों को संघ ने सम्मानित किया। बाराबंकी के जय प्रताप सिंह को संघ रत्न से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष अरविंद कुमार जैन, प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क, विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन एके अग्रवाल एवं परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश के विकास में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनका फर्ज है कि सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर विकास कार्यों में अपनी भागीदारी दर्ज कराएं। उन्होंने अयोध्या के रामपथ के निर्माण में अवर अभियंताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि दिन रात एक करके अवर अभियंताओं ने इसे रिकार्ड समय में तैयार किया है।

प्रदेश अध्यक्ष एनडी द्विवेदी ने कहा कि संघ एक वटवृक्ष की तरह अपने सदस्यों की रक्षा के लिए खड़ा है। संघ को आईएसओ अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। हमारा पूरा प्रयास है कि हम संघ की गरिमा को बनाए रखकर अपने सदस्यों के हितार्थ प्रयासों को जारी रखेंगे। पूर्व अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने उपस्थित देश भर के डिप्लोमा इंजीनियर्स से पुरानी पेंशन बहाली के लिए एक मंच पर आने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन राजर्षि त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता परवेज, डिप्टी डायरेक्टर डा. संजय हिन्द, रीता गंगवार, शशि किरन, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष एचएन मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष एसपी मिश्रा, शिवशंकर दुबे, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव, मंत्री वित्त एके मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

इन्हें किया गया सम्मानित

इंजीनियर दिवाकर राय, एलएन सचान, अमरनाथ, केडी द्विवेदी, एसएन श्रीवास्तव, एसएस यादव, विश्वनाथ त्रिपाठी, संजय कुमार पाण्डेय, आरपी यादव, सुनील श्रीवास्तव, एके मिश्रा, हेमेन्द्र प्रताप सहित 102 सेवानिवृत्त अभियंताओं को सम्मानित किया गया।

फरवरी में होगा सहकारिता सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 500 लोगों को सौंपी गई नमो एप डाउनलोड कराने की जिम्मेदारी

अमृत विचार : सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि फरवरी के अंतिम सप्ताह में लखनऊ में सहकारिता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

राठौर ने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की ओर से अवध क्षेत्र कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बात कही। सम्मेलन में वीपैक्स डीसीबी, डीसीडीएफ, उपभोक्ता भंडार, क्रय विक्रय समिति, सहकारी संघ एवं शीर्ष संस्थाओं के अध्यक्ष एवं संचालक गण सभी जिलों से आएंगे। सम्मेलन में आने वाले जनप्रतिनिधियों को प्रवेशिका देकर सूचीबद्ध किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी सहकारिता ब्रज बहादुर ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समायोजित हुए हैं। इसलिए यह सम्मेलन प्रदेश के सहकारी बंधुओ के लिए नजीर बनेगा। प्रदेश महामंत्री प्रभारी अवध क्षेत्र संजय राय ने कहा कि सभी को पांच सौ लोगों को नमो एप डाउनलोड कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता मनीष साहनी, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष दिनेश तिवारी, एमएलसी अवनीश सिंह, एमएलसी पवन सिंह चौहान, ओम प्रकाश सिंह, नवलेश प्रताप सिंह, चंद्र कुमार मिश्रा बापू आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मताधिकार : डॉ. अनिल

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा के मुख्यालय में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मताधिकार है। यह अधिकार ही हमें अपने और देश के लिए प्रतिनिधि चुनने का अधिकार देता है। अपने इस अधिकार का प्रयोग करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। निदेशक सूडा ने कहा कि विश्व के मानचित्र में अनेक ऐसे देश मिल जाएंगे, जहां नागरिकों को कोई अधिकार हासिल नहीं हैं। ऐसे में देश के प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला, वित्त नियंत्रक सूडा संजीव गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी सूडा अतुल सिंह चौहान व परियोजना अधिकारी विजया तिवारी सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

शपथ दिलाते सूडा निदेशक डॉ. अनिल कुमार।

केडी सिंह स्टेडियम में लगेगा हॉकी खिलाड़ियों का जमावड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू सोसाइटी के देख रेख में 26 ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता खेली जाएगी। पांच लाख रुपये की इनामी राशि वाली प्रतियोगिता में देश की चुनिंदा 16 टीमें हिस्सा लेंगी। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यानचंद स्टेडियम में 2 फरवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता की शुरुआत मास्को ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी राजेंद्र सिंह करेंगे। बुधवार को स्टेडियम में आयोजित पत्रकार वार्ता में कुंवर धीरेंद्र सिंह और हॉकी ओलंपियन सुजीत कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमे गुरुवार तक राजधानी पहुंच जाएगी। इन टीमों को चार ग्रुप में बांटकर मैच कराए जाएंगे। ग्रुप की शीर्ष दो टीमों को नॉकआउट राउंड में प्रवेश मिलेगा। इस आयोजन में मेजबान यूपी ग्रेस यूपी करम के अलावा भीलवाड़ा हॉकी, एमएम स्पोर्ट्स अकादमी हरियाणा, हॉकी आन्ध्र प्रदेश, ग्रास रूट अकादमी कोलकाता, रॉयल हॉकी अकादमी पंजाब, नीलगिरी हॉकी अकादमी तमिलनाडु, नवल टाटा अकादमी भुवनेश्वर, ध्यानचंद हॉकी अकादमी आन्ध्र प्रदेश, राउंड ग्रास हॉकी अकादमी मोहाली, मणिपुर हॉकी, रितु रानी हॉकी अकादमी पंजाब, गुरुनहारा अकादमी दिल्ली, एचएफबीएनसीआर सोनीपत, भास्करन हॉकी अकादमी तमिलनाडु की टीमें भाग ले रही हैं।

कल विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी दिवस के मौके पर 26 जनवरी को प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। राजभवन में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह के लिए छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। तीन सामान्य और तीन दिव्यांग खिलाड़ियों का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन खिलाड़ियों को तीन लाख ग्यारह हजार रुपये के अलावा लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई की कांस्य प्रतिमा देकर सम्मानित करेंगे। सामान्य वर्ग में निशानेबाज अखिल श्योराण और हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल को लक्ष्मण अवॉर्ड दिया जाएगा, जबकि एथलेटिक्स में किरण बालियान को रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। दिव्यांग वर्ग में पैरा एथलेटिक्स में अजीत सिंह को लक्ष्मण अवॉर्ड मिलेगा। जबकि सिमिरन को पैरा एथलेटिक्स और जैनब खातून को पैरा पावरलिफ्टिंग में रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान के लिए होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

पोस्टर और लेखन के जरिए किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के छात्रों ने बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर पोस्टर और लेखन के सहारे छात्रों को जागरूक किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह की उपस्थिति में बालिका दिवस पर छात्र और शोधार्थियों द्वारा स्वस्थ बालिका - सुखी संसार विषय पर पोस्टर और नारे लेखन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम एक ऊर्जावान वॉकथॉन और प्राथमिक विद्यालय यात्रा के साथ सज्जित किया गया। वॉकथॉन गृह विज्ञान अध्ययनशाला से प्रारंभ होकर सरोजनीनगर प्राथमिक विद्यालय तक भी गया। इस अवसर पर बालिकाओं की शिक्षा, अधिकार व विकास के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता के साथ छात्र-छात्राओं के बीच चॉकलेट, पेंसिल, कटर आदि वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान डॉ. नीतू सिंह, डॉ. प्रियंका संकर, डॉ. माधवी डैनियल तथा गृह विज्ञान विद्यापीठ के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विप्रज की गेंदबाजी से जीता उत्तर प्रदेश

अमृत विचार, लखनऊ : स्थानीय लेग स्पिनर विप्रज निगम की करिश्माई प्रदर्शन (9-5-16-4) करते हुए सीके नायडू ट्रॉफी में यूपी को शानदार जीत दिलाई। टीम ने पुडुचेरी को पारी और 19 रन से हराते हुए पूरे सात अंक अर्जित किए। मुकाबले के आखिरी दिन पुडुचेरी की पूरी टीम 39.5 ओवर में महज 108 रन पर सिमट गया। इस जीत के साथ यूपी ने ग्रुप ए में शीर्ष पायदान हासिल कर लिया है। टीम को अब अगला मुकाबला 28 जनवरी से बड़ौदा के खिलाफ खेलना है। स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के आखिरी दिन पुडुचेरी की टीम ने दूसरी पारी का तीसरा ओवर खेलने उतरी। 9 रन के योग पर टीम को पहला झटका लगा, जब जसवंत चार रन के निजी योग पर वैभव की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसी स्कोर पर पर खेलने आए कमलेश बिना खाता खोले बगैर वैभव की गेंद पर रितुराज को कैच दे बैठे। शुरुआती दो झटके लगने के बाद पुडुचेरी की टीम संभल नहीं सकी और टीम के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। मध्यक्रम से आकाश (41 रन) को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। टीम के आठ बल्लेबाज को दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। इस दौरान विप्रज निगम की लेग स्पिन का जादू पुडुचेरी के बल्लेबाजों के ऊपर सिर चढ़कर बोला। उन्होंने 16 रन देकर चार बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। मुकाबले में पुडुचेरी ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 230 रन बनाए। जवाब में यूपी ने सात विकेट पर 257 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इसके बाद दूसरी पारी खेलने उतरी पुडुचेरी की पूरी टीम 108 रन पर सिमट गई।

राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में कैंपस चयन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दो छात्रों का कैंपस चयन हुआ। डायरेक्टर प्लेसमेंट विराग दीक्षित ने बताया कि एमबीए के दो छात्र शिव प्रताप सिंह और रितुपर्णा मिश्रा का चयन हुआ है। इस दौरान कुलपति प्रोफेसर राणा कृष्ण पाल सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

कर्पूरी ठाकुर का फार्मूला लागू करे केंद्र : अनीस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अनीस मंसूरी

- कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा करना भाजपा का चुनावी स्टंट

अमृत विचार : पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा है कि केन्द्र सरकार को जननायक कर्पूरी ठाकुर के फार्मूले को लागू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी 2014 से सत्ता में है और अब 2024 के चुनाव से ठीक पहले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है उनका मानना था कि पिछड़ों, श्रमिकों, दलितों और पसमांदा समाज के वंचितों को आरक्षण का लाभ दिया जाए।

अनीस मंसूरी ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह चुनावी स्टंट है वर्ना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने से पहले उनका फार्मूला लागू करना चाहिए था। अगर भारत रत्न की घोषणा से पहले कर्पूरी ठाकुर का फार्मूला लागू किया जाता तो इसमें भाजपा की साफगोई नजर आती लेकिन ऐसे तो यह वोट साधने की राजनीति भर है।

उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सारी पिछड़ी जातियों को इकट्ठा करने वाले देश के पहले नेता थे। राजनीति में पिछड़ी जातियों के लिए सीमित स्थान था। मुख्यमंत्री रहते हुए 1978 में उन्होंने बिहार की सरकारी सेवाओं में पिछड़ों को 26 फीसदी आरक्षण दिया था। पिछड़े वर्गों में उन्होंने वंचितों को अलग से वर्गीकृत किया था। उन्होंने कहा कि अगर केन्द्र सरकार सच में पिछड़ों के उत्थान और सम्मान के लिए समर्पित है तो उसे कर्पूरी ठाकुर फार्मूले को लागू करना चाहिए।

कर्पुरी ठाकुर को अर्पित की पुष्पांजलि

लखनऊ : समाजवादी चिंतक व क्रांतिकारी तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पुरी ठाकुर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि ने अपने कैम्प कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाजवादी कार्यकताओं ने कर्पुरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता सभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नंद किशोर यादव, सुलेखा, उमेश रावत, प्रदीप शर्मा, दिनेश यादव, अजय सविता, शिव शंकर पांडे, धीरज सोनकर, अमन सिंह, कृष्ण शर्मा, सुमन देवी, राम प्रकाश मिश्र, रितिक सिंह, आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

राम दो अक्षर का नाम है जिसमें सभी गुण समाहित हैं

लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी का विषय था समसामयिक परिप्रेक्ष्य में श्रीराम। मुख्य वक्ता प्रो हरिशंकर मिश्रा, पूर्व आचार्य हिन्दी विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय एवं लखनऊ की अवधी कहानी लेखिका डॉ रश्मि शील विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अपूर्वा अवस्थी ने कहा कि संपूर्ण भारतीय संस्कृति में जो कुछ भी सर्वोत्तम है उसके प्रतिनिधि राम हैं। राम दो अक्षर का नाम है जिसमें सभी गुण समाहित है। डॉ. रश्मि शील ने कहा कि आज हमारी भारतीय संस्कृति के सामने कई खतरे हैं इसलिए हम अपनी संस्कृति के जो पुराने आदर्श हैं उन्हें सामने लाते हैं। राम भी एक ऐसे ही आदर्श हैं। हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो मंजुला उपाध्याय ने कहा कि राम का नाम जन्म से लेकर मृत्यु तक लिया जाता है। हिंदी विभाग की प्रो अमिता रानी सिंह घना यादव एवं महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताएं और छात्राएं उपस्थित रहीं।

जानकीपुरम में उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चे, साथ में अन्य। अमृत विचार

महोत्सव में दिखा उत्तर प्रदेश दिवस का आकर्षण

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश महोत्सव में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस का आकर्षण देखने को मिला। जानकीपुरम में चल रहे महोत्सव में कलाकारों ने पूरे उत्साह के साथ उत्तर प्रदेश दिवस मनाया। कलाकारों ने नृत्य, गायन व वादन के बाद रैम्प पर कैटवाक भी किया। उत्तर प्रदेश महोत्सव में ध्रुव प्रकाश निगम, सश्विका आराध्या, वैष्णवी कर्मकार, जीनत बानो, अनीता, ज्योति, खुशी, शगुन, साक्षी, सोनी, अदिति और रागिनी शुक्ला ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। साधना डांस अकादमी की संस्थापक काजल पाण्डेय के निर्देशन में नव्या घोष, नन्दिनी सिंह और देविशी राणा ने गीत नैनो वाले ने... को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। आर्यवर्त शिक्षण संस्थान ने शांति शिव नारायण के निर्देशन में बच्चों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अमित सक्सेना, डॉ. अर्चना सक्सेना, राजेश राज गुप्ता, शैलेन्द्र मोहन, रोमा श्रीवास्तव, शशांक सक्सेना, मंजूषा श्रीवास्तव और मुकेश मिश्रा भी मौजूद रहे।

सभी वार्डों में किया जाएगा दीवार लेखन का कार्य

लखनऊ : महानगर में दो लाख लोगों को नमो एप डाउनलोड कराया जाएगा। साथ ही दीवार लेखन का काम भी सभी वार्डों में होगा। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बुधवार को कार्यालय में पदाधिकारियों, विभिन्न अभियानों के संयोजकों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चल रहे अभियानों की समीक्षा की। द्विवेदी ने नमो एप अभियान को गति देने के लिए योजना बनाई। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नमो एप डाउनलोड कराने के लिए सभी मोर्चा, प्रकोष्ठों, विभागों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी वार्ड स्तर पर बाजार, विद्यालय, कार्यालय में शिविर लगाकर तेजी लाएं। दीवार लेखन अभियान संयोजक महामंत्री राम अवतार कनौजिया ने बताया कि उत्तर बूथ संख्या 168 पर धनश्याम अग्रवाल, पश्चिम बूथ संख्या 162में सतेंद्र सिंह, बूथ संख्या 213 में महेंद्र राजपूत, बूथ संख्या 212 में प्रतिमा मिश्रा ने अपने बूथ में कमल का फूल बनाकर एक बार फिर से मोदी सरकार लिखकर दीवार लेखन अभियान चलाया।

श्याम लाल की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन

लखनऊ : महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति एवं समाज सेवियों ने बुधवार को बक्को मोहन मेकिंग स्थित महर्षि वाल्मीकेश्वर मंदिर में स्व. श्याम लाल पुजारी की दूसरी पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, उनके परिजन व समाज सेवियों ने हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया। निर्धन समाज के लोगों को निशुल्क कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्रजेश चौधरी, राम कुमार, गोपाल, योगेन्द्र, उद्देश्य, सिद्धार्थ, आकाश शामिल रहे।

प्रस्तुति | आकांक्षा थियेटर आर्ट्स ने नाटक का किया मंचन

ईमानदारी का संदेश दे गया मीठी ईद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आकांक्षा थियेटर आर्ट्स ने संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में बुधवार को नाटक मीठी ईद का मंचन किया। बीएल गौड़ द्वारा लिखित और प्रेरणा अग्रवाल द्वारा रूपांतरित इस नाटक का निर्देशन अचला बोस ने किया।

नाटक मीठी ईद ने बताया कि मेहनत और ईमानदारी से व्यक्ति हमेशा कामयाबी की तरफ बढ़ता है। साथ ही यह नाटक जाति धर्म से ऊपर उठकर काम करने की प्रेरणा भी देता है। नाटक में विजय रेलवे में इंजीनियर है, अपनी पत्नी शारदा के साथ सुखी जीवन व्यतीत कर रहा है। इसी बीच रेलवे में देशव्यापी हड़ताल होती गई और विजय इस हड़ताल में मजदूरों के साथ खड़ा हो जाता है। विजय का तबादला जम्मू कर दिया जाता है।

जम्मू में विजय की घनिष्ठता राजेश से हो जाती है। वहीं उसकी मुलाक़ात अब्दुल नाम के मजदूर से भी होती है। इन दोनों के बीच संवेदनशील रिश्ता बन जाता है। अब्दुल बीमार पड़ जाता है तो विजय उसके घर जाकर उसकी मदद करता है। इसी बीच ईद आ जाती है और अब्दुल के घर में तंगी का माहौल होता है। अब्दुल फातिमा के साथ विजय के लिए सिंवई लेकर जाता है तो विजय को पता चलता है कि फातिमा ने अपने कंगन गिरवी रखकर ईद का इंतजाम किया है। विजय महाजन के पांच हजार अदा करके फातिमा के कंगन वापस दिलाता है। अब्दुल के अच्छे दिन आते हैं तो वह विजय के पांच हजार रुपये लौटाने आता है। विजय रुपये लेने से इनकार करते हुए कहता है कि इसका तबादला वापस गाजियाबाद हो गया है और वह वापस लौट रहा है। नाटक में तारिक इक़बाल, अनमोल कुमारी, अशोक लाल, जारा हयात, आनंद प्रकाश शर्मा, क्मेंद्र सिंह गौर और सचिन सिंह चौहान ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

वाल्मीकि रंगशाला में नाटक मीठी ईद का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, सुलतानपुर

पत्रांकः 409/ डूडा/ निविदा / 2023-24 दिनांकः - 24-01-24

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना एवं एस0सी0एस0पी0 योजनान्तर्गत स्वीकृत 07 कार्यों हेतु ई - निविदा सूचना के अनुसार सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें दिनांक 25-01-24 से 05-02-24 की सायं 05: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । टेक्निकल बिड दिनांक 06-02-24 की सायं 02: 00 बजे परियोजना निदेशक, डूडा सुलतानपुर के कार्यालय में निर्धारित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी ।

निविदा की पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

परियोजना अधिकारी
डूडा, सुलतानपुर

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
परियोजना निदेशक, डूडा

सूचना

सूचित हो कि मैं राधा वर्मा पत्नी प्रेम सागर निवासिनी मोहल्ला हाता गुलाम सफदर पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ उत्तर प्रदेश की हूं। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लज्जावती अंकित हो गया है जो गलत है मेरा सही व वास्तविक नाम राधा वर्मा है। आज दिनांक 24/01/2024 से मुझे राधा वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए। **राधा वर्मा पत्नी प्रेम सागर निवासिनी मोहल्ला हाता गुलाम सफदर पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ उत्तर प्रदेश।**

कार्यालय जिला पंचायत, लखनऊ

पत्रांक- 869/मृत पशु शव निस्तारण/जि0पं0ल0/2023-24 दिनांक 24/01/2024

मृत पशु शव निस्तारण नीलामी/निविदा सूचना

जिला पंचायत लखनऊ के क्षेत्राधीन ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये न्याय पंचायतवार मृत पशु शव निस्तारण सम्बन्धी ठेका/लाईसेन्स निर्गत किये जाने हेतु शासनादेश संख्या-2232/33-2020-420जी/2020 दिनांक 20 अक्टूबर 2020 के अनुक्रम में टेण्डर / निविदा दिनांक 21.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे आमंत्रित की जाती है निविदा डालने हेतु निम्नवत शर्ते है- 1. टेण्डर/निविदा न्याय पंचायतवार आमंत्रित होगी। 2. प्रत्येक न्याय पंचायत के सापेक्ष निविदा के साथ ज़मानत की धनराशि रु 5000/- नगद /डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। 3. प्रत्येक न्याय पंचायत के सापेक्ष निविदा प्रपत्र का मूल रु 500/- निर्धारित है। 4. ज़िला पंचायत लखनऊ के बकायेदार टेण्डर/निविदा में प्रतिभाग नही कर सकते। 5. उक्त पेशे से जुड़े हुए व्यक्ति को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 6. प्राप्त निविदा की उच्चतम धनराशि निविदा खुलने के पश्चात् उसी दिन तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा जमा जमानत धनराशि जब्त कर उसके निविदा पर विचार नही किया जायेगा। 7. निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त तिथि में नीलाम न होने वाली न्याय पंचायतों के सापेक्ष नीलामी सम्बन्धित न्याय पंचायत की नीलामी होने तक उक्त दिनांक के आगामी प्रत्येक बुधवार को अपरान्ह 2 बजे की जायेगी।

कार्य अधिकारी
जिला पंचायत, लखनऊ

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, लखनऊ

अध्यक्ष
जिला पंचायत, लखनऊ

कार्यालय नगर पंचायत लालगंज, रायबरेली

पत्रांक:17 /अधि0अधि0 / न0प0लाल0/ ई-टेण्डरिंग/सू0प्रका0/2023-24 दिनांक 24.01.2024

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत लालगंज के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासन आदेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आई टी / 2017 अनुभाग-2 दिनांक 12-05-2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स / कान्ट्रैक्टर्स / वेल्डर्स को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है-

टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)

क0स0	विवरण	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release	24.01. 2024 03.00PM	
	Tender Download	24.01. 2024 03.00PM	06-02-2024 05:00PM
	Bid Submission	24.01. 2024 03.00PM	06-02-2024 05:00PM
	Bid Opening	07.01. 2024 11.00AM	
	Bid Opening Place		Office Nagar Panchayat Lalganj, Raebareli

कार्य का विवरण

क्र0 सं0	मद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	जमानत धनराशि 5%	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण को अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	स्वच्छ भारत मिशन योजना	वार्ड नं0-04 मोहल्ला महेश खेडा के अन्तर्गत मण्डी समिति के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	7,99,000.00	39,950.00	800.00	31 मार्च, 2024

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा मूल्य खाता संख्याः 93942200029206 व IFSC CODE CNRB0019394 केनरा बैंक शाखा लालगंज, रायबरेली में जमा किया जा सकता है। नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बंधित वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in अथवा कार्यालय नगर पंचायत लालगंज जिला रायबरेली में किसी भी दिन कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

(अपर्णा मिश्रा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत लालगंज,
रायबरेली

(सरिता गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पंचायत लालगंज,
रायबरेली

एक नजर

सुरक्षा के लिए परेड रूट को तीन जोन व 9 सेक्टर में बांटा

अमृत विचार, लखनऊ : गणतंत्र दिवस पर विधान भवन के सामने से परेड व झांकी निकाली जाएगी। इसकी सुरक्षा के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। परेड रूट को तीन जोन व 9 सेक्टर में बांटा गया है। पूरे इलाके की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। वहीं, सुरक्षा के लिए एक डीसीपी, एक एडीसीपी के साथ 900 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यह जानकारी डीसीपी मध्य/पश्चिम राहुल राज ने दी। डीसीपी राहुल राज के मुताबिक फायर स्टेशन को हाई अलर्ट पर रखा गया है। परेड व झांकी के लिए प्रस्तावित मार्ग की सुरक्षा के लिए एक डीसीपी, एक एडीसीपी, 6 एसीपी, 34 निरीक्षक, 211 उप निरीक्षक, 19 महिला उप निरीक्षक, 100 मुख्य आरक्षी, 318 आरक्षी, 225 महिला आरक्षी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं पांच कंपनी पीएसी तैनात की गई है। पूरे कार्यक्रम के दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

पढ़ाई के लिए 937 छात्रों को बजट का इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लाभार्थियों को बजट का इंतजार है। अक्टूबर से दिसंबर तक का बजट न आने से 2500 रुपये की धनराशि का भुगतान नहीं हो सका है। हालांकि सितम्बर माह के पंजीकृत 937 लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है। बता दें कि उक्त योजना के तहत दो बच्चों को प्रतिमाह 2500-2500 रुपये के हिसाब से भुगतान किया जाता है। इसमें कोविड में माता-पिता को खो चुके बच्चों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा किसी अन्य कारण से माता-पिता को खो चुके बच्चे या भिक्षाटन करने वाले बच्चे भी शामिल हैं। उक्त धनराशि बच्चों को पढ़ाई के लिए दी जाती है। सितंबर माह का बजट मिलने के साथ ही पंजीकृत 937 लाभार्थियों को भुगतान कर दिया गया। जबकि अक्टूबर से दिसंबर तक के बजट का अभी इंतजार है।

खुद को आग लगाने वाले छात्र की मौत

कर्ज के चलते उठाया कदम, सोमवार से सिविल अस्पताल में था भर्ती

लखनऊ/ सरोजनीनगर

अमृत विचार : बंथरा इलाके में कर्ज लेकर ऑनलाइन गेम में रुपये हारने के बाद तकादों से परेशान 10वीं कक्षा ने खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगा ली। गंभीर हालत में उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

मूलतः हरदोई जनपद निवासी बृजेश कश्यप बंथरा गांव में किराये के कमरे में परिवार के संग रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी मालती, दो बेटियां माही व दिव्या और बेटा

▸▸ **ऑनलाइन गेम खेलने की थी लत, हो गया था कर्जदार**

▸▸ **मूलतः हरदोई जनपद का रहने वाला था छात्र**

शिवा कश्यप (17) हैं। बृजेश सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर परिवार को भरण पोषण करते हैं। शिवा एक निजी स्कूल में कक्षा 10वीं का छात्र था। पिता बृजेश का कहना है कि शिवा को ऑनलाइन गेम खेलने की आदत थी। गेम में वह रुपये भी लगाता था। आशंका है कि गेम में रुपये हारने के चलते उसने कुछ लोगों से कर्ज भी लिया था। 10 फरवरी को किसी को कर्ज की रकम वापस देनी थी। पिता का कहना है कि कर्ज की रकम अदा करने के लिए उसने चचेरे और ममेरे भाइयों के अलावा कुछ मित्रों से भी उधारी मांग रहा था। लेकिन रुपये नहीं मिलने से शिवा परेशान था। इसी के चलते सोमवार सुबह घर के बाहर खड़ी बाइक से पेट्रोल निकाल खुद पर छिड़क आग लगा ली थी। परिजनों ने आनन- फानन कंबल ओढ़ाकर उसे आग की चपेट से निकाला, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुका था। उसे सिविल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव ने बताया इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

प्रेम-प्रसंग की चर्चा

शिवा कश्यप के आत्महत्या करने को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगायी जा रही हैं। मोहल्लावासियों में चर्चा है कि किसी लड़की से उसका प्रेम प्रसंग चलता था। लड़की से किसी बात को लेकर कहासुनी से क्षुब्ध होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया।

भ्रूण हत्या की सूचना देने पर दो लाख की प्रोत्साहन राशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सीएमओ कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में दी गई जानकारी**

अमृत विचार : भ्रूण हत्या रोकने के लिए सरकार द्वारा मुखबिर योजना चलाई जा रही है। इसके तहत जो भी व्यक्ति इसकी सूचना देगा उसे सरकार की तरफ से दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। साथ ही उसकी पहचान भी गोपनीय रखी जाती है। यह जानकारी वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. आरके चौधरी ने दी।

वह राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा कार्यालय में आयोजित हुई गोष्टी में जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुखबिर योजना के तहत तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाता है जिसमें एक गर्भवती होती है। टीम को भ्रूण हत्या करने वाले केंद्रों का स्टिंग ऑपरेशन करना होता है और इसका वीडियो बनाकर स्वास्थ्य विभाग को देना होता है। टीम को प्रति स्टिंग दो लाख रुपए दिये जाने का प्रावधान है। जिसमें एक लाख रुपए गर्भवती को, 60,000 रुपए मुखबिर को और 40,000 रुपए टीम के तीसरे सदस्य को दिए जाते हैं।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि बालिकाओं को लेकर सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नजिन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुमंगला कन्या योजना प्रमुख हैं। इसके साथ ही भ्रूण हत्या रोकने के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीकी, विनियमन एवं दुरुपयोग निवारण अधिनियम(पीसीपीएनडीटी), 1994 एक्ट अहम है। लैंगिक विषमता जैसी सामाजिक कुरीतियों को भी दूर ने के लिए अनेक प्रयास सरकार और सामाजिक संस्थाओं द्वारा उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. केडी मिश्रा ने एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम के तहत गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच करना या करवाना कानूनन दंडनीय अपराध है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1552/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2023-24/ दिनांक 23.01.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती ओमवती पत्नी महेश कुमार	श्री कलीम अहमद खान पुत्र बाबू खान	लुधियातपुरा-1	06	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

अरुण की हत्या पर पुलिस खाली हाथ

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : माल थानाक्षेत्र में हफ्ते भर पूर्व अरूण यादव हत्याकांड में पुलिस को अभी तक कोई अहम सुराग नहीं मिला है। अब तक पुलिस ने 30 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। आलाधिकारी भी वारदात को ब्लाइंड मर्डर मान चुके है। क्राइम सीन रिक्रिएशन के माध्यम से पुलिस हत्यारों को पकड़ने का प्रयास कर रही हैं। वहीं, वारदात के बाद स्थानीय लोग कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। जबकि परिजनों ने भी चुप्पी साध ली है।

गौरतलब है कि 17 जनवरी को माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत थावर गांव

फॉलोअप

▸▸ **क्राइम सीन रिक्रिएशन से अरोपियों का पता लगाएगी पुलिस**

▸▸ **30 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर की गई पूछताछ**

में रात 8:30 बजे अज्ञात हमलावरों ने मिठाई विक्रेता अरुण यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भाई सनी यादव की लिखित शिकायत पर माल पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने पुरानी दुश्मनी और अवैध सम्बन्ध से जुड़े कई पहलुओं पर जांच करते हुए अब तक 30 से भी ज्यादा संदिग्ध लोगों से हिरासत में लेकर पूछताछ की।

अरुण यादव

बावजूद हत्या का राज अनसुलझा रहा। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया मृतक के मोबाइल की सीडीआर के आधार पर परिचितों से पूछताछ की गई, लेकिन सभी ने दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर सवालों पर चुप्पी साध ली है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि जांच किए जाने पर घटनास्थल के आसपास एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। ब्लांइड मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए जल्द ही क्राइम सीन रिक्रिएशन किया जाएगा।

चुनावी अभियान की शुरुआत करने को तैयार है भाजपा

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी रामलहर के माहौल में चुनावी अभियान की शुरुआत करने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उप्र. में भी तीन रैलियां करेंगे। फिलहाल ब्रज और पश्चिम क्षेत्र की रैली का आयोजन बुलंदशहर में जबकि आने वाले दिनों में गोरखपुर व काशी क्षेत्र, आजमगढ़ व अवध और कानपुर क्षेत्र की रैली लखनऊ में प्रस्तावित है। भाजपा ने एक रणनीति के तहत अलीगढ़ में प्रस्तावित रैली का स्थान बदलकर बुलंदशहर किया है। बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मोदी चुनावी रैली की शुरुआत दलित बहुल सीट से कर रहे हैं। इसके जरिये दलित वोट बैंक साधने के साथ पश्चिम में बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास है। रैली से करीब 20 लोकसभा क्षेत्रों के दो लाख से अधिक लोगों को जुटाने की कोशिश होगी।

KANPUR MUNICIPAL CORPORATION
(Under Kanpur Smart City)
Nagar Nigam Mukhyalay, 3rd Floor, Moti Jheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tenders for the below mentioned work under Smart City Mission:-

Sr. No.	Name of Project	Tender Fees Non-Refundable	Earnest Money Deposit	End Date for Bid Submission	Technical Bid Opening Date
1.	Appointment of Practicing Company Secretaries /firm for Secretarial Compliances of Company during the Financial Year 2023-24 & 2024 -25	₹ 1,000.00 + ₹ 180.00 (18% GST)	₹ 50,000.00	01.02.2024 at 15:00 Hrs. (IST)	01.02.2024 at 17:00 Hrs. (IST)

a) Tender documents can be downloaded from the e-tendering website – http://etender.up.nic.in (in Kanpur Municipal Corporation tenders).
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **same as end date for bid submission.**
d) Any corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in only.
e) For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

Municipal Commissioner/Chief Executive Officer
Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited

सार-संक्षेप

नोडल अधिकारी करेंगे लोगों की समस्याओं का निराकरण

अमृत विचार, लखनऊ : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रत्येक माह की 27 तारीख को चलाए जा रहे निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत 27 को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारी भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा कार्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले सभी 6 जिलों (लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, एवं रायबरेली) में किया जाएगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा नामित जिला नोडल अधिकारी सदस्यों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर तत्काल मौके पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। सहायक भविष्य निधि आयुक्त प्रतीश सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह की 27 तारीख को निधि आपके निकट 2.0 को डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के तहत छह जिले में आयोजित किया जाता है। इसमें भविष्य निधि से सम्बंधित समस्याओं का जिले में ही निराकरण किया जाता है।

झुंझनू वाली दादी का डोली उत्सव कल

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर स्थित कल्याण मंडपम में दादी जी मित्र मंडल की ओर से झुंझनू वाली दादी का डोली उत्सव आगामी 26 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश मेघदूत अग्रवाल ने बताया कि महानगर सिविल अस्पताल के निकट हनुमान मंदिर से सुबह 11 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली जायेगी। सतीश अग्रवाल ने बताया कि नारायणी चरित्र मानस पाठ का पाठ दोपहर बजे शुरू होगा। इसे सुरभि बिरुजुका भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत करेंगी। पूनम अग्रवाल ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से इस आयोजन में असहाय परिवारों की कन्याओं के विवाह की परम्परा रही है। इस वर्ष भी यह परम्परा जारी रहेगी। डोली उत्सव को बेहतर अंदाज में सम्पन्न कराने के लिए महेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, जय गर्ग, शरद देवरा, संदीप अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, वीरेन्द्र अग्रवाल और राहुल अग्रवाल रात-दिन एक किये हुए हैं।

अमर शहीद बाबा दीप सिंह के आगमन दिवस पर आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : यहियागंज स्थित गुरुद्वारा गुरु तेगबहादुर में सिख पंथ के योद्धा अमर शहीद बाबा दीप सिंह के आगमन दिवस पर 26 जनवरी को विशेष समागम का आयोजन किया जायेगा। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ. गुरमीत सिंह के संयोजन में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में दरबार साहिब अमृतसर से ज्ञानी जसविंदर सिंह, सुरेन्द्र सिंह मणि, गुरु सागर सिंह और दिल्ली से आनंद बंधु को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी से शाम सात बजे से रात 11 बजे तक और 26 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से रात 10 बजे तक दीवान सजाये जायेंगे। 26 जनवरी को पूर्वाह्न 11.30 बजे से जत्थेदार जसवीर सिंह की अगुवाई में अमृत संचार कराया जायेगा। दीवान की समाप्ति पर गुरु ग्रन्थ साहिब पर पुष्प वर्षा होगी। इस मौके पर डॉ. अमरजोत सिंह के संयोजन में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। परमजीत सिंह के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा। धार्मिक कला प्रतियोगिता का आयोजन भी इस मौके पर किया जायेगा।

जिला स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जाएगी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ का जनपद स्तरीय संवाद कार्यशाला कार्यक्रम बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में तथा प्रदेश महासचिव प्रभारी राकेश राठौर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस संवाद का उद्देश्य जिले में आगामी 26 से 29 जनवरी 2024 तक लखनऊ के सभी ब्लाकों एवं वार्डों में राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में प्रदेश के सभी जनपदों में जिला स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जायेगी। जिसके लिए बुधवार बैठक में जनपद लखनऊ के सभी ब्लाकों एवं वार्डों में प्रभारी नियुक्त कर दिये गये हैं। प्रवक्ता ने बताया कि इस संवाद में लखनऊ में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्राउड फंडिंग किस प्रकार से अधिक अधिक हो सके इस पर भी योजना तैयार की गई।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि आज के इस जनपद स्तरीय लखनऊ के संवाद एवं कार्यशाला कार्यक्रम में नकुल दुबे श्याम किशोर शुक्ला, अनीस अंसारी, डॉ. शहजाद आलम, रूद्र दमन सिंह बब्लू, नरेन्द्र गौतम, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कांस्टेबल की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

हरदोई, अमृत विचार : छुट्टी पर ससुराल आए जीआरपी चौकी में तैनात कांस्टेबल की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पहले तो दिल का दौरा पड़ने से मौत होना बताया गया, लेकिन पंचनामे में पेंच फंसने से शव का पोस्टमार्टम घंटों रुका रहा। काफी देर तक चले सिफ़ारिशी दौर के बाद वीडियोग्राफी के साथ डाक्टरों के पैनल के सामने शव का पोस्टमार्टम किया गया। कोतवाली देहात के पिहनियां मजरा मदारा निवासी उदयवीर सिंह पुलिस में एसआई के पद पर प्रयागराज में तैनात हैं। उदयवीर के 35 वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र सिंह जीआरपी में कांस्टेबल था और लखनऊ में चौकी पर तैनात था। शैलेन्द्र की ससुराल कोतवाली शहर के लालपालपुर में हरीशचंद्र के घर में थी। जैसा कि बताते हैं कि शैलेन्द्र करीब पांच दिन पहले छुट्टी पर ससुराल आया हुआ था। उसकी गर्भवती पत्नी प्रभा अपने बेटे यदुवीर के साथ मायके में थी। मंगलवार को शैलेन्द्र ने ससुराल वालों के साथ बैठ कर खाना खाया और सो गया। देर रात में अचानक उसकी तबियत बिगड़ने का शोर होने लगा। आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। ससुराल वालों का कहना है कि दिल का दौरा पड़ने से शैलेन्द्र की मौत हुई। वहीं कोतवाली शहर की पुलिस ने शव का पंचनामा किया। पंचनामे में पेंच फंसने से शव का घंटों पोस्टमार्टम रुका रहा। इतना ही नहीं उसी बीच बात को बनाने के लिए सिफारिशों का दौर चला।

मां ने दोस्तों पर दर्ज कराई छेड़छाड़ व हत्या की प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सुशांत गोल्फ सिटी सेलिब्रिटी मीडोज में नीट छात्रा की मौत का मामला**

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेलिब्रिटी मीडोज की नौंवी मंजिल से गिरकर 24 वर्षीय नीट छात्रा की मौत रविवार रात को हुई थी। इस मामले में छात्रा की मां ने थाने में उसके दोस्तों पर छेड़छाड़ व विरोध करने पर नौंवी मंजिल से फेंकने का आरोप लगाते हुए बुधवार को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने हत्या व छेड़छाड़ की धारा में केस दर्ज कर लिया है। मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

मूलरूप से सीतापुर की रहने वाली छात्रा सुशांत गोल्फ सिटी में किराए पर रहती थी। रविवार रात को सेलिब्रिटी मीडोज निवासी दोस्त समीर सिंह के घर पर पार्टी का आयोजन था। इसमें छात्रा और उसका एक अन्य दोस्त शुभम राय आमंत्रित थे। रात करीब 12.30 बजे वह फोन पर बात करते हुए बालकनी में चली गई। इसी बीच अचानक व नौंवी मंजिल से नीचे गिर गई। दोस्तों ने पुलिस को बताया था कि जब उसकी तलाश करते हुए बालकनी में पहुंचे तो छात्रा के नीचे गिरने की जानकारी हुई। इसके बाद आनन-फानन उसे निजी अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

वहीं, छात्रा के परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर सीतापुर चले गए। बुधवार दोपहर तक कोई तहरीर नहीं दी थी। बुधवार शाम को छात्रा की मां सुशांत गोल्फ सिटी थाने पहुंची। उन्होंने पार्टी में शामिल दोनों दोस्तों पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि समीर सिंह व शुभम राय ने साजिशन छात्रा को घर बुलाया। पार्टी के दौरान दोनों ने शराब पी। इसके बाद छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर छात्रा को बालकनी से हत्या की नीयत से नीचे फेंक दिया। सुशांत गोल्फ सिटी थाने में देर शाम को पुलिस ने छेड़छाड़ व हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया है। एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक मां की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पड़ताल कर रही है। अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू, आज से चलेंगी ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **आज से चलेगी लखनऊ-अयोध्या मेमू स्पेशल**

अमृत विचार : परिवहन निगम ने बुधवार को अयोध्या के लिए बस सेवाओं को फिर शुरू कर दिया। कैसरबाग, आलमबाग, चारबाग और अवध बस स्टैंड से करीब 100 बसों से श्रद्धालुओं को अयोध्या रवाना किया गया। वहीं गुरुवार से अयोध्या जाने वाली निरस्त ट्रेनें भी चलेंगी। बदले रूट की ट्रेनें अयोध्या रूट से संचालित की जाएंगी। साथ ही उत्तर रेलवे लखनऊ से अयोध्या के बीच मेमू स्पेशल ट्रेन चलाएगा। जन संपर्क अधिकारी परिवहन निगम अजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार से अयोध्या रूट पर भीड़ के कारण रुका बसों का संचालन बुधवार से शुरू हो गया। बाराबंकी से अयोध्या रूट पर रोडवेज बसों के जाने की इजाजत मिली है। इससे प्रदेश के विभिन्न डिपो से करीब 930 बसें अयोध्या पहुंचीं। और वहां से श्रद्धालुओं को लाया भी जा रहा है। इससे अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ कम हो सकेगी। इसके लिए अयोध्या में छह अस्थाई बस अड्डे बनाए गए हैं। इससे वापसी में बस पकड़ने में परेशानी नहीं होगी।

अयोध्या से वंदे भारत बहाल पहले दिन पांच घंटे देरी से पहुंची

उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि अयोध्या कैंट से आनंद विहार नई दिल्ली वाया लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन शुरू कर दी गई। जो पहले दिन पांच घंटे देरी से लखनऊ पहुंची। यह ट्रेन लखनऊ शाम 5:20 बजे पहुंचने के बजाए 5 घंटे 35 मिनट की देरी से पहुंची।

अयोध्या रूट की 6 ट्रेन बहाल, 30 लौटीं

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या रूट की निरस्त छह ट्रेनों को रेलवे 25 जनवरी से बहाल कर दिया है। वहीं बदले रूटों से चलने वाली 30 ट्रेनें भी अयोध्या रूट पर लौट आईं। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों के बेहतर परिचालन के कारण ट्रेनें निरस्त की गईं थीं। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की ओर से अयोध्या धाम-अयोध्या कैंट-सलारपुर रेल खंड पर नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण ट्रेनों के निरस्तीकरण और मार्ग परिवर्तन को 25 जनवरी से कर दिया है।

शाम को चारबाग से अयोध्या को चलेगी मेमू

25 जनवरी से लखनऊ से अयोध्या मेमू ट्रेन नंबर 04204 का संचालन होगा। यह ट्रेन चारबाग रेलवे स्टेशन से शाम 5:25 बजे चलेगी और अयोध्या कैंट रात 09:10 बजे पहुंचेगी। वापसी में अयोध्या कैंट से ट्रेन नंबर 04203 मेमू सुबह 5:45 बजे चलकर 09:10 बजे चारबाग पहुंचेगी। यही ट्रेन दोनों तरफ से मल्हौर, जुग्गौर, सफेदाबाद, बाराबंकी, रसौली, सफदरगंज, सैदखानपुर, दरियाबाद, पटरंगा, रौजागांव, रूदौली, गौरियामऊ, बड़ागांव, देवराकोट, सोहावल, सालारपुर स्टेशन पर रुकेगी। इसके अलावा प्रयागराज और मनकापुर से भी एक-एक मेमू ट्रेन चलाई जाएगी।

ये निरस्त ट्रेनें आज से बहाल

ट्रेन नंबर 12529 पाटलीपुत्र से लखनऊ जंक्शन, ट्रेन नंबर 12530 लखनऊ जंक्शन से पाटलीपुत्र, ट्रेन नंबर 15069 गोरखपुर से ऐशबाग, ट्रेन नंबर 15070 ऐशबाग से गोरखपुर, ट्रेन नंबर 15113 गोमतीनगर से छपरा कचेहरी, ट्रेन नंबर 13114 छपरा कचहरी से गोमतीनगर।

गोमतीनगर से देवघर वाया गोरखपुर ट्रेन जल्द

गोमती नगर रेलवे स्टेशन से गोरखपुर होते हुए देवघर तक नई एक्सप्रेस ट्रेन को मंजूरी मिल चुकी है। अब संचालन की पूर्वोत्तर रेलवे ने तैयारियां शुरू कर दी है। यह ट्रेन गोमती नगर से झारखंड के गोड्डा रेलवे स्टेशन तक चलेगी। महाशिवरात्रि के पहले बाबा धाम जाने वाले यात्रियों को सौगात के रूप में दी जा सकती है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। इसके बाद चक्कर बढ़ाए जा सकते हैं। सावन में देवघर जाने के लिए सीट को लेकर मारामारी रहती है। वेटिंग 100 के पार रहती है। गोमती नगर से यह ट्रेन शुक्रवार को दोपहर 3:35 बजे चलेगी। गोरखपुर रात 8:40 बजे होते हुए गोड्डा रेलवे स्टेशन पर रात 11:10 बजे पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन शनिवार को गोंडा रेलवे स्टेशन से दोपहर 2.10 बजे रवाना होगी। गोरखपुर में रात 2.30 बजे होते हुए गोमतीनगर सुबह 7:30 बजे पहुंचेगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत पारा वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांकः मेमो/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/2023-24 दिनांक- 24.01.2024

निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में ई-रिक्शा खरीद कार्य का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेण्डर दिनांक- 31.01.2024 तक आवंटित किये जाते हैं। प्राप्त टेण्डर दिनांक 31.01.2024 अपरान्ह 4 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथपत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डरदाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है, आपूर्ति की गई सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	सीमेन्ट	–
2	लोकल बालू	–
3	सी.सैण्ड	–
4	40 MM ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	–
5	20 एम.एम. ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	–
6	प्रथम श्रेणी ईटा	–
7	ई-रिक्शा खरीद कार्य ग्रा0पं0 में	1 नग

सचिव
ग्राम पंचायत पारा
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

प्रधान
ग्राम पंचायत पारा
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

एक नजर

हत्या के तीन आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : डेढ़ माह पहले देवा कोतवाली क्षेत्र में लकडी की ठेकी पर सो रहे युवक की गला रेतकर हत्या करने वाले तीनों आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की। यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति मिलने पर की गई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तीन दिसम्बर की रात खेवली निवासी नूर मोहम्मद गांव के बाहर लकड़ी की ठेकी पर सो रहा था। जहां उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अफजल कुरैशी, अरमान और नियामत रसूल को गिरफ्तार किया है।

ठाकुरद्वारा प्रकरण की जांच पूरी, भंग हो सकता है ट्रस्ट

बाराबंकी, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा प्रकरण की जांच पूरी हो गई है। इसके साथ ही श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरद्वारा ट्रस्ट के भंग होने की संभावना बढ़ गई है। प्रकरण की जांच कर रहे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चंद्रकांत त्रिपाठी ने बताया कि जांच पूरी हो गई है एक-दो दिन में पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप देंगे। जहां रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी को ही निर्णय करना है। श्री राम जानकी ठाकुर द्वारा ट्रस्ट के अंदरूनी विवाद को लेकर अध्यक्ष और सचिव आमने-सामने थे। दोनों ही पक्ष एक दूसरे को अवैध ठहरा रहे थे। जिसको लेकर एक पक्ष द्वारा प्राथमिक की दर्ज करने के लिए तहरीर नगर कोतवाली में दी गई थी। जांच अधिकारी का कहना है कि प्रथम दृष्टया अनियमितता का मामला सामने आया है।

40 लीटर शराब के साथ चार गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा और रामसनेहीघाट पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ चार आरोपियों को दबोचा। सुबेहा थाने की पुलिस टीम ने बुधवार को पूरे दुर्जन पुरवा मजरे हुसैनाबाद निवासी शिवराम रावत व रामचंदर को 20 लीटर शराब के साथ दबोचा। रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ मूसेपुर निवासी गनेश रावत व अयोध्या के रूदौली थाने के सूजागंज निवासी सद्दाम उर्फ नदीम को दबोचा।

हत्या के प्रयास में फरार पिता- पुत्र समेत तीन बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : कुर्सी थाने की पुलिस टीम ने मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में फरार बहरौली निवासी रामनरेश व उसके बेटे जितेंद्र उर्फ रोहित तथा देशराज को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

धार्मिक उन्माद भड़काने वाला गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : मसौली पुलिस ने धार्मिक उन्माद भड़काने के मामले में फरार अनूपगंज निवासी अबू सहमा को बुधवार को गिरफ्तार किया। उसे जेल भेज दिया गया।

कम किराए में भक्तों को अयोध्या पहुंचाएंगी मेमू

सुविधा

- 31 से शुरू होगा संचालन, हजारों यात्रियों को मिलेगा लाभ
- काफी समय से जिले में बंद है मेमू ट्रेन का संचालन

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: रामलला के दर्शन करने के लिए भक्तों को अपनी जेब ज्यादा ढीली नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि रेलवे 31 जनवरी से लखनऊ से अयोध्या के बीच बाराबंकी के रास्ते एक मेमू ट्रेन चलाने जा रहा है। इस ट्रेन के चलने से दैनिक यात्रियों को लखनऊ जाने में भी काफी सुविधा मिलेगी। बाराबंकी रेलवे स्टेशन से मेमू ट्रेन का संचालन कई सालों से बंद पड़ा था।

मेमू के जरिए जिले के हजारों यात्रियों को अयोध्या जाने में जहां आसानी होगी वहीं लखनऊ की ओर जाने वाले यात्री भी कम किराए में अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। बताते चलें कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धाम जाने के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन तेजी के साथ शुरू हो गया है। स्टेशन मास्टर पीयूष वर्मा ने बताया कि 31 जनवरी से 04278 नंबर की गाड़ी लखनऊ से अयोध्या के बीच चलेगी। यह गाड़ी लखनऊ से सुबह 05:10 बजे सुबह चलेगी और गोमती नगर, मल्हौर के बाद बाराबंकी में रुकेगी। इसके बाद रुदौली के रास्ते अयोध्याधाम तक जाएंगी। यही गाड़ी 04277 के रूप में अयोध्या से शाम को चलेगी तो बाराबंकी रात 08.15 पर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि अभी सिर्फ एक ही मेमू ट्रेन के संचालन के संबंध में पत्र मिला है। इसके अलावा नियमित ट्रेनें भी 25 जनवरी से शुरू होने की बात कही जा रही है।

बढ़ेगी रफ्तार, होगी समय की बचत

मेमू के आगे व पीछे दोनों तरफ इंजन होने से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। खास बात यह है की मेमू ट्रेन चलने के साथ ही रफ्तार पकड़ लेती है। इससे समय बचत तो होती ही है साथ में हाल्ट स्टेशनों पर चढ़ना-उतरना काफी आसान होता है। इस ट्रेन की धुलाई और सफाई के साथ मरम्मत का काम सप्ताह में एक दिन ही होता है।

गोमतीनगर-गोड्डा साप्ताहिक ट्रेन का भी होगा संचालन

रेलवे प्रशासन ने जिले को गणतंत्र दिवस की सौगात दी है। गोमतीनगर से वाया बाराबंकी, गोंडा होकर झारखंड के गोड्डा के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन के साथ जल्द ही लखनऊ के गोमतीनगर स्टेशन से बाराबंकी, बुढ़वल, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, सिवान, छपरा व भागलपुर होते हुए झारखंड राज्य के गोड्डा रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन का संचालन किया जाएगा। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह नई ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। संयुक्त निदेशक के अनुसार, प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन गोमतीनगर से शाम 3 :35 बजे चलकर शाम 4 :05 बजे बाराबंकी तो शाम 5 :00 बजे गोंडा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। अगले दिन सुबह 11 बजे झारखंड के गोड्डा स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह से वापसी में गोड्डा से प्रत्येक शनिवार को दोपहर 2 :10 बजे चलकर अगले दिन गोंडा के रास्ते सुबह 6 :55 बजे बाराबंकी पहुंचेगी। यहां से यह ट्रेन चलकर सुबह 7 :30 बजे गोमतीनगर स्टेशन पहुंचेगी।

रामपथ से बैरियर हटे शुरू हुआ आवागमन

राहत

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार: अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत हाईवे पर लगाए गए सभी बैरियर बुधवार को हटा लिए गए। इसके साथ ही पिछले एक सप्ताह से चल रहा रूट डायवर्जन भी खत्म हो गया। अयोध्या मार्ग भारी वाहनों के लिए भी खोल दिया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम निपट जाने के 48 घंटे बाद बुधवार को अयोध्या राजमार्ग पर लगे बैरियर बुधवार को हटा दिए गए। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत पिछले एक सप्ताह से भारी वाहनों का अयोध्या की ओर आवागमन रोक दिया गया था। वाहनों को किसान पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस की ओर मोड़ दिया जा रहा था। बसों को रामनगर मार्ग पर परिवर्तित कर दिया गया था। पिछले तीन दिनों से अयोध्या राजमार्ग पर बसों का आवागमन अघोषित रूप से प्रतिबंधित था। इसके चलते जनता परेशान थी। खासतौर से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को टैक्सी चालकों को मनमाना किराया देना पड़ रहा था। दोहरीकरण के चलते अधिकांश ट्रेनें रद चल रही हैं।

लाभार्थी ने डीएम कार्यालय के समक्ष किया आत्मदाह का प्रयास

घूस न दे पाने पर नहीं जारी की गयी थी आवास की दूसरी किस्त

मचा हड़कंप

- डीएम ने पंचायत सचिव को निलंबित कर जांच के दिए निर्देश
- ग्रामीण का आरोप- पंचायत सचिव मांग रही थीं 10 हजार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

आत्मदाह का प्रयास करने वाले ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस नीति के बाद भी अधिकारी-कर्मचारी बाज नहीं आ रहे हैं। एक सचिव द्वारा बिना रिश्वत के प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त जारी न करने से आहत एक लाभार्थी ने जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष स्वयं को आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास किया। इस घटना से कलेक्ट्रेट में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौजूद कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों ने आग बुझाई लेकिन तब तक ग्रामीण झुलस चुका था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मामले को संज्ञान में लेकर रिश्वत मांगने के आरोपी पंचायत सचिव को निलंबित कर मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

बताते चलें कि विकासखंड रामनगर के ग्राम अशोकपुर चाचू सरांय गांव निवासी जुबेर बुधवार सुबह अपने बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां उसने डीएम कार्यालय के सामने ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर स्वयं को आग लगा ली। यह देख आसपास मौजूद कर्मचारी और पुलिस कर्मियों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन आग की तेज लपटों से जुबेर का सिर और चेहरा झुलस गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अ स्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि जुबेर को बीते वर्ष प्रधानमंत्री आवास की योजना का लाभ मिला था। इसमें आवास को गलत भूमि पर बना दिया गया था। फिर उसकी प्रथम किस्त 40 हजार प्राप्त हुई। जिससे निर्माण कार्य शुरू किया गया। दूसरी किस्त के लिए जियो टैगिंग की जानी है। पीड़ित का आरोप है कि इसके लिए पंचायत सचिव 10 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है। जिससे आहत उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल मामले को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने संज्ञान में लेकर आरोपी पंचायत सचिव बीना कुमारी को निलंबित कर दिया है। सीडीओ एकता सिंह ने बताया कि पीएम आवास की दूसरी किस्त जारी करने व पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चंद्रकांत ने बताया कि संबंधित व्यक्ति ने प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त मिलने के बाद सरकारी जमीन पर मकान बनाना शुरू कर दिया था। कर्मचारियों के सतर्कता के चलते वह बाल-बाल बच गया।

120 की गति से 29 किमी तक दौड़ी ट्रेन

नया ट्रैक

- रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का काम पूरा होने के बाद हुआ ट्रायल
- रेल संरक्षा आयुक्त ने रेलमार्ग का किया निरीक्षण

दरियाबाद, बाराबंकी

अयोध्या-बाराबंकी रेल मार्ग का निरीक्षण करते रेल संरक्षा आयुक्त डीसी देशवाल।

अमृत विचार : अयोध्या- बाराबंकी रेल मार्ग पर नया ट्रैक बिछाया गया है। उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के अंतर्गत अयोध्या कैंट व बाराबंकी के बीच पटरंगा व सफदरगंज के बीच लगभग 29 किमी की दूरी के दोहरीकरण का ट्रायल रेल संरक्षा आयुक्त डीसी देशवाल ने किया।

रेल संरक्षा आयुक्त बुधवार को सुबह करीब पौने नौ बजे सफदरगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन के निरीक्षण के बाद वह मोटर ट्रॉली से पटरंगा के लिए रवाना हुए। दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर गड्ढा होने के कारण वाहनों के फंसने को लेकर सड़क ठीक करने के निर्देश दिए। सैदखानपुर व दरियाबाद स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम कक्ष व रिले रूम का निरीक्षण किया। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग सिस्टम में पहुंचकर सिग्नल विभाग के परिचालन प्रबंधक ब्रजेश वर्मा से लूप लाइन, मेन लाइन की जानकारी ली। संरक्षा आयुक्त देशवाल ने कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के बिछाए गए सिग्नल तारों के कट जाने पर सिग्नल की जानकारी ली। सिग्नल परिचालन प्रबंधक ब्रजेश वर्मा ने बताया कि तार कट जाने पर पूरा सिस्टम लूप लाइन का लाल हो जाएगा। लूप लाइन में खामी आने पर भी मेन लाइन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। शाम करीब 5 बजे वह पटरंगा स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने विशेष ट्रेन को 120 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलाकर इस रूट का ट्रायल किया। लोको पायलट नंद लाल व सहायक लोको पायलट द्वारा ट्रायल किया गया। करीब 29 किमी की दूरी तक ट्रायल हुआ। इस मौके पर लखनऊ मंडल के एडीआरएम शिवेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (कोचिंग) आदित्य गुप्ता, डिप्टी चीफ इंजीनियर (कंट्राक्स) विकास गोयल, मंडल संरक्षा अधिकारी ओपी तिवारी, वरिष्ठ मंडल सिग्नल दूरसंचार राहुल कुमार आदि मौजूद रहे। स्टेशन अधीक्षक वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि दोहरीकरण लाइन का निरीक्षण हो गया है। जल्द ही ट्रेनें दौडेंगी।

पॉक्सो एक्ट के दोषी को पांच साल की कैद

बाराबंकी

अमृत विचार : नाबालिग किशोरी से छेड़खानी करने व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने 28 सितंबर 2017 को थाने में दी तहरीर में बताया कि थाना क्षेत्र के बजहा गांव निवासी कुलदीप रावत ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी की है। इस पर पुलिस ने छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। विवेचक ने वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कुलदीप रावत को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

सार-संक्षेप

एक्सल टूटने से क्रॉसिंग पर फंसी ट्रॉली, लगा जाम

रेलवे क्रॉसिंग पर बिखरे धान के बोरों को हटवाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-सुल्तानपुर रेल खंड पर बारा गांव के समीप स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार की शाम धान के बोरों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली का एक्सल टूट जाने से ट्रॉली अलग होकर रेलवे ट्रैक पर ही रुक गई। दुर्घटना के चलते लगभग आधे घंटे तक हैदरगढ़-त्रिवेदीगंज के बीच रेल यातायात बाधित रहा, जाम भी लग गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली बारा गांव से औसानेश्वर घाट की ओर जा रही थी। जब ट्रैक्टर-ट्रॉली बारा रेलवे क्रॉसिंग को पार कर रही थीं, उसी समय एक्सल टूट गया। इससे ट्रैक्टर आगे बढ़ गया। ट्रॉली ट्रैक पर ही रुक गई। ट्रॉली के ट्रैक पर फंसे होने की सूचना गेट मैन ने रेलवे स्टेशन को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी व पुलिस ने ट्रैक खाली कराया। आधे घंटे के बाद रेल यातायात शुरू हो सका। इस दौरान करीब आधे घंटे तक लखनऊ जा रही सद्भावना एक्सप्रेस व एक मालगाड़ी हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। स्टेशन मास्टर अशोक कुमार ने बताया कि मालगाड़ी त्रिवेदीगंज स्टेशन पर भी खड़ी रही।

कौशाम्बी में कोयला लदी मालगाड़ी में लगी आग

आग लगने के बाद पहुंचे रेलवे अधिकारी व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

कौशाम्बी, अमृत विचार : कोयला लदी हुई मालगाड़ी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की जानकारी लोको पायलट ने रेलवे के अधिकारियों को दी। जिसके बाद रेलवे कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बता दें कि भरवारी के सुजातपुर और सिराथू के बीच गोविन्दपुर गोरियों के पास बुधवार को अचानक कोयले से लदी मालगाडी में अचानक धुआं उठने लगा। जिसके बाद हड़कंप मच गया। आग लगने की जानकारी लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों और पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लोको पायलट के मुताबिक मालगाड़ी की एक बोगी में हल्का धुंआ निकल रहा था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मामले में जांच शुरु कराने का निर्देश दिया है। मालगाड़ी के बोगी में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

दो मामलों के अभियुक्तों को अर्थदंड की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार : लंबित वादों के निस्तारण के क्रम में बुधवार को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दो मामलों में अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में साई तकिया मजरे पिपरी निवासी रोजन, हेसा व कवरी उफरी किस्मतुल को न्यायालय उठने तक की सजा व सात-सात सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया। वहीं सतरिख थाने में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के आरोपी मोचरी निवासी हसीन, नियाज, उजेर, फुरकान व रामलखन को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने सौ- सौ रुपये अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

प्रिंस कुमार ने पीसीएस परीक्षा में पाई 31वीं रैंक

लखनऊ, अमृत विचार : पीसीएस परीक्षा परिणाम में होनहारों ने कमाल कर दिया है। कोई सफलता हासिल करते हुए डिप्टी जेलर तो कोई सेल टैक्स ऑफिसर तक बन गया। चयन होने के बाद उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। गाजीपुर जिले के दिलदारनगर के प्रिंस कुमार ने पीसीएस परीक्षा में 31वीं रैंक पाई है। बहुत ही सहज व सरल व्यक्तित्व के धनी प्रिंस ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिलदारनगर में रहकर पूरी की है।

अयोध्याः बालक की चाकू से गोदकर हत्या

तारुन, अयोध्या

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के आठ वर्षीय बेटे की चाकू से गोदकर कर हत्या कर दी गई। बालक का शव सुनसान जंगली क्षेत्र स्थित एक गड्ढे में घास-फूस से छिपा दिया गया था। वह मंगलवार की देर शाम से लापता था और पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस और एफएसएल दस्ते ने जाँच-पड़ताल की है। मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस फरार आरोपी जय प्रकाश यादव की तलाश में जुटी है।

मूल रूप से थाना क्षेत्र के किछूटी निवासी और बेलगरा में आवास और दुकान बनवा कारोबार करने वाले सूर्यदेव कसौधन का पुत्र राज कसौधन(8) मंगलवार शाम अपने घर के बगल झोला लेकर दाना भुनाने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन के बावजूद कोई पता न मिलने पर पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ग्रामीण बुधवार सुबह करीब 10 बजे जलौनी लकड़ी एकत्र करने मिश्राने के जंगल पहुंचे तो वहां एक गड्ढे को घास-फूस (सरपत) से ढंका देखा। ऊपर ताज़ी मिटटी पड़ी देख माजरा जानने के लिए सरपत हटाई तो गड्ढे में बालक की रक्तरंजित लाश मिली। उसके पेट पर चाकू के ताबड़तोड़ प्रहार के निशान थे, आंत बाहर निकली हुई थी। खबर फैली तो लापता बालक के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और शव की शिनाख्त की। विलाप कर रहे पीड़ित पिता ने कहा कि बेटे को मारे न होते, रुपया पैसा जो मांगना था ले लेते। मौके की नजाकत को देखते हुए बीकापुर कोतवाली और हैदरगंज थाना पुलिस तथा एफएसएल टीम को बुला लिया।

> बालक की हत्या के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। मृतक के पिता ने जमीन की रंजिश में हत्या की आशंका जताई है। जांच- पड़ताल कराई जा रही है। आरोपी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। -अतुल सोनकर, एसपी देहात

प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने 3 युवक सम्मानित

आयोजन

- विहिप ने साधु-संतों की सेवा में लगाई थी ड्यूटी

हैदरगढ़, बाराबंकी

सम्मानित किए गए युवकों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक कुमार व अन्य।

अमृत विचार : अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में क्षेत्र के तीन युवकों द्वारा सेवा देने पर क्षेत्रवासियों ने नगर के डाक बंगला में चेयरमैन आलोक तिवारी के नेतृत्व में अंग वस्त्र और माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया।

क्षेत्र के आनंद पाण्डेय, सोमिल शुक्ला व विभोर गुप्ता द्वारा बीते दिनों विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अयोध्या में अपनी उपस्थिति कारसेवक पुरम में दर्ज कराई। इनकी ड्यूटी गर्भ गृह के निकट साधु संतों की सेवा में लगायी गई। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में मंदिर में सेवा दी और प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। हैदरगढ़ नगर के चेयरमैन आलोक तिवारी सहित भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष विकास, अनूप, सुधीर, सभासद शिवा वर्मा, शिक्षक संघ के ज़िला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, बैजनाथ मौर्य द्वारा तीनों युवकों का अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौक़े पर पिंकू अवस्थी, दिलीप पाठक, दीपू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

यूपी दिवस नगर पालिका के टाउन हॉल में किया गया आयोजन, दो दर्जन प्रधान सम्मानित कर्मियों का हुआ सम्मान, प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की लगाई गई प्रदर्शनी

विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

नगर पालिका के टाउन हॉल में आयोजित यूपी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करतीं सीडीओ एकता सिंह व मौजूद अन्य अधिकारी।

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक थीम पर नगर पालिका के टाउन हॉल में बुधवार को यूपी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश की विरासत से सम्बन्धित अभिलेख प्रदर्शनी, उत्तर प्रदेश का इतिहास, प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी, नवीन टेक्नोलॉजी एवं एआई, अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत एवं रामायण परम्परा, मिशन शक्ति, रक्षा सम्बन्धी उपकरणों, प्रदेश में टूरिज्म की संभावना, आधुनिक कृषि एवं जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता जा रहा है। उन्होंने जिले में कराये जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों के साथ-साथ पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा दिये जाने को लेकर मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं जनपद को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सराहनीय कार्य करने के लिए 24 ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनमें दौलतपुर की प्रधान कांति वर्मा, चकिया की प्रधान रानी देवी, मंजीठा की प्रधान शबाना, धरसंडा के प्रधान राकेश कुमार शामिल है। वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। ओडीओपी समूहों की प्रदर्शनी लगाई गई। योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विश्वकर्मा योजना के पांच लाभार्थियों सुनीता, प्रीति, विनीता, रुखसाना, चांदनी आदि को टूलकिट वितरित की गयी। बच्चों की जनपदस्तरीय चित्रकला, निबध व रंगोली प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। चित्रकला में जीजीआईसी की छात्रा सुमन ने प्रथम, जमील उर रहमान गर्ल्स किदवई इंटर कॉलेज की छात्रा वैष्णवी ने द्वितीय, यंग स्ट्रीम के छात्र पार्थ सारथी को तृतीय स्थान मिला। रंगोली प्रतियोगिता में जीआईसी के छात्र शुभकरण को प्रथम, जमील उर रहमान गर्ल्स किदवई इंटर कॉलेज की छात्रा पूनम को दूसरा तो नंदिनी और अर्पिता को तीसरा स्थान मिला। निबंध में जीआईसी के छात्र अजय को प्रथम पुरस्कार मिला।

रथ : शरीरं पुरुषस्य राजत्रात्मा नियन्तेन्द्रियाण्यस्य चाश्चा : ।
तैरप्रमत्त : कुशली सदश्वैर्दान्तै : सुखं याति रथीव धीर : ॥

यह मानव शरीर रथ है, आत्मा (बुद्धि) इसका सारथी है, इंद्रियां इसके घोड़े हैं, जो व्यक्ति सावधानी, चतुराई और बुद्धिमानी से इनको वश में रखता है वह श्रेष्ठ रथवान की भांति संसार में सुखपूर्वक यात्रा करता है।

संपादकीय

भारत का विश्वास

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध शीघ्र समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इजराइल ने हमास के खिलाफ तीन महीने पहले शुरू किए गए हमलों को बढ़ाने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक मिस्र की सीमा से लगे रफाह शहर और इसके आसपास करीब 15 लाख लोग आश्रयगृहों तथा तंबुओं के शिविरों में रह रहे हैं। यह संख्या गाजा की आबादी की करीब दो-तिहाई है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने इजराइल को आगाह किया कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का द्वि-राष्ट्र समाधान से इनकार यकीनन संघर्ष को बढ़ाएगा जो पहले ही वैश्विक शांति के लिए खतरा है। उधर भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है और इसका सीधा असर भारत के ऊर्जा एवं आर्थिक हितों पर पड़ रहा है। भारत के साथ ही विभिन्न असफलताओं से उबर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह खबर चिंताजनक है। ध्यान रहे युद्ध की शुरुआत में ही आशंका जताई गई थी कि यह संघर्ष मध्य पूर्व में व्यापार और कच्चे तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकता है जिससे इस क्षेत्र के कई देश एवं उनके व्यापारिक भागीदार प्रभावित होंगे।

विश्व की 20 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की आपूर्ति पश्चिमी एशिया से होती है, इस क्षेत्र में संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतें 150 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। वर्ष 2024 में वैश्विक मुद्रास्फीति लगभग 6.7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसके अलावा भारत और अमेरिका जैसे देशों के लिए गंभीर प्रभाव के परिणामस्वरूप संभावित वैश्विक मंदी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है जिसमें भारत से जुड़े जहाजों पर हुए कुछ हमले भी शामिल हैं और इसका भारत की ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए यह भयावह स्थिति किसी भी पक्ष को लाभ नहीं पहुंचाएगी। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चिंता का विषय है। अनेक देश चाहते हैं कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध मानवीय आधार पर रुकना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को भोजन, पानी और दवाएं आदि पहुंचाई जा सकें। भारत का दृढ़ विश्वास है कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान ही अंतिम विकल्प है और यही स्थायी शांति प्रदान करेगा जिसकी इजराइल और फलस्तीन के लोग इच्छा रखते हैं और इसके हकदार हैं।

अर्थव्यवस्था, आत्मविश्वास, आवश्यकता, असलियत और आंकड़े

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है।

इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ सब कुछ अर्थव्यवस्था के आसपास है। आम आदमी से जुड़े बेरोजगारी और महंगाई के आंकड़ों की व्याख्या अपनी-अपनी आस्था के अनुसार हो रही है। इस बीच दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर 15 से 19 जनवरी तक हुई चर्चाओं के दौरान आर्थिक असमानता पर भारत के संदर्भ में आक्सफैम की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी कुल संपत्ति के 40 फीसदी से अधिक हिस्से पर काबिज है। रिपोर्ट में 2012 से 2021 तक इससे नीचे की आधी आबादी की कुल संपत्ति में हिस्सेदारी महज तीन प्रतिशत बताई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2020 के बाद दुनिया में पांच अरब लोग और गरीब हो गए हैं।

अगले दिन आनन-फानन जारी नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 2013-14 से 2022-23 तक 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला गया है। इस अवधि में गरीबी 29.17 फीसदी से घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका महत्वपूर्ण कारक 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की योजना को बताया गया। नीति आयोग के सीईओ बीवी सुब्रह्मण्यम ने आत्मविश्वास से कहा कि 2030 से पहले गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा। देश में 2004-05 में 37 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे,जो 2011-12 में अनुमानित 21.9 फीसदी रह गए थे। बाकी 15 करोड़ लोगों को भी गरीबी से निकालने के लिए अर्थव्यवस्था का गतिशील रहना आवश्यक है। इसमें आत्मनिर्भरता नहीं है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों की खाद्य सुरक्षा और पोषण पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में 74.1 प्रतिशत भारतीय या 104.3 करोड़ लोग स्वस्थ आहार लेने में असमर्थ थे। रिपोर्ट भारत सरकार के 81.35 करोड़ लोगों को ही खाद्य सहायता देने पर सवाल उठाती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहती रहीं हैं कि 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ की हो जाएगी। उधर,केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांवों और शहरों के मोहल्लों तक पहुंचाने के लिए शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा से दो महीने में 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्र के 9541 स्थानों तक पहुंच चुकी है और इससे 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़े। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। आयुष्मान कार्ड के मानकों से पता चलता है कि ये कौन सी श्रेणी के लाभार्थी हैं।

> इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24 .82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

विंग्स इंडिया 2024 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत ने बोइंग और एयरबस को एक साल में 1120 जहाजों के लिए ऑर्डर दिए हैं। 2030 तक हवाई अड्डे 149 से बढ़ाकर 200 करने का लक्ष्य है। तब तक देश 30 करोड़ एयर ट्रैफिक वाला और विमानों की संख्या डेढ़ से दो हजार हो जाएगी। 2042 तक 2500 नए विमानों और 20 वर्षों में 41 हजार पायलटों की जरूरत होगी। स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो के मिशन डायरेक्टर कुणाल कुमार ने भी बता दिया कि देश में 100 स्मार्ट शहरों में 40 हजार करोड़ की 383 परियोजनाएं चल रही हैं। 1300 पूरी हो चुकी हैं जिनमें 76 हजार सीसीटीवी कैमरे, 50 लाख से अधिक सौर और एलईडी लाइट लगाना और 89 हजार किमी से अधिक भूमिगत बिजली केबल का निर्माण प्रमुख है। 6855 स्मार्ट क्लास रूम और 40 डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई गई हैं। दूसरी ओर 140 करोड़ के देश में 12 करोड़ युवक-युवतियां बेरोजगार के तौर पर पंजीकृत हैं। नोटबंदी और जीएसटी के कारणों के अलावा कोरोना काल में संगठित-असंगठित क्षेत्र में 17 करोड़ लोग बेरोजगार हुए हैं। फिर भी दावा है कि बेरोजगारी दर 2017-18 में 17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत रह गई। 2020 में बेरोजगारी दर 8, 2021 में 5.98 और 2022 में 7.33 फीसदी रही। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार अक्तूबर 2023 में बेरोजगारी दर 29 माह के सर्वोच्च स्तर 10.05 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्टूबर से दिसंबर 2023 के आंकड़े बताते हैं कि 20-24 आयुवर्ग में भयावह बेरोजगारी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की श्रमबल एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने आशंका जताई कि 2024 में बेरोजगारी वैश्विक स्तर पर विकराल होगी। 20 लाख से अधिक लोगों के पास काम नहीं होगा। 2024 में दुनिया में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत हो जाएगी,जो 2023 में 5.1 प्रतिशत थी। 2022 में यह 5.3 फीसदी रही थी। मान्यता है कि बेरोजगारी एक प्रतिशत बढ़ने पर सकल घरेलू उत्पाद में दो फीसदी की कमी आ जाती है।

गूगल ने साल के शुरू में एक हजार से अधिक कर्मचारी निकाल दिए। सीईओ सुदंर पिंचाई ने और कर्मचारियों को भी छंटनी के लिए तैयार रहने को कहा है। 2022 में भी गूगल ने सबसे अधिक 12 हजार कर्मचारी बाहर कर दिए थे। आईटी सेक्टर की नौकरियों में सर्वाधिक कमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता प्रभाव है। पेटीएम ने एक हजार लोग निकालने पर तर्क दिया कि उन्हें एआई ने अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एआई के कारण भारत जैसे विकासशील देश में औसतन 40 प्रतिशत नौकरियां खत्म होने की आशंका जताई है। बीते साल भारत की स्टार्टअप कंपनियों ने 28 हजार से ज्यादा लोग निकाल दिए। बीते दो वर्ष में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियां भारत के 36 हजार कर्मचारी निकाल चुकी हैं। नौकरी डॉट काम की मानें तो आईटी, बीपीओ, शिक्षा, खुदरा कारोबार, स्वास्थ्य देखभाल और सतर्कता के क्षेत्र में दिसंबर 2023 में पेशेवरों की नियुक्ति में 16 फीसदी की कमी आई है।

यही नहीं, जोर-शोर से कहा जा रहा है कि 2014-15 से 2023-24 के दौरान महंगाई दर 5.5 प्रतिशत रही। 2009-14 के बीच यह 10.04 प्रतिशत थी। आईएलओ की रिपोर्ट का महत्वपूर्ण तथ्य है कि बेरोजगारी बढ़ने के कारण महंगाई बढ़ेगी। देश में महंगाई दर दिसंबर 2023 में 5.69 फीसदी थी। दिसंबर 2022 में यह 5.72 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2023 में थोक महंगाई नौ महीने में सबसे ज्यादा बढ़ी। दिसंबर 2002 में यह 5.02 प्रतिशत थी। महंगाई के बारे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथन ने दावोस में ही चेतावनी दी है। कहा, 2024 में दुनिया इसमें राहत की उम्मीद न करे।

इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24.82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

व्यंग्य

अपने लिए यही तो चाहते हैं

जो लोग खासकर हिंदुस्तानी लोग, सास को लेकर रोने रोते हैं मुझे उनसे कतई इत्तेफाक नहीं है। सास को समस्या,सिरदर्द बताने को लेकर बने सारे ही चुटकुले झूठे हैं। सच तो ये है कि जब पूरी दुनिया आपको नकारा समझकर लतियाने में जुटी हो ऐसे दुर्दिनों में भी आपकी मां के अलावा दुनिया में सास ही आपकी वो इकलौती रिश्तेदार होती है जिसके हिसाब से आप दुनिया के सबसे होनहार,लायक और नजर उतारने के काबिल खूबसूरत इंसान होते हैं।

सास ही है,जो आपके आने का इंतजार करती है। आपको देखते ही खुश हो उठती है। आपको देखकर गदगद होकर अपनी बहुओं को छप्पन भोग बनाने के लिए रसोई की तरफ रवाना कर देती है। वह दुनिया की इकलौती औरत होती है,जो अपनी गैरशादीशुदा बेटियों को देर रात तक आपसे गपियाते देख नाराज नहीं होती,जो आपकी खातिरदारी में अपने पति और लड़कों सहित पूरे घर को जुटा दे,आपके आने की खबर भर से पुराने सोफे पर नए कवर चढ़वाने लगे,शैल्फ में बहुत दिनों से बंद नई क्राकरी खनकाने लगे,आपकी जेब को अपनी बचत के नोटों से भर दे,जो आपको अपने बेटों से ज्यादा तवज्जो दे,आपकी हां में हां मिलाए,आपकी सारी घिसी पिटी बातों को ध्यान से सुनें,वह आपकी सास के अलावा और कौन हो सकता है?

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं ,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है।

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है। इसी भरोसे के चलते वो बहुत बार आपकी जब भी अपनी बीबी से तनातनी होती है,वो आप की तरफदारी करती है। अपनी बेटी से ज्यादा आपको सराहती है। आपको और क्या चाहिए? सास का होना ही ससुराल के आतिथ्य की गारंटी है,उसका होना भर आपके मन में अपने वीआईपी होने की गलतफहमी पैदा कर देता है, जो आप वाकई होते नहीं है। यदि आपके दामाद होने के पहले ही आपकी सास दुनिया छोड़ चुकी हो तो मेरे ख्याल से आप एक बदनसीब इंसान हैं, आप कभी जान ही नही पाएंगें कि सास का सुख क्या होता है,आप खुद को कभी खास महसूस ही नहीं कर सकेंगे। हमारे देश का पिलपिला से पिलपिला आम आदमी जब अपनी सास के सानिध्य में होता है तो खास बना रहता है। जहां तक खास होने की बात है तो यकीन मानिये आपका ये रुतबा सास के होने भर तक का है,उसके जाते ही आपकी ससुराली दुनिया उजड़ जाएगी और आप वहां अचानक अलफांसो से दशहरी आम हो सकते हैं। उसका जाना आपका डॉलर से रुपया हो जाना है। आपका शेयर मार्केट धड़ाम से मुंह के बल आ गिरता है और आप मुद्रास्फीति का मतलब समझने लगते हैं। हां यदि आप बहुत सी बहनों की सबसे छोटी बहन के पति हैं तो आपका यह सौभाग्य अक्षुण्ण रह सकता है। यह दुर्लभ संयोग है, जो आपको अतिरिक्त ममतामयी सासें दिलवा सकता है,वे भी बलिहारियां जाएंगी आप पर। आप अपनी पत्नी की बड़ी बहनों के घर में भी दामादों सी ठसक से तर माल उड़ा सकते हैं,पर ऐसा हो ही यह जरूरी नहीं,ससुराल की दुनिया में बस सास की ही शुद्धता की गारंटी है।

यदि आप कुंवारे हैं,आप की शादी की बात चल रही हो तो होने वाली सास से जरूर मिल लें। आपका ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि आपकी होने वाली बीबी पच्चीस -तीस साल बाद कैसी दिखेगी? कैसे बोलेगी बतियाएगी? कैसा व्यवहार करेगी,यह भावी सास से मिलकर आसानी से जाना जा सकता है।

मां के अलावा वो ही है,जो आपकी किसी छोटी सी उपलब्धि को भी वो समुद्र पर बना पुल मान लेती है। जब भी आपका थोड़ा बहुत नाम हो जाए तो आप पर गर्व होता है उसे। हर आने जाने वाले से वो आपकी चर्चा करती है और सच्चे मन से खुश हो जाती है। लिहाजा अपनी सास की इज्जत कीजिए। उसकी इज्जत करेगें तो उनकी बेटी आपकी इज्जत करेगी। वो आपकी इज्जत करेगी तो दुनिया आपकी इज्जत करेगी। सास का होना ही आपका इज्जतदार बने रहने के लिए काफी है। मेरा ख्याल है आप अपने लिए यही चाहते हैं।

भारत-मालदीव संबंध: वर्तमान और भविष्य

भारत द्वारा कोरोना के समय आर्थिक संकट से उबरने के लिए 250 मिलियन यूएस डॉलर की दी गई,मदद हेतु संयुक्त राष्ट्र में धन्यवाद देते मालदीव के विदेश मंत्री के वक्तव्य को अभी तीन वर्ष भी नहीं हुए थे कि मालदीव के जनप्रतिनिधियों, विपक्ष और सरकार की मंशा में चीनी मिलावट होते दिखने लगी है।

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया। चीन के वन बेल्ट वन रोड योजना का भी खुलकर समर्थन करने वाले मालदीव में चीन की यह उपस्थिति सामरिक दृष्टिकोण से सही नहीं है। न केवल हिंद महासागर,बल्कि भारत के निकटवर्ती राष्ट्रों में चीन की बढ़ती उपस्थिति चिंता का कारण है। इसी बात को समझते हुए हमारे नीतिगत निर्णयों में शानदार प्रयास विगत वर्षों में होते दिखाई दिए हैं।

वर्ष 1965 में मालदीव की ब्रिटेन से आजादी के बाद से ही भारत और मालदीव के बीच वाणिज्यिक,सांस्कृतिक आर्थिक, संबंधों का दूसरा दौर शुरू होता है। भारत उन आरंभिक देशों में से एक है जिसने मालदीव के मुक्ति संघर्ष और स्वतंत्र मालदीव को सर्वप्रथम मान्यता प्रदान की। औपनिवेशिक शासन के अधीन रहे भारत और मालदीव दोनों के ही बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान संबंधों में प्रगाढ़ता आई। वर्ष 1974 में मालदीव के तत्कालीन प्रधानमंत्री अहमद जैकी की भारत यात्रा इस संदर्भ में प्रासंगिक है। इसी बैठक के बाद भारत और मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र को शांति क्षेत्र के रूप में स्वीकृत करते हुए इस क्षेत्र को बड़ी महा शक्तियों और सैन्य गतिविधियों से मुक्त रखने का संकल्प लिया था। शिक्षा, मत्स्य पालन, वायु और समुद्री संचार के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय सहयोग को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर दोनों पक्ष सहमत हुए। इसी क्रम में भारत द्वारा शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु मालदीव के 19 एटोल में 19 विद्यालयों की स्थापना और मत्स्य के डिब्बाबंद उद्योग को बढ़ावा देने की समुचित व्यवस्था भारत द्वारा की गई।

जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया।

80 के दशक के दौरान मालदीव की सत्ता पर आसीन मोमून अब्दुल गयूम के खिलाफ तख्तापलट की कोशिशों को निरस्त करने के लिए 'ऑपरेशन कैक्टस' चलाया गया। इसके बाद के वर्षों में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। भारत की मालदीव के प्रति विदेश नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में आया। लगभग एक दशक के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी का मालदीव दौरा दोनों देशों के बीच रिश्तों की प्रगाढ़ता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुआ। वर्ष 1995 के बाद इतने वर्षों के अंतराल के बाद अटल जी की यात्रा कई मायनों में वर्ष 2023 में महत्वपूर्ण रही। हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मालदीव में, "इंडिया फर्स्ट" की नीति अपनाने वाले राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराकर,निर्वाचित नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और जेल से छूटकर आए पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने उन सभी सकारात्मक पहलों पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है,जो इतने वर्षों तक मालदीव के सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक,पर्यावरणीय विकास के लिए भारत द्वारा की गई हैं। हालांकि भारत के लिए यह ऐसा पहला अनुभव नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2008 के चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और वर्ष 2013 चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भी चीन के प्रति झुकाव को प्राथमिकता देते थे।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि विभिन्न विकास प्रोजेक्ट से लेकर कैंसर हॉस्पिटल निर्माण तक भारत ने एक अच्छे पड़ोसी और समावेशी विकास की नीति के चलते मालदीव को हर संभव मदद की है। बंदरगाहों के निर्माण से लेकर, मजबूत कनेक्टिविटी तक, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस राष्ट्र के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। वर्तमान हालातों में केवल मालदीव का विरोध नहीं,बल्कि सार्थक चर्चाओं और कूटनीति के आधार पर इसका समाधान होना चाहिए। लक्षद्वीप के विकास में पर्यटन,इस मॉडल को मालदीव के मॉडल से भलीभांति अध्ययन कर, वहां से काफी कुछ सीखा जा सकता है। भावावेश में विरोध की राजनीति के इतर हमें बातचीत द्वारा इसे सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से मालदीव से खराब रिश्ते किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं किए जा सकते।

सोशल फोरम

आसान है अच्छा इंसान बनना

जिंदगी में सब कुछ हुआ मेरी, मगर मैं कभी कुंठित नहीं हुआ। कुंठा और मेरा, वैसा ही साथ रहा जैसे ओस और धूप। मुझे लगता है कि अगर मुझमें कुंठा जन्मी,तो हम खत्म हो गए। नाराजगी में तो बात की गुंजाइश रहती है, कुंठा में बात की गुंजाइश को ही तो घुन लग जाता है।

हफीज किदवई
लेखक

सैकड़ों बातें मेरे मन की नहीं होती। मेरे बहुत करीबी लोग,बहुत बार मेरे ठीक उल्टा सोचते हैं। तो क्या करें,उन्हें उलट-पुलट करके अपने जैसा ही बना दें या कहिए उनसे मन में गंदगी पाल लें। हमसे यह दोनों नहीं होता,सबसे बड़ी बात न मक्कारी होती है और न ही हम कुंठित होते हैं।

एक बात जान लें,दुनिया की बड़ी से बड़ी लड़ाई, कुंठा से नहीं लड़ी जा सकती है। कुंठित व्यक्ति हमेशा अपने पक्ष की दीमक ही बनता है। हमें न लोगों से चिढ़ है और न ही उनके बदलते रवैय्ये से कोई कुंठा। एक बात और मेरा अगर कोई दुश्मन भी है तो हम यह कतई नहीं चाहेंगे कि सब उससे लड़ने लगे। मेरा दुश्मन मेरा दुश्मन है। हमें उससे लड़ना है, न कि उसे अकेला करने का कुंठित प्रयास करना है।

हमसे बहुत गलतियां होती हैं। लोगों को समझने में गलती करते हैं,मगर कभी इस बात पर कुंठित नहीं होते। सब मेरे ख्याल के नहीं हो सकते और न ही हम सबके ख्याल के हो सकते हैं। एक अंतिम बात, हमने जिंदगी में इतना एहतियात हमेशा बरता है कि दुश्मन से लड़ते लड़ते,दुश्मन जैसे न बन जाए।

बाकी आपका जो जी चाहे, वह समझें। हमें जो पसंद है,वह किसी का भी दुश्मन हो,मेरा नहीं होगा। मैं उसके खिलाफ हो सकता हूं,मगर उसके प्रति कुंठित नहीं होऊंगा। हमें यह व्यवहार ही सबसे बुरा लगता है कि जो हमारा सगा नहीं,वह दुनिया का सगा नहीं। दुनिया बहुत बड़ी है, लोग बहुत खूबसूरत हैं। जमाना अच्छे लोगों से खाली नहीं है। हो सकता है अच्छा दोस्त,अच्छा इंसान मिलना बहुत मुश्किल हो,मगर अच्छा दोस्त या अच्छा इंसान बनना तो बहुत आसान है। इसकी पहली शर्त है कुंठा छोड़ दो...

-फेसबुक वॉल से

राम का विवेक

अयोध्या कांड को पूरी कथा का मर्म कहा गया है। उसका एक कारण यह है कि पूरी कथा संरचना में यहां पर एक बहुत ही रोचक मोड़ आता है और दूसरा यह है कि समाज में संदेश बहुत ही प्रभावी ढंग से संप्रेषित होता है,पर यहां पर अधिकांश संदेश राम और भरत ही देते हैं। चित्रकूट प्रसंग जो उदात्तता की चरम सीमा को दर्शाता है उसमें किसी महिला पात्र का कोई विशेष योगदान नहीं दिखता है। पूरे संवाद रचना में प्रमुख रूप से राम, भरत, लक्ष्मण,निषादराज,वशिष्ठ ही दिखते हैं। कैकेयी का पश्चाताप तो है,पर वह मुखर नहीं होता। कई बार लगता है,यह सायास है। कैकेयी का पश्चाताप इतना घोर है कि वह अभिव्यंजित नहीं हो सकता शब्दों से। कैकेयी का मौन संभवतः भरत की तीव्र प्रतिक्रिया के कारण आया। वरदान देने के बाद पति विमुख पहले ही चुके थे,राम के शोक में प्राण त्याग दिए,पुत्र ने त्याग दिया- पश्चाताप मात्र मौन से ही हो सकता था जितनी आक्रामक कैकेयी दशरथ के साथ वचन लेते समय होती हैं,उसकी तुलना में पश्चाताप पर उनकी मौन अभिव्यक्ति है। किसी भी महिला पात्र की भूमिका पूरे प्रसंग में कुछ विशिष्ट उल्लेखनीय नहीं है।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

राम के चरित्र निर्माण पर गोस्वामी जी ने विशेष ध्यान दिया है। इंद्र पुत्र जयंत के दुस्साहस पर राम ने सीता के सम्मान को ध्यान में रखते हुए उस पर प्रत्यंचा का प्रयोग किया। उसने सीता के चरणों में एक कौए का वेश धरकर आक्रमण किया। सीता के पैर से हुए रक्तस्त्राव पर राम इतने कुपित हुए कि राम के बाण ने उसका पीछा तीनों लोक में किया और अंत में उसके द्वारा क्षमा मांगने पर भी उसको एक नेत्र से हीन कर दिया,पर जब सूपनखा ने सीता पर आक्रमण का प्रयास किया तब राम का रोष लक्ष्मण के माध्यम से निकला।

राम के चरित्र में स्त्री पर हमले का अंश नहीं था। वह स्त्री का बहुत सम्मान करते थे। चाहे वह राक्षसी ही क्यों न हो?

वह परशुराम के क्रोध पर शांत रहते हैं। लक्ष्मण के रोष को नियंत्रित करते हैं। राम महिलाओं , ज्ञानियों एवं मुनियों पर न तो वचन से और न ही पौरुष से कोई आक्रमण करने में विश्वास रखते हैं। लक्ष्मण प्रायः अपने आप पर से नियंत्रण खो देते हैं। कई बार उनके संवादों से उनके अहम का भी अहसास होता है। वह अकसर यह कहते हुए दिखते हैं कि अगर प्रभु की आज्ञा हो तो वह कुछ भी कर सकते हैं,पर राम ऐसा कहते हुए कभी नहीं दिखते। राम में नम्रता का अपार सागर है। वह सिंधु राज पर भी क्रोध करने के पूर्व उससे विनती करते हैं।

'विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय न प्रीति।।' यह पंक्ति राम की नम्रता के बारे बहुत सुंदर अभिव्यक्ति देती है। वह कोप करने के पहले भी तीन दिन तक विनय करते हैं। उनका रोष अकारण हो ही नहीं सकत,पर जब सिंधुराज प्रकट होकर क्षमा याचना करते हैं तो राम उसे स्वीकार करते हैं। राम का विवेक अयोध्याकांड से लेकर लंका कांड तक पूरी घटनाक्रम को संचालित करता है। वह किसी भी अवसर पर अधीर नहीं होते। राम के पराक्रम का ही नहीं उनके वंदनीय विवेक का युग भी सघन जंगलों में गतिशील है।

समृद्धि की वाहक शिक्षित नारी

नारी शिक्षा समाज के विकास के लिए आवश्यक है,क्योंकि एक समर्पित, ज्ञानवान और आत्मनिर्भर महिला समाज की स्थिति को सुदृढ़ करती है। नारी शिक्षा का महत्व इसलिए भी बहुत है,क्योंकि यह महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और उन्हें स्वतंत्रता का एहसास दिलाती है। संस्कृत में कहा गया है "नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति मातृ समो गुरुः" अर्थात् इस दुनिया में विद्या के समान नेत्र नहीं है और माता के समान गुरु नहीं है।

शालिनी मिश्रा
बरेली

बालक के विकास पर प्रथम और सबसे अधिक प्रभाव उसकी माता का ही पड़ता है। माता ही अपने बच्चे को पहली अध्यापक होती है। बालक का प्रारंभिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थाई आधार बन जाता है। समाज में बाल अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। यदि मां शिक्षित नहीं होगी तो एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास संभव नहीं हो सकेगा। पुरुष और स्त्री इस समाज के एक सिक्के के दो पहलु हैं तो फिर शिक्षा भी एक समान प्राप्त होनी चाहिए। जिस तरह पुरुष का शैक्षिक जीवन इस समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है,उसी प्रकार नारी शिक्षा भी देश के हित के लिए आवश्यक है। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच इस समाज के विकास का रोड़ा बन सकती है। आज के इस युग में स्त्री पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। हर एक क्षेत्र में नारी आज कुशल है,वह घर की देखभाल के साथ-साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अडिग है। भारत में महिला साक्षरता की अहम जरूरत है।

महिलाओं के शिक्षित हुए बिना हम देश के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। परिवार, समाज और देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के लोकतंत्र को सफल बनाने का एकमात्र रास्ता यही है कि महिलाओं तथा पुरुषों को शिक्षा हासिल करने के लिए बराबरी का हक दिया जाए। शिक्षित महिलाएं ही देश,समाज और परिवार में खुशहाली ला सकती है।

दूसरे दिन 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

चार पंक्तियों में बनाई गई दर्शन की व्यवस्था, चाक-चौबंद रही सुरक्षा

जन्मभूमि पथ से श्रद्धालुओं का प्रवेश और गेट नंबर तीन से कराई गई निकासी

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर और मंदिर में प्रतिष्ठित हुए रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में राम भक्त बुधवार सुबह से ही लंबी कतार में खड़े हो गए। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को भीड़ कम रही। दूसरे दिन बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन के लिए मंगलवार को अचानक सैलाब के बाद प्रशासन ने आज चाक-चौबंद व्यवस्था रखी। बढ़ रही भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में दर्शन की सुगम व्यवस्था के लिए चार लाइन बनाई गईं। जिनके माध्यम से अलग-अलग लाइनों में पुरुष व महिलाओं को प्रवेश कराकर बाहर निकाल गया।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज भी राम भक्तों में मंदिर दर्शन का जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। मंगला आरती के साथ ही दर्शन प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर गृह सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, डीएम नितीश कुमार समेत सभी स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि रामपथ से लेकर जन्म भूमि पथ तक चार अलग-अलग लाइन के माध्यम से राम भक्त दर्शन के लिए राम मंदिर पहुंचे। आज सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करते हुए दर्शन कराए गए। सभी आने वाले श्रद्धालु आसानी से सुरक्षा के बीच होते हुए परिसर पहुंचे जहां दर्शन के बाद गेट नंबर 3 से बाहर निकाला गया।

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए जाता श्रद्धालुओं का जत्था। ● प्रशांत शेखर

मंदिर के गर्भगृह तक पहुंच गया बंदर

राम मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद एक बंदर मंदिर परिसर में भी पहुंचते ही रामलला के मुख्य द्वार से मूर्ति तक चला गया। मंदिर परिसर में रखें किसी भी सामान का नुकसान नहीं किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मंगलवार शाम श्रीराम के गर्भ ग्रह में हुई एक अद्भुत घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आज शाम लगभग 5:50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से गूढ़ मंडप से होते हुए गर्भगृह में प्रवेश करके उत्सव मूर्ति के पास तक पहुंचा। बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने देखा, वे बंदर की ओर यह सोच कर भागे कि कहीं वो उत्सव मूर्ति को जमीन पर न गिरा दे। जैसे ही पुलिसकर्मी बंदर की ओर दौड़े, वैसे ही बंदर शांतभाव से भागते हुए उत्तरी द्वार की ओर गया। द्वार बंद होने के कारण पूर्व दिशा की ओर बढ़ा और दर्शनार्थियों के बीच में से होता हुआ, बिना किसी को कष्ट पहुंचाए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया। सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि ये हमारे लिए ऐसा ही है, मानो स्वयं हनुमान जी रामलला के दर्शन करने आये हों।

समर्थकों के साथ प्रवीण तोगड़िया ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुधवार को समर्थकों के साथ रामनगरी पहुंचे। मंदिर निर्माण की संकल्प की पूर्ति के बाद उन्होंने सरयू में स्नान किया और रामलला का दर्शन-पूजन किया। प्रवीण तोगड़िया ने मोदी और अमित शाह पर विश्वास जताते हुए कहा कि अब मथुरा और काशी के लिए आंदोलन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर बन गया है, यह आनंद का विषय है। जैसे राम मंदिर बना हुआ है वैसे काशी और मथुरा भी बना दिखेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद समृद्ध हिंदू, सम्मानित हिंदू का देशव्यापी समृद्ध अभियान चलाने जा रही है। जो देश भर में चला जाएगा। राम मंदिर आंदोलन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के लिए राम मंदिर खुशी का विषय है।

पहले दिन रामलला को 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा

अयोध्या, अमृत विचार: राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रामभक्तों ने तीन करोड़ 17 लाख रुपये का दान देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 10 दान काउंटर खोले गए थे। इसके अलावा देश दुनिया से तमाम राम भक्तों ने ऑनलाइन दान प्रभु श्री राम को भेजा है। डॉ. मिश्रा के अनुसार मंगलवार 23 जनवरी को पांच लाख से ज्यादा रामभक्तों ने दर्शन किए हैं। दर्शन सुव्यवस्थित हो इसके लिए प्रशासन से वार्ता करके व्यवस्था की जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक करके नई रणनीति तैयार की है। उन्होंने अयोध्या के आसपास के संघ के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वह मंदिर में साफ सफाई की जिम्मेदारी स्वीकार कर लें और सुव्यवस्थित मंदिर दर्शन जारी करने में सहयोग करें।

भीड़ नियंत्रण की रात भर चली कवायद

▸▸ अब भी मोर्चा संभालें हैं गृह सचिव व एसडीजी

▸▸ निगरानी में जुटे एडीजी, आईजी व एसएसपी मुख्य मार्ग पर डाइवर्जन अब भी लागू

जन्मभूमि पथ पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरएएफ के जवान। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामजन्मभूमि परिसर में मंगलवार रात भर चली कवायद के बाद पुलिस-प्रशासन ने दर्शन-पूजन की व्यवस्था को बुधवार को सुचारु कर लिया। अब भी प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी ने परिसर में मोर्चा संभाल रखा है। एडीजी, आईजी व एसएसपी निगरानी में जुटे हैं। रामनगरी के मुख्य मार्ग रामपथ पर अभी भी रुट डाइवर्जन लागू है। स्थानीय लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन की अनुमति दी गई है। रामनगरी में भीड़ नियंत्रण योजना सख्ती से लागू किये जाने के बाद बुधवार को सारी व्यवस्थाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण में दिखीं। रामपथ पर रामजन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर आरएएफ के जवानों ने मानव शृंखला बना रखी थी। दूसरी पटरी पर बज्र व दंगा नियंत्रण वाहन तथा उस पर तैनात सुरक्षा बल ने मोर्चा संभाल रखा था। एसएसएफ और सिविल पुलिस के साथ पीएसी के जवान और अधिकारी पूरे पथ पर मुस्तैद रहे। दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को रामजन्मभूमि पथ पर बाएं तरफ स्थित तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के बगल कैनोपी वाले पत्थर जड़ित मार्ग से प्रवेश दिया जा रहा था। जगह-जगह भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षाबलों की निगरानी में बैरियर और स्कैनर सक्रिय रहे, जबकि निकास दाएं स्थित वाहनों के आवागमन के लिए निर्धारित मार्ग से कराया गया। आसपास के मंदिरों में दर्श-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को अमावां मंदिर-राम गुलेला मार्ग से भी निकलने की अनुमति दी गई। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने परिसर स्थित कंट्रोल रूम में मोर्चा संभाल रखा था तो प्रशासन की ओर से लगाए गए मजिस्ट्रेटों के साथ राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जमे थे। वहीं एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर घूम-घूमकर हालात और व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एसपी ट्रैफिक एपी सिंह, एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत विशेष ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारी निगरानी में जुटे दिखे। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि सुचारु रूप से दर्शन-पूजन कार्यक्रम जारी है। सभी को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए हैं।

रामोत्सव में रंगोत्सव के रंग में रंगी रामनगरी

▸ 12 जनवरी से रामलला के दर्शन को कई प्रदेश के लोग रामनगरी में रहे डटे

रामपथ पर उतर आई एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक, पारंपरिक परिधानों में पहुंच रहे श्रद्धालु

अयोध्या धाम में आस्था के जनसैलाब के संग सांस्कृतिक विरासतों का संदेश दे रहे भक्त

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : सुंदर सजी रामनगरी में आस्था के आवेग के बीच भारतीय संस्कृति का समावेश एक भारत श्रेष्ठ भारत का संवाहक बन गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की सांस्कृतिक और पारंपारिक विरासत रामपथ पर नए युग के आरम्भ का प्रतीक बन गई है। अब यहां रामलला के दर्शन के लिए आने वाले राम भक्त अपने-अपने प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं अयोध्या धाम में मन रहे रामोत्सव में श्रद्धाभाव के भी जुदा-जुदा रंग दिख रहे हैं।

भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए मंगलवार की तरह बुधवार को भी रामपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। मंगलवार को दर्शन को लेकर हुई असहजता भी प्रशासनिक व्यवस्था से बुधवार को सहज हो गई। जन्मभूमि मार्ग पर रैपिड एक्शन फोर्स जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन की व्यवस्था बना रहे थे। श्रद्धालु भी अनुशासन की डोर स्वयं से बांधे हुए आते-जाते रहे। 12 जनवरी से यहां डटे नेपाल के आशाराम और मध्य प्रदेश के निरंजन सिंह बोले ऐसी व्यवस्था यहां कभी नहीं दिखी। हर जगह प्रसाद और राम नाम की चाय के साथ अन्य इंतजाम से हृदय प्रसन्न हैं। कश्मीर से आए श्रीनिवास बोले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन सरलता के साथ रामलला के दर्शन प्राप्त हुए।

हनुमानगढ़ी मार्ग पर बुधवार को हनुमंतलला का रूप धरे कर्नाटक का श्रद्धालु। अमृत विचार

111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का किया दर्शन-पूजन

रामलला के दरबार में महाराष्ट्र के पुणे से आए केशव शंखनाद पथक के 111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का दर्शन-पूजन किया। जिसमे ज्यादातर महिलाएं थीं। केशव शंखनाद पथक के सदस्य केसरिया व सफेद वस्त्र पहनकर अयोध्या की सड़कों पर शंखनाद करते हुए राम जन्मभूमि पथ पहुंचे। वहां से राम के दरबार पहुंच शंखनाद किया। इस दौरान केशव शंखनाद पथक के सदस्यों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से हमें अयोध्या आने होता दिया गया था, मंगलवार को हम अयोध्या पहुंचे थे। हमारी सात पीढ़ीयों नें जो संघर्ष किया उसका आनंद आने वाली पीढ़ी के लोग लेंगे। कहा कि इतने सालों का जो सपना था आज भगवान श्री राम के दर्शन कर पूरा हो गया। रामलला की मूर्ति देखने के बाद बहुत ही सुंदर लगी। उन्होंने कहा यह केशव शंख नाद पथक विश्व का पहले पथक है जो एक साथ और एक आवाज में शंख बजाते हैं।

मुंबई की श्रद्धालु 56- अनारकली में तो लाल कोट में दिखे बादशाह

मुंबई से अपने पति राहुल सांबे के साथ दर्शन के लिए पहुंचीं शक्ति भी विशेष परिधान में रामलला के दर्शन के लिए आईं। उन्होंने बताया कि जो परिधान वह पहने हैं उसे महाराष्ट्र में 56-अनारकली कहा जाता है। बोलीं सुंदर अयोध्या धाम में सुंदरता के साथ आना अच्छा लगा। राहुल बोले रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रामपथ पर भ्रमण कर रहे सूरत के लाल बादशाह सबके आकर्षण का केंद्र बने रहे। लाल कोट - लाल पैंट और लाल जूते के साथ ऊपर से नीचे तक लाल रंग में रंगे दिखे। पूछा तो बोले सूरत गुजरात में भी इसी वेशभूषा में रहते हैं। अयोध्या में भी इसी में रामलला के दर्शन के लिए आएं हैं। बताया सूरत में 10 हजार बच्चों को अब तक दीक्षा दे चुके हैं। वह श्रद्धालुओं को लाल रंग का पेन भी वितरित करते रहे।

मुंबई से आए दंपती।

सिर पर आस्था की गठरी लादे अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा

रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं में राजस्थान के अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा भी रहे। सिर पर बड़ी सी गठरी लादे बाबा रामपथ पर पैदल बढ़े जा रहे थे।बताया अलवर से आ रहे हैं, फिर उन्होंने सरयू नदी की राह पूछी और आगे बढ़ गए।

तेलंगाना से पारंपरिक धार्मिक वेशभूषा में पहुंचा श्रद्धालु।

तेलंगाना के श्रद्धालु देवोवस्त्र तो आंध्र के राम रेड्डी पारम्परिक अंगवस्त्र में दिखे

रामपथ पर बुधवार को तेलंगाना से आया रामभक्तों का समूह अपनी पूरे पारम्परिक परिधान में रामलला के दर्शन कर आह्लादित दिखे। समूह के साथ मौजूद राकेश ने बताया कि हमारे परिधान को देवोवस्त्र कहा जाता है। प्रभु रामलला के दर्शन के लिए इसीलिए इस परिधान में आएं हैं। बताया कि यह साउथ का पारंपरिक परिधान है। जो देवों के दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान पहना जाता है। उनके साथ आए महाकाली, शिवा, बालाजी, महेश, सुरेश आदि मौजूद रहे। रामपथ पर दर्शन के लिए जा रहे आंध्र प्रदेश के राम रेड्डी कड़ाके की सर्दी के बाद भी धोती अंगवस्त्र में मिले। पूछा सर्दी नहीं लग रही है? बोले कुछ नहीं दोनों हाथ जोड़ प्रभु की ओर इशारा किया। इसी तरह बिहार के शैलेन्द्र विष्णु भी अपने पारंपरिक परिधान में दर्शन के लिए पहुंचे।

संकल्प हुआ पूरा तो राम की वेशभूषा में पहुंचे अयोध्या धाम

राजस्थान के रहने वाले राज दास भी अयोध्या कोतवाली के निकट भगवान राम की वेशभूषा धारण किए आकर्षण का केंद्र रहे। बताया भव्य राम मंदिर बनने पर यह संकल्प लिया था कि उन्हीं की वेशभूषा में दर्शन करने जाएंगे। बोले रामलला विराजे तो आतुरता के साथ चला आया। उनके साथ श्रद्धालु भी सेल्फी लेते रहे। राज ने बताया कि मूलरूप से वह शेफ हैं। रंगमंच में भी सहभागिता रहती है।

आस्था



रामनगरी में अपनी बेटी को रामलला का दर्शन करा लौटता पिता।

खरीदारी

दर्शन-पूजन के बाद रुद्राक्ष खरीदती युवती।

रामपथ पर तिरंगा लहराता युवक।

रामोत्सव

तीन मूर्तिकारों ने अलग-अलग बनाई थी रामलला की मूर्ति, एक हुई गर्भगृह में प्रतिष्ठित

बाल रूप रामलला की दो अन्य मूर्तियां भी आईं सामने

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पांच वर्षीय बाल रूप में रामलला मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को प्रतिष्ठित हो गए। यह मूर्ति मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन रामलला की दो अन्य मूर्तियों की भी तस्वीरें सामने आई हैं। हालांकि ट्रस्ट ने इस मूर्तियों पर कोई निर्णय नहीं लिया है। दावा किया है कि इन दोनों मूर्तियों को भी उचित सम्मान दिया जाएगा।

राम मंदिर के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीन अलग-अलग मूर्तिकारों से 51 इंच ऊंची रामलला की बाल स्वरूप मूर्ति तैयार करने को कहा था। ट्रस्ट के अनुमति पर मैसूर के अरुण योगीराज, कर्नाटक के कृष्ण शिला पर गणेश भट्ट व राजस्थान के मकराना संगमरमर के पत्थर पर सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति बनाने का काम शुरू किया था। मूर्ति तैयार होने के बाद ट्रस्ट ने राम मंदिर के गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के अरुण योगीराज की मूर्ति चयन किया और उसे 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठ के तीसरे दिन बुधवार को मूर्तिकार गणेश भट्ट व सत्यनारायण पांडेय की ओर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि मंदिर के प्रथम तल पर लगने वाले राम दरबार के साथ इन दोनों मूर्तियों का प्रयोग किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा है कि दोनों अन्य मूर्तियों को उचित सम्मान दिया जाएगा। अभी तक ट्रस्ट ने इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। जल्द ही मंथन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मूर्तिकार गणेश भट्ट की द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति।

मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे द्वारा बनाई की गई रामलला की मूर्ति।

▸▸ मूर्तिकार गणेश भट्ट ने कृष्ण शिला व सत्यनारायण पांडेय ने मकराना संगमरमर की बनाई मूर्ति - मूर्तियों को राम मंदिर उचित स्थान देने पर ट्रस्ट लेगा निर्णय

महाराष्ट्र से आए रामभक्तों ने भेंट की स्वर्ण जड़ित तलवार।

रामलला को समर्पित की स्वर्ण जड़ित तलवार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद रामभक्त अपने आराध्य को कुछ न कुछ उपहार स्वरूप समर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में महाराष्ट्र से आए 20 सदस्यीय राम भक्तों की टोली ने बुधवार को स्वर्ण जड़ित तलवार रामलला को समर्पित की है। तलवार सात फीट लंबी और 80 किलो वजनी है। जिस पर सोने की परत चढ़ाई गई है। इसके साथ ही इस तलवार पर विष्णुजी के 10 अवतारों के चिह्न भी अंकित हैं। निलेश अरुण ने कहा कि तलवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित की है। यह तलवार प्राचीन नंदन तलवार को देखकर बनाया गया है, इसे एक गाड़ी में रखकर अयोध्या लाया गया है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज मनाया जाएगा

नैनीताल: प्रशासन आज जनपद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाएगा। साथ ही नागरिकों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक भी करेगा।

एडीएम शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के क्रम में जिले के सभी स्कूलों, शिक्षण संस्थानों के विभागाध्यक्ष, प्राचार्यों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि सभी संस्थानों में 25 जनवरी (आज) राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसमें वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम विषय पर प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्र- छात्राओं को सामूहिक रूप से राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा मामले पर विचार कर रही सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने पूछा

1981 के संशोधन को कैसे स्वीकार नहीं कर सकता केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र के इस रुख पर आश्चर्य व्यक्त किया कि वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) अधिनियम में 1981 के उस संशोधन को स्वीकार नहीं करता है, जिसके जरिए संस्थान को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था।

न्यायालय ने यह भी कहा कि संसद ने जो किया है, उस पर केंद्र को कायम रहना होगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि संसद

भारतीय संघ के तहत एक शाश्वत एवं अविनाशी निकाय है। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित जटिल प्रश्न पर विचार कर रही संविधान पीठ ने केंद्र की ओर से पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि आप संसद के संशोधन को कैसे स्वीकार नहीं कर सकते?

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि श्रीमान सॉलिसिटर, संसद भारतीय संघ के तहत एक शाश्वत एवं अविनाशी निकाय है। भले ही कोई भी सरकार भारत संघ के मुद्दे का प्रतिनिधित्व करती हो, संसद का मुद्दा शाश्वत, अविभाज्य और अविनाशी है तथा हम भारत सरकार को यह कहते हुए नहीं सुन सकते कि संसद ने जो संशोधन किया है, वह कुछ ऐसा है, जिस पर मैं सहमत नहीं हूं। आपको इस पर कायम रहना होगा। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा शामिल थे।

सरकार के पास कानून में संशोधन करने का है विकल्प

पीठ ने कहा कि सरकार के पास संशोधन का रास्ता अपनाने और कानून में फिर से संशोधन करने का विकल्प है। न्यायमूर्ति खन्ना ने पूछा कि यह संसद द्वारा (1981 में) किया गया एक संशोधन है। क्या सरकार इस संशोधन को स्वीकार कर रही है?'' मेहता ने जवाब दिया, मैं नहीं स्वीकार करता। उन्होंने कहा कि विचाराधीन संशोधन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी और वहां एक फैसले में यह घोषणा की गई थी कि यह ए, बी, सी, डी के आधार पर असंवैधानिक है और एक विधि अधिकारी के रूप में यह कहने का मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि यह दृष्टिकोण सही प्रतीत होता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनवरी 2006 में एएमयू (संशोधन) अधिनियम, 1981 के उस प्रावधान को रद कर दिया था जिसके द्वारा विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था।

यह संशोधन अब कानून की किताब में नहीं

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया और कहा कि 1981 के संशोधन अधिनियम को रद कर दिया गया था और इसलिए, यह अब कानून की किताब में नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से एक हलफनामा दायर किया गया है। यह मेरा रुख नहीं है...।

आंध्र प्रदेश में कांग्रेस कर रही गंदी राजनीति : रेड्डी

एजेंसी, तिरुपति

▸▸ राजनीतिक फायदे के लिए राज्य को तोड़ने का लगाया आरोप

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर राज्य में गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया। रेड्डी ने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में अपनी बहन वाई.एस. शर्मिला को आंध्र प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस असल में गंदा खेल रही है। जहां तक राज्य की राजनीति का सवाल है, गंदा खेलने की उसकी परंपरा रही है। उन्होंने (कांग्रेस ने) अपने राजनीतिक लाभ के लिए राज्य को विभाजित किया था। राज्य को अन्यायपूर्ण तरीके से विभाजित किया। वे बांटने और राज करने का काम करते हैं, चाहे वह राज्य हो या परिवार। उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी पर अपने चाचा (दिवंगत वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी) को उनके खिलाफ खड़ा करने का आरोप लगाया, जब उन्होंने पार्टी से नाता तोड़ लिया और 2010 में वाईएसआरसीपी बनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा बांटो और राज करो का काम करती है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टॉपर 318 बालिकाओं को किया सम्मानित

किसी भी बेटी का अपमान, मेरा अपमान

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मुख्य सेवक सदन में 'मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' कार्यक्रम के तहत मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। जिला स्तर पर इंटरमीडिएट व हाईस्कूल में प्रत्येक जिले और विकासखंड स्तर पर प्रथम आने वालीं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मार्ट फोन देने के साथ ही वर्ष 2022 और 2023 की टॉपर 318 बालिकाओं को पुरस्कृत किया।

टॉपर रही छात्रा को प्रशस्ति पत्र और स्मार्ट फोन प्रदान करते मुख्यमंत्री। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक प्रयास कर रही हैं। प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान उनका अपमान है। ऐसा करने वालों के खिलाफ वे कठोरतम कार्रवाई करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

बेटियां शान, मान और अभिमान

सीएम ने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान, मान और अभिमान हैं। महान वीरांगना तीलू रौतेली से प्रारंभ होने वाली हमारे प्रदेश की वीर नारियों की सूची में टिंचरी माई, गौरा, चन्द्रप्रभा, गंगोत्री और बछेंद्री तक ऐसे अनेकों नाम हैं, जिन्होंने हर चुनौती को छोटा साबित करते हुए कुप्रथाओं को तोड़ने और आत्मसम्मान से जीवन जीने की राह समाज को दिखाई है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में एक अलग मुकाम बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं बेटियों को और अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान कर रही हैं। राज्य सरकार ने हाल ही में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है।

आराधना और नाजिया को मिला सम्मान

देहरादून : राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग द्वारा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की बेटियों आराधना एवं नाजिया को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया। पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड खिर्सु की निवासी 10 वर्षीय बालिका आराधना ने वर्ष 2023 में गुलदार से 7 वर्षीय भाई प्रिंस की जान बचाई थी। इसी साल देहरादून के विकासखंड सहसपुर की निवासी 10 वर्षीय बालिका नाजिया ने गुलदार के हमले से अपने 3 भाइयों वसीम, नदीम, नसीम का जीवन बचाया था।

सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को मिलेगा चार फीसदी आरक्षण

मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्तावों पर मुहर

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में 22 प्रस्तावों पर फैसला लिया। कैबिनेट ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री का आभार जताया।

बैठक के बाद मुख्य सचिव डॉ. सुखबीर सिंह सन्धु ने बताया कि उत्तराखंड में खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार फीसदी क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के लिए उत्तराखंड लोक सेवा विधेयक 2024 को विधानसभा में रखने की कैबिनेट ने अनुमति दे दी। वहीं, बाल्य देखभाल अवकाश की पूरी अवधि में महिला कार्मिकों या एकल अभिभावक को अवकाश पर जाने से पहले मिल रहा पूरा वेतन देने के प्रस्ताव भी पास हो गया।

डॉ. एसएस संधु मुख्य सचिव

20 रुपये बढ़ा गन्ना मूल्य, खनन नियमावली में हुआ संशोधन आबकारी नीति पर अभी और विचार

दो से अधिक जीवित संतान वाले व्यक्तियों के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों की सदस्यता के लिए कैबिनेट ने उत्तराखंड पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2024 प्रख्यापित किया जाना प्रस्तावित किया है। यदि चुनाव से पहले एक बच्चा होगा और यदि जीत के बाद जुड़वां बच्चे होते हैं तो संबंधित प्रतिनिधि अयोग्य नहीं होगा।

मोदी बुलंदशहर से आज देंगे हजारों करोड़ की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री योगी ने परखी तैयारियां

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बुलंदशहर दौरे पर आ रहे हैं, इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित मोदी के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित और शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की बैठक में मौजूद मण्डल के अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा मंडल में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए। प्रधानमंत्री बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं।

बहन से मिलने गाजियाबाद पहुंचे योगी

लखनऊ : बुलंदशहर में गुरुवार को होने वाली प्रधानमंत्री की रैली से पहले व्यवस्थाओं का जायजा लेने गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद स्थित राजनगर एक्सटेंशन की एमजीआई घरौंदा सोसाइटी में रहने वाली बहन के घर बुधवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां लगभग 15 मिनट तक बहन का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने अपने बहनोई को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। बहनोई राजेंद्र सिंह की मृत्यु बीते साल हो गई थी। योगी बहन से मिलने के बाद वह वापस हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे और भाजपा पदाधिकारियों और अफसरों से बातचीत की। एयरपोर्ट पर पुलिस, प्रशासन, नगर निगम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राहुल गांधी के गमोचा संबंधी बयान पर हिमंत ने साधा निशाना

एजेंसी, गुवाहाटी

▸▸ असम के स्वाभिमान का प्रतीक है गमोचा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राज्य की संस्कृति और पहचान के प्रतीक गमोचा (असमी गमछा) से संबंधित टिप्पणी समेत कुछ अन्य बयानों के लिये कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा।

शर्मा ने 'एक्स' पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट में राहुल के सार्वजनिक रैलियों में दिए गए भाषणों का वीडियो और उस मुद्दे पर अपना बयान साझा किया। शर्मा ने पोस्ट में लिखा कि राहुल गांधी, असम का गामोचा सिर्फ शरीर पोछने के लिए नहीं है। यह असम के स्वाभिमान का प्रतीक हैं। गामोचा कई प्रकार के होते है। असम के सबसे बड़े उत्सव बिहु में गामोचा बिहुआन के तौर पर, अतिथि के सम्मान के लिए, भगवान के आसन के लिये और उत्सव एवं अन्य समारोह पर पहनने के लिए प्रयोग किया जाता हैं। राहुल ने अपने गले में लपेटा हुआ गमोचा दिखाते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ सरकार राज्य के गौरव का अपमान कर रही है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि गमोचा का अर्थ तौलिया है जिसमें ग का मतलब शरीर और मोचा का अर्थ पोंछना है। राहुल ने कहा कि भाजपा व आरएसएस असम की भाषा, संस्कृति और इतिहास को मिटाना चाहती है। हम असम से भाजपा के अन्याय को मिटाने के लिए यहां आए हैं। शर्मा ने कहा कि ये अनाप-शनाब आप को कौन सिखाता है? या आप जान बूझ कर कुछ भी बोल देते है? मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में चाय बनाने के लिए स्टोव जलाने के लिए कोयला डालने के बारे में राहुल के बयान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्टोव पर कोयला? आपके आलू से सोना बनाने वाली बात से हम उबर ही रहे थे की आपने स्टोव में कोयला डालकर हमे असमंजस में डाल दिया।

पुत्रवधू से दुष्कर्म विरोध पर पीटा

देहरादून, अमृत विचार: पटेल नगर क्षेत्र में घर में अकेली पुत्रवधू से ससुर द्वारा दुष्कर्म करने और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने मंगलवार को कोतवाली पटेलनगर पर दिए लिखित प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते बताया कि बीती 16 जनवरी को मैं अपने घर पर अकेली थी, इसका फायदा उठाकर उसके ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। महिला उपनिरीक्षक मीना रावत ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर दुष्कर्म और मारपीट की धाराओं में नामजद अभियोग दर्ज किया गया।

साहुवाला रेंज में मिला हाथी का शव

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : वन विभाग की साहुवाला रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में नर हाथी का शव मिला है। हाथी के दोनों दांत सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

नजीबाबाद डिवीजन की साहुवाला रेंज में मंगलवार की रात कक्ष संख्या 11 शाहनगर कुराली में नर हाथी का शव मिलने की रेंजर आरपी ध्यानी को सूचना मिली। हाथी का शव गड्ढे में पड़ा था। ऊपर से शव के पिछले दोनों पैर ही दिखाई दे रहे थे। हाथी का शव मिलने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर बुधवार को मौके पर पहुंचे वन विभाग नजीबाबाद के एसडीओ राजीव सिंह ने बताया कि रेंज की बीट शाहनगर कुराली में एक गड्ढे के भीतर मुंह के बल गिरे नर हाथी का शव मिला है। हाथी को गड्ढे से बाहर निकालने के प्रयास चल रहे हैं। शव को गड्ढे से बाहर निकालने के बाद ही उसकी आयु का सही अनुमान लग पाएगा। हाथी के दोनों दांत सुरक्षित होने का दावा करते हुए एसडीओ राजीव सिंह बताते हैं कि शायद पैर फिसलने के कारण हाथी के मुंह के बाल गड्ढे में गिर जाने और फिर बाहर न निकल पाने के कारण दम घुटने से उसकी मौत हुई है।

ताला तोड़कर देवी मंदिर से कीमती वस्तुएं चोरी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : सल्ट के टुकनोली गांव में स्थित देवी मंदिर में चोरों ने ताला तोड़कर मंदिर से कीमती चीजें चोरी कर लीं। ग्रामीणों ने चोरी की जानकारी थाना सल्ट को दी है।

थाना सल्ट में दी तहरीर में ग्रामीणों ने कहा कि गांव में देवी का मंदिर है। बीते दिनों चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चांदी के मुकुट, दान पात्र में रखे चढ़ावा और चांदी के अन्य आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर के गांव से थोड़ी दूरी पर होने के कारण चोरों ने इसका फायदा उठाया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने शीघ्र मामले का खुलासा कर दोषियों को सजा देने की मांग की है।

ब्रह्मकुंड में बच्चे को डुबाकर ले ली जान

संवाददाता, हरिद्वार

▸▸ पुलिस ने परिजन को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी

अमृत विचार: बुधवार को हरिद्वार में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। एक परिवार ने अपने ही पांच साल के बच्चे को हरकी पैड़ी पर गंगा में डुबाकर मार डाला।

पुलिस के अनुसार, बुधवार दोपहर एक परिवार बच्चे को लेकर हरकी पैड़ी पर पहुंचा। बच्चे की मां के अलावा अन्य परिजन भी साथ थे। उन्होंने बच्चे को ब्रह्मकुंड में ले जाकर डुबो दिया और उसे लगातार डुबोते रहे। आस-पास के लोगों ने जब ये देखा तो बच्चे को तुरंत बाहर निकाला। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला, हरकी पैड़ी चौकी इंचार्ज संजीव चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बच्चे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। उनके बयान के बाद ही मामले का पूरा सच सामने आ पाएगा।

ओडिशा के सिमिलिपाल में बेहद दुर्लभ मेलानिस्टिक बाघ देखा गया। पूरे भारत में मात्र 10 मेलेनिस्टिक बाघ हैं। यह विशेष रूप से सिमिलिपाल बाघ अभयारण्य में ही पाए जाते हैं। जल्द ही यह अभयारण्य आम पर्यटकों के लिए खुलने जा रहा है।

पहल पहले चरण के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट में पार्किंग निर्माण को प्राथमिकता रहेगी, पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट को टीएसी के लिए मिली मंजूरी

26 करोड़ की लागत से संवरेगा बाबा नीब करौरी का कैंची धाम

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : फेसबुक और एप्पल के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और स्टीव जॉब्स को राह दिखाने वाले बाबा नीब करौरी महाराज के दर पर आने वाले श्रद्धालुओं को अब बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। बाबा द्वारा स्थापित कैंची धाम को 26 करोड़ की लागत से संवारा जाएगा। पहले चरण के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट में पार्किंग निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

इसके साथ ही कई अन्य सुविधाओं को जोड़ने और सुंदरीकरण कार्य किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊं दौरे के बाद प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में तेजी आई है। फोर कंसलटेंट के सहयोग से पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट को टीएसी के लिए लोनिवि से मंजूरी मिल गई है। एक सप्ताह के भीतर वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाएगा।

बाबा नीब करौरी का कैंची धाम। ● अमृत विचार

बता दें कि बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा स्थापित कैंची धाम की ख्याति में हर रोज विस्तार हो रहा है। कुछ वर्षों पूर्व तक हजारों की संख्या तक रहने वाली श्रद्धालुओं की संख्या अब लाखों तक पहुंच गई है। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने के कारण सुविधा विस्तार के साथ ही पार्किंग की जरूरत महसूस होने लगी है। मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट में शामिल होने के बाद शासन स्तर पर अनुबंधित फॉर कंसलटेंट को प्रोजेक्ट निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी। बीते माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊं दौरे के बाद मंदिर माला प्रोजेक्ट में तेजी आई है। फोर कंसलटेंट के सहयोग से पर्यटन विभाग की ओर से पहले चरण में 25 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। फोर कंसलटेंट के सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर कैलाश अमोली ने बताया कि प्रोजेक्ट का डिजाइन और डीपीआर तैयार कर टीएसी के लिए लोनिवि को भेजी गई है। टीएसी के बाद प्रस्ताव शासन भेज दिया जाएगा।

21 करोड़ से बनेगी टू टियर पार्किंग

कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वाहनों का दबाव बढ़ने और ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से समस्या आम हो गई है। जिस कारण कैंची धाम के सुविधा विस्तार के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट में पार्किंग को प्राथमिकता दी गई है। पहले चरण के 25 करोड़ विकास प्रोजेक्ट में 21 करोड़ का बजट पार्किंग निर्माण के लिए रखा गया है। जिससे पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की गई भूमि पर टू टियर पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

नदी के किनारे बनेगा पाथवे, होगा सुंदरीकरण

फोन कंसलटेंट के सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर कैलाश अमोली ने बताया कि प्रस्तावित प्रोजेक्ट में नदी के किनारे पाथवे निर्माण किया जाना है। इसके निर्माण के बाद पार्किंग में वाहन लगाने वाले श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश के लिए दो बार मुख्य सड़क तक नहीं आना होगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए फैसिलिटी सेंटर व मंदिर से निकासी को एक और पुलिस का निर्माण किया जाना है। बताया कि पार्किंग स्थल के समीप पार्क व अन्य सुंदरीकरण कार्य भी किए जाएंगे।

जाति सर्वेक्षण के बाद भारत रत्न देने पर विवश हुआ केंद्र

एजेंसी, पटना

▸▸ पुलिस ने परिजनों को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि राज्य में महागठबंधन सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित सर्वेक्षण ने केंद्र को प्रख्यात समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए विवश किया।

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित एक समारोह से इतर पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी ने केंद्र से यह भी मांग की कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक दिवंगत कांशी राम और लोकप्रिय समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। पटना में एक समारोह में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित सर्वेक्षण ने केंद्र को कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए विवश किया। भाजपा में डर का माहौल है...यह हमारे लिए बड़ी जीत है।

एएसआई की सर्वेक्षण रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपने का आदेश

एजेंसी, वाराणसी

वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला अदालत के न्यायाधीश एके विश्वेश ने अपने आदेश में कहा है कि ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपी जाए।

मुस्लिम पक्ष ने इस दौरान न्यायाधीश के समक्ष मांग रखी कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों तक ही रहे, उसे सार्वजनिक न किया जाए। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को अपने तक रखने और सार्वजनिक न करने का हलफनामा अदालत में जमा करा कर सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करें। यादव ने बताया कि भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (एएसआई) ने सिविल न्यायाधीश सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) प्रशांत सिंह की अदालत में ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की, जिसके बाद जिला न्यायाधीश ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया। अदालत के आदेश में कहा गया है कि अन्य लंबित आवेदन पर छह फरवरी को सुनवाई की जाएगी। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि चूंकि आदेश की प्रति देर शाम आई, इसलिए सभी पक्ष प्रार्थना पत्र जमा करने के बाद गुरुवार को आदेश की प्रति प्राप्त

▸▸ सभी पक्षों को सर्वेक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक न करने का देना होगा हलफनामा

करेंगे। इंतेजामिया कमेटी के वकील मोहम्मद तौहीद ने भी कहा कि वे गुरुवार को प्रार्थना पत्र जमा करके आदेश की प्रति हासिल करेंगे। यादव ने कहा कि जहां विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के वकील अपने मुवक्किल के लिए आदेश की प्रति हासिल करेंगे, वहीं जिलाधिकारी वाराणसी और राज्य के गृह सचिव के लिए सरकारी वकील आदेश की प्रति हासिल करेंगे और उन्हें उपलब्ध कराएंगे।

जिला अदालत के पिछले साल 21 जुलाई के आदेश के बाद एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक

ज्ञानवापी प्रकरण

सर्वेक्षण किया था, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं। यादव ने कहा कि एएसआई ने अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट न्यायमूर्ति प्रशांत सिंह की फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रस्तुत की जिसके बाद मामला जिला न्यायाधीश की अदालत में आया, जिन्होंने पक्षों को रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने का आदेश दिया। बुधवार को मुस्लिम पक्ष ने जिला अदालत में अनुरोध किया कि सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों के पास होनी चाहिए और इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। इस पर अदालत ने कहा कि उस रिपोर्ट को हासिल करते समय पक्षकारों को रिपोर्ट अपने पास रखने और उसे सार्वजनिक नहीं करने का हलफनामा देना होगा। हिंदू याचिकाकर्ताओं के यह दावा करने के बाद कि 17वीं सदी की मस्जिद का निर्माण पहले से मौजूद मंदिर के ऊपर किया गया था, अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया था। एएसआई ने 18 दिसंबर को सीलबंद लिफाफे में अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट जिला अदालत को सौंपी थी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह प्रकरण में नई अर्जी दाखिल

मथुरा : श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में एक अदालत में नयी अर्जी दाखिल कर कहा गया है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर जिस वर्तमान गर्भगृह को भगवान की जन्मस्थली बताया जा रहा है, असल में वह मूल गर्भगृह है ही नहीं। अर्जी में कहा गया है कि प्राचीन केशवदेव मंदिर में बने गर्भगृह को तो मुगल शासक औरंगजेब ने वर्ष 1669-70 में तुड़वाकर उस स्थान पर ईदगाह का निर्माण करा दिया था। इसलिए वहां एक नोटिस बोर्ड लगाकर गर्भगृह के दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों को यह स्पष्ट रूप से बताया जाए कि वह स्थान वास्तविक गर्भगृह नहीं है। यह अर्जी सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अनुपमा सिंह की अदालत में वकील पी वी रघुनन्दन द्वारा दाखिल की गई है।

व्यासजी के तहखाने पर जिला प्रशासन का कब्जा

वाराणसी : जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत से ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने की सुपुर्दगी का आदेश मिलने के बाद जिलाधिकारी ने उसे कब्जे में ले लिया है। अधिवक्ता मदन मोहन ने बताया कि डीएम ने तहखाने को कब्जे में ले लिया और तहखाने की गेट का ताला खुलवाया। मामले पर हिंदू पक्ष से जुड़े वकील ने खुशी जताई और कहा कि अब यह अधिकार डीएम के पास रहेगा। यह हमारे लिए खुशी की बात है।

हाई कोर्ट में सुनवाई से जज ने खुद को किया अलग

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) करने की मांग को खारिज करने वाले वाराणसी जिला जज के फैसले को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष की ओर से न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ के समक्ष अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने बहस की। अधिवक्ता को सुनने के बाद न्यायमूर्ति ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया, साथ ही मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष नामित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया। अब इस मामले की सुनवाई आगामी 31 जनवरी को होने की संभावना है। हालांकि न्यायमूर्ति ने अपने को सुनवाई से अलग क्यों किया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मालूम हो कि वाराणसी के जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने 21 अक्टूबर 2023 के आदेश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) का सर्वेक्षण करने संबंधी निर्देश देने से इनकार कर दिया था। जिला अदालत में पक्षकार राखी सिंह ने प्राथमिक तर्क उठाया था कि संपत्ति (ज्ञानवापी परिसर) के धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए वजूखाने का सर्वेक्षण आवश्यक है।

156 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए हलफनामा जरूरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पारिवारिक विवाद के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि आजकल नियमित तौर पर बिना किसी जिम्मेदारी के केवल कुछ व्यक्तियों को परेशान करने के उद्देश्य से और पुराना हिसाब-किताब बराबर करने के लिए कृत संकल्पित लोग कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की एकलपीठ ने भरत सिंह कुशवाहा की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए की। मौजूदा याचिका में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जालौन, उरई द्वारा

पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। जिसके सापेक्ष कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत दाखिल आवेदन को एक हलफनामे द्वारा समर्थित होना आवश्यक है। मामले के अनुसार याची ने सीआरपीसी की उक्त धारा के तहत अर्जी दाखिल कर बताया कि उनके बेटे की पत्नी ने उनकी आय का आधा हिस्सा अपने वैवाहिक घर भेजने के लिए उनके बेटे से

▸▸ केवल परेशान करने के उद्देश्य से कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं कुछ लोग

झगड़ा किया, जिसके कारण अवसादग्रस्त होकर उनके बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

बता दें कि प्राथमिकी के लिए आवेदन देने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई जबकि याची ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अपने बेटे की मौत के बारे में एक अखबार की कटिंग सहित दस्तावेज पुलिस अधिकारी को दिए थे, तब भी संबंधित मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की उक्त धारा के तहत दाखिल आवेदन खारिज कर दिया। हालांकि पुनरीक्षणवादी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची के आवेदन पर विचार किए बिना पुलिस स्टेशन द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर मजिस्ट्रेट ने आक्षेपित आदेश पारित कर दिया। इस पर कोर्ट ने उक्त धारा के तहत आवेदन के साथ शपथ पत्र की प्रासंगिकता बताते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा निर्देशों का उल्लेख किया, जिसमें यह स्पष्ट रूप से बताया गया है कि उक्त धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए संज्ञेय अपराध का खुलासा करने वाली कोई भी जानकारी देनी अनिवार्य है। संबंधित अधिकारी संज्ञेय अपराध का खुलासा करने वाली सूचना के आधार पर मामला दर्ज करने के लिए बाध्य होता है। अंत में पीठ ने निष्कर्ष निकला कि अपने पति की मृत्यु के बाद श्रीमती विजयलक्ष्मी ने बैंक प्रबंधक से नामित याची को जमा राशि जारी न करने का अनुरोध किया, साथ ही बैंक में जमा राशि के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग करते हुए पत्नी ने एक दीवानी मामला दाखिल किया। जिसके जवाब में याची ने पुलिस अधीक्षक को सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत आवेदन दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि याची ने अपने बेटे के उत्पीड़न के समर्थन के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया और न ही उन्होंने अपने आवेदन के समर्थन में हलफनामा दाखिल किया। अतः पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी गई।

पति ने तेजाब फेंका पत्नी और उसकी मौसी झुलसी

मुजफ्फरनगर : जिले के शाहपुर इलाके में एक व्यक्ति ने आपसी विवाद के बाद अपनी 28 वर्षीय पत्नी पर तेजाब फेंक दिया, जिससे पत्नी और उसकी मौसी झुलस गईं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इस घटना के बाद घायल महिलाओं, पारुल शर्मा और उनकी मौसी पायल (45) को पास के अस्पताल ले जाया गया। सीओ ने कहा कि हमने इस घटना के सिलसिले में आरोपी पति अनुज शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। पारुल शर्मा और अनुज की शादी 2023 में हुई थी लेकिन शादी के कुछ महीने बाद ही पति से विवाद के बाद पत्नी अपने माता-पिता के साथ रहने चली गई। मंगलवार को पारुल अपनी मौसी के साथ ससुराल लौटी थी। बुधवार सुबह उसकी अनुज के साथ कुछ बहस हुई जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया।

खेत की रखवाली कर रहे किसान को भालू ने मार डाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : खेत की रखवाली कर रहे किसान पर भालू ने हमला कर मार डाला। गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर मार्ग पर जाम लगा दिया। रेंजर द्वारा मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष निवासी किसान लालाराम (26) पुत्र राममूर्ति गेहूं के खेत की रखवाली करने गया था। लालाराम का खेत पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। बुधवार सुबह किसान का खून से लथपथ शव खेत में मिला। बताते हैं कि रात में किसी समय खेत की रखवाली के दौरान किसान पर भालू ने हमला कर दिया। घटना की जानकारी पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना

▸▸ नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

> भालू के हमले से किसान की मौत हुई है। ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया है। नियमानुसार मुआवजे की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।
> **-अरुण मोहन श्रीवास्तव**, वन क्षेत्राधिकारी, बराही रेंज

मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन वन विभाग को कोई अफसर मौके पर नहीं पहुंचा। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। इस बीच पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से वार्ता की और मृतक किसान के परिजनों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोला।

समाज कल्याण अधिकारी समेत दो पर एफआईआर

संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी और एक आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उसावां के व्यक्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर दोनों पर गंभीर आरोप लगाए थे। कोर्ट के आदेश पर दातागंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी दो नाबालिग बेटियां विकास क्षेत्र समरेर के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती हैं। दोनों विद्यालय के छात्रावास में रहती

▸▸ समाज कल्याण अधिकारी ने मामले को झूठा बताया

हैं। 22 जनवरी की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम और विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा गौतम छात्रावास का निरीक्षण करने के बहाने पहुंचे। आरोप है कि प्रधानाचार्य उनकी दोनों बेटियों को बुलाकर अपने आवास पर ले गईं। वहां जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उनकी दोनों बेटियों से अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर प्रधानाचार्य ने उन्हें कार्रवाई की धमकी दी। वहीं जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि मामला है वह पूरी तरह झूठा है।

कानपुर : बंदर की एयरगन से हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : नौबस्ता थानाक्षेत्र में 16 जनवरी को मोहल्ले में उछलकूद कर रहे एक बंदर की एयरगन चलाकर हत्या कर दी गई। घटना का विरोध करने वाले से मारपीट भी की गई। बुधवार को स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर हंगामा किया तो पुलिस ने मृत बंदर को गड्ढा खोदकर बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

वाई-ब्लॉक किदवई नगर निवासी अंजनी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाले सुरेंद्र सिंह चौहान ने

शव निकालते पुलिसकर्मी

▸▸ विरोध करने वाले को आरोपियों ने पीटा, तीन पर रिपोर्ट

16 जनवरी को अपनी एयरगन से मोहल्ले में उछल-कूद कर रहे बंदर की हत्या कर दी थी। इसके बाद बंदर के शव को अपने घर के सामने बरगद के पेड़ के पास दफना दिया था। पता चलने पर 22 जनवरी की शाम को वह इस संबंध में उनसे बात करने गए तो सुरेंद्र सिंह चौहान व उनके पुत्र सोनी चौहान व सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप ने घर में घुसकर मारना पीटना शुरू कर दिया। पिस्टल की बट से उनका सिर फोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें टरका दिया। जिसके बाद डीसीपी दक्षिण रविद्र कुमार से शिकायत की गई। इस पर अंजनी मिश्रा की तहरीर पर सुरेंद्र सिंह चौहान, सोनी चौहान, सुरक्षा गार्ड अखंड प्रताप के खिलाफ जानवर की हत्या करना, मारपीट, गालीगलौज धमकी, आदि में एफआईआर दर्ज की गई है। नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि आरोपियों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

मेडिकल की छात्रा का लटका मिला शव

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

अमृत विचार : मेडिकल की छात्रा ने तनाव में आकर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। किराये के कमरे में उसका शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है, मम्मी पापा मुझे माफ कर देना, मैं आपके सपने को पूरा नहीं कर पा रही हूं। मैं डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन मुझसे अब यह नहीं हो पा रहा है। मुझे माफ कर देना। छात्रा की मौत से उसके परिवार में



प्रिया

कोहराम मच गया है।

जनपद संतकबीर नगर के थाना बखीरा थाना क्षेत्र के मेडरापाल निवासी प्रिया (27)

▸▸ कमरे से मिले सुसाइड नोट लिखा था डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन अब मुझसे नहीं हो पा रहा, पापा-मम्मी माफ कर दो

पुत्री कृष्ण कुमार गजरौला में हाईवे स्थित संजीवनी कालेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह गजरौला की एमडीए कालोनी में किराये का कमरा लेकर रह रही थी।

मंगलवार देर रात छात्रा के भाई ने उसके मोबाइल पर फोन किया। फोन रिसीव नहीं होने पर छात्रा के भाई ने मकान मालिक को फोन किया। मकान मालिक ने कमरे की खिड़की से देखा तो प्रिया का शव फंदे पर लटका था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा के शव को फंदे से उतारा। बाद में छात्रा के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि छात्रा के परिवार वालों के अनुसार वह तनाव में थी और उसका उपचार भी चल रहा था। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आगे की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रामायण की प्रति जलाने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

शाहजहांपुर : जिले में भगवान की तस्वीर और धार्मिक ग्रंथ की प्रति को कथित रूप से जलाने और इस कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने बताया कि स्थानीय पुलिस की सोशल मीडिया टीम द्वारा वीडियो में आरोपी की पहचान करने के बाद रामचंद्र मिशन थानाक्षेत्र के साराय काइयां मोहल्ला निवासी ऋषि दत्त मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के पीछे की वजह का तत्काल पता नहीं चल पाया है। मीणा ने कहा कि आरोपी ने भगवान हनुमान की तस्वीर और रामायण की प्रति जलायी। उसने इस कृत्य का वीडियो बनाया और उसे ऑनलाइन

वर्ग पहेली-323

बाएं से दाएं

1.1. वायु, हवा, पवन, समीर 2. जगत का प्राण 3. (पुराण) वायु के अधिपति देवता।

4.1. विवाद, झगड़ा, कलह 2. अंकुर, अंखुआ 3. स्वर्ण, सोना 4. युद्ध 5. एक तरह का केला 6. कपाल 7. कलध्वनि, मधुर ध्वनि।

6.1. छोटा डोल, बालटी जैसा बरतन 2. फल-फूल आदि ढोने के लिए उपयोग किया जाने वाला बेंत या बांस के तनों से निर्मित तीलियों का बना गहरा बरतन।

7.1. कपड़े आदि पर ज़री के बेल-बूटों का काम 2. वह कपड़ा जिसपर ज़री

8.1. छोकरा, लड़का, बालक 2. छिछोरा नवयुवक।

ऊपर से नीचे

2. भोजन में प्रयुक्त होने वाला मसाला, दारचीनी।

3. सफ़ेद टुकड़ों में प्राप्त किया जाने वाला बाँस का सारभाग जिसका प्रयोग औषधि के रूप में होता है।

4. परिवार नियोजन तथा सुरक्षित यौन संबंध के लिए पुरुषों व स्त्रियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली एक तरह की थैली, एक गर्भनिरोधक उपकरण।

5. मोटी तह

7. जीव विज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवों के विभिन्न अंगों की आंतरिक क्रियाओं एवं उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है, (फ़िज़ियोलॉजी)।



वर्ग पहेली - 322 का हल

1 ल			2 मू	3 स	ली
हु		4 घ		ज	
रा		ह		वा	
	5 नि	र	ख	ना	
6 काँ	ख	ना			7 के
	र		8 लं	ब	क
	ना				ड़ा

सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							2	
4		3		6	1		8	
5		7	8	2				9
		9			5		1	
	5		3		8		7	
	8		4			5		
8				5	2	1		3
	6		7	3		4		8
	3							

सुडोकू - 39 का हल

5	3	2	4	8	6	1	7	9
7	8	9	1	2	5	3	4	6
6	1	4	9	3	7	8	5	2
8	9	3	6	4	2	5	1	7
4	6	5	7	1	8	9	2	3
1	2	7	3	5	9	4	6	8
9	5	8	2	6	4	7	3	1
2	7	1	5	9	3	6	8	4
3	4	6	8	7	1	2	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 23.23 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.57-12.40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.50-15.33 तक।

दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 08.16 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज घर में नकारात्मकता हावी हो सकती है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। जितना शांत0 रहेंगे उतना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

वृष — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप काफी शान्त रहेंगे। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारु रूप से पूर्ण होंगे। इससे आपकी आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है।

मिथुन — आज धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा।

कर्क — आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। शोध कार्यों से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — आज कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है। अनावश्यक खर्च करने से आपको बचना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए।

कन्या — आज तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

तुला — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। ऑफिस आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक — आज निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रिनया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी।

धनु — आज अपनी भावनाओं को सभी के समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाने वाली यात्रा करनी पड़ सकती है।

मकर — आज आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

कुंभ — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

मीन — आज नया कार्य शुरू करने से बचें। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुरे लोगों की संगत से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- इंसानियत — सुबह : 11.40
- ब्लैकमेल — रात : 07.20

SONY PIX
- सिसु — सुबह : 10.21
- जॉम्बीलैंड — रात : 09.00

SONY SMAX
- दीवाना मैं दीवाना — सुबह : 08.49
- भूल भूलैया 2 — रात : 07.00

ZEE CINEMA
- दस्तक — दोपहर : 01.30
- हाईवे ड्रीम्स — रात : 10.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

colors CINEPLEX
- चेन्नई एक्सप्रेस — सुबह : 09.52
- हम्टी शर्मा की दुल्हनियां — रात : 07.00

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया।
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका?
एक औरत ने गुस्से से कहा -फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1150, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल अलसी	2600-2700
तेल तिल्ली	2600-2700

बाजार में तेजी, सेंसेक्स 690 अंक उछला

धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में आई तेजी, टाटा स्टील का शेयर 3.77 फीसदी मजबूत

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 690 अंक का उछाल आया। मुख्य रूप से धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ खुला लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। अंत में यह 689.76 यानी 0.98 प्रतिशत उछलकर 71,060.31 अंक पर बंद हुआ।

मानक सूचकांक कारोबार के दौरान ऊंचे में 71,149.61 अंक तक गया और नीचे में 70,001.60 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.15 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,453.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील सर्वाधिक 3.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचसीएल टेक (3.62 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.60 प्रतिशत), पावरग्रिड (3.34 प्रतिशत) भी लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और भारतीय एयरटेल भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टीसीएस शामिल हैं। इनमें 2.94 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

सेंसेक्स के कुल 30 में से 25 शेयर लाभ में रहे जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 फायदे में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मंगलवार की बिकवाली के बाद बुधवार को बाजार संभला। पीबीओसी (पीपुल बैंक ऑफ चाइना) के आर्थिक वृद्धि को गति देने तथा नकदी बढ़ाने के लिए आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती की।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 3,115.39 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स मंगलवार को 1,053.10 अंक टूटा था और निफ्टी 330.15 अंक नुकसान में रहा था।

यूको बैंक का शुद्ध लाभ 503 करोड़ रुपये : अश्वनी

कोलकाता। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक (सीईओ) अश्वनी कुमार ने बुधवार को बैंक के तृतीय तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इसका प्रसारण यूको बैंक प्रधान कार्यालय कोलकाता से किया गया। इसमे यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या से अंचल प्रमुख एवं समस्त स्टाफ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस वार्ता से जुड़ा। इस अवसर पर अश्वनी कुमार बताया कि तृतीय तिमाही में बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 1119.00 करोड़, नेट प्रॉफिट 503.00 करोड़ एवं नेट एनपीए 0.98 प्रतिशत रहा है।

सीआईआई की आयकर छूट को मंहगाई से जोड़ने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत किया ज्ञापन

भारतीय उद्योग मंडल (सीआईआई) ने चुनावी वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले लेखानुदान और बजट प्रस्तावों में सरकार से आर्थिक वृद्धि की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राजकोषीय सुदृढता की राह पर बने रहने और वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 5.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखने की सिफारिश की है। सीआईआई ने बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत एक ज्ञापन में कहा है कि सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल बना कर इसके ढांचे को तीन दरों वाला बनाने का संकेत देना चाहिए।

सीआईआई ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उपभोग मांग का लगभग 60 प्रतिशत (सबसे बड़ा) योगदान है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक बयान में कहा जैसा कि वैश्विक आर्थिक क्षितिज पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार को इस साल के राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य पर कायम रहना चाहिए और वित्त वर्ष 2015 के लिए इसे लगभग 5.4 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,200
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,700
सोना जेवरात गिन्नी	62,700
चांदी पक्की	718 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,875
चांदी आभूषण	73,000।

कानपुर मंडी

गेहूँदड़ा	2525-2550
आर.आर.21	2700-2750
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
अरहरफूल	14400-14600
अरहरस्पेशल1	12200-12400
चनादाल	6600-6700
मटरदाल	5450-5550

कंपनियों को पंजीकरण के तीस दिन के अंदर देना होगा बैंक ब्योरा

नई दिल्ली। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा है कि कंपनियों को निलंबन से बचने के लिए जीएसटी पंजीकरण के 30 दिन के भीतर जीएसटी अधिकारियों को वैध बैंक खाते का ब्योरा देना होगा। जीएसटीएन ने जीएसटी-पंजीकृत कंपनियों के लिए एक परामर्श में कहा कि सभी पंजीकृत करदाताओं को माल और सेवा कर (जीएसटी) कानून के तहत पंजीकरण के 30 दिनों के भीतर या जीएसटीआर-1/आईएफएफ दाखिल करने की तय तारीख से पहले, जो भी पहले हो, अपने बैंक खाते का ब्योरा देना जरूरी है।

महीनों बाद भी खरीफ फसलों के क्लेम का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवंबर में कटी थीं धान समेत अन्य खरीफ फसलें

▸▸ जिलों से समय पर नहीं मिले क्रॉप कटिंग के आंकड़े

अमृत विचार : प्रदेश में खरीफ 2023-24 की फसल कटे काफी समय हो गया है लेकिन, बीमित फसलों के क्लेम का पता नहीं है। विभाग समय पर उपज के आंकड़े नहीं जुटा पाए तो कंपनियां नुकसान का आकलन नहीं कर पाईं। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि प्रदेश में कितने किसानों को कितनी क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग के आधार पर मिलेगी। जबकि नवंबर तक धान समेत अन्य फसलें कट गईं थीं और इधर खेतों पर रबी की फसलें खड़ी हैं। दरअसल, बीमित फसलों का क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर तय होता है। यानी फसल की कटाई के दौरान निकली उपज का पॉलिसी के अनुसार आकलन कर क्षतिपूर्ति निकाली जाती है और उपज कम होने पर कंपनियां भरपाई करतीं हैं। उपनिदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि आंकड़े बीमा कंपनियों को दिए गए हैं। इस बार जल्द किसानों को क्लेम मिलेगा।

15 दिसंबर तक जुटाए थे आंकड़े

कृषि विभाग इस बार क्रॉप कटिंग और उपज का आकलन जल्द होना बता रहा है। जबकि जिलों से समय पर उपज के आंकड़े न मिलना भी बताया जा रहा है। हालांकि 15 दिसंबर तक उपज के आंकड़े जिलों से जुटाए गए और 15 जनवरी तक बीमा कंपनियों को पॉलिसी के अनुसार मैचिंग यानी क्षतिपूर्ति की तुलना कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए दिए गए। जिसकी केंद्र के पोर्टल पर फीड करने की जा रही है।

पांच हजार किसानों का 3 करोड़ बाकी

खरीफ में व्यक्तिगत व मध्य अवधि के कुल 13 हजार किसानों को 9 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना तय हुआ था। इनमें कंपनियों ने 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें व्यक्तिगत दावे कितने आए और कितने निरस्त हुए इसकी रिपोर्ट कंपनियों ने नहीं दी है।

राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री बोले-इस बार की गणतंत्र दिवस परेड महिला शक्ति को समर्पित

कर्पूरी ठाकुर के विचारों को अपनाएं युवा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान उत्साहित एनसीसी/एनएसएस कैडेट। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस परेड इस बार और विशेष होगी क्योंकि यह देश की महिला शक्ति को समर्पित है और साथ ही यह हमारा 75वां गणतंत्र दिवस भी होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के एक समूह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बारे में जानने और उनके आदर्शों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी कहा कि वे राष्ट्र प्रथम के मंत्र को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बनाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें 'जेन जेड' (जेड पीढ़ी) कहा जा सकता है लेकिन वह उन्हें (युवाओं को) अमृत पीढ़ी कहना पसंद करेंगे। पिछड़े समुदाय से ताल्लुक रखने वाले ठाकुर की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें भारत रत्न दिए जाने से युवा पीढ़ी उनके बारे में जानेगी और उनके जीवन से सीख लेगी जो कि आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता के बीच पैदा हुए, लेकिन वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि समाजवादी नेता हमेशा विनम्र रहे और समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा। मोदी ने कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदारी को एक उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाकुर गरीबों के कल्याण और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपने कार्यों में उनकी सरकार के लिए एक प्रेरणा रहे हैं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है और युवाओं की ऊर्जा से देश की गति तेज होगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए की पीएम की प्रशंसा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या में राम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए बुधवार को प्रधानमंत्री की सराहना की।कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार ने उन्हें जन नायक के रूप में स्थापित किया है। मंत्रिमंडल की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि राम मंदिर के लिए जन आंदोलन ने एक नया विमर्श शुरू किया और मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में सोमवार को संपन्न कार्यक्रम में अयोध्या के नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है।

भाजपा और विपक्ष में ठाकुर की विरासत पर दावा करने की होड़ तेज

नयी दिल्ली/पटना, एजेंसी

पटना में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राज्य मंत्री तेज प्रताप यादव। ● एजेंसी

जननायक' कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के एक दिन बाद राजनीतिक दलों में दिग्गज समाजवादी नेता की राजनीतिक विरासत पर दावा करने की होड़ बुधवार को तेज हो गई। भाजपा ने जहां उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रधानंमत्री मोदी की सराहना की, वहीं विपक्षी नेताओं ने उनके (ठाकुर के) एजेंडे पर काम करने की केंद्र को सलाह दी और जाति आधारित गणना की फिर से वकालत की।

ठाकुर की 100वीं जयंती पर मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जिनसे देशभर में 'सकारात्मक बदलाव' आया है।

▸▸ जयंती पर मोदी, शाह, नीतिश व अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि जब वे सत्ता में थे तो उन्होंने ठाकुर के योगदान को स्वीकार नहीं किया। कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करने के भाजपा के प्रयास से सशंकित बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले राजद ने अपनी राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर के प्रभाव और उनके लिए भारत रत्न' की अपनी मांग को भी रेखांकित किया है।

एक नजर

जवान ने साथियों पर गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या की

इंफाल। मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के एक जवान ने अपने साथियों पर गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या कर ली। घटना में छह जवान घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात को साजिक तमपक इलाके में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि असम राइफल्स के जवान ने अपने साथियों पर गोलियां चलाने के बाद खुद को गोली मार ली। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को जातीय संघर्ष से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

आपत्तिजनक पोस्ट करने में कई लोगों पर केस

जम्मू। अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आपत्तिजनक सामग्री' पोस्ट करने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के राजौरी और रियासी जिलों में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर' संवेदनशील सामग्री' पोस्ट की जिससे माहौल खराब' होने की आशंका थी।

गणतंत्र दिवस परेड: उत्तर-प्रदेश की झांकी में देखने को मिलेगी नमो भारत ट्रेन की झलक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की नमो भारत ट्रेन की प्रतिकृति इस गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि झांकी में साहिबाबाद स्टेशन से शुरू होने वाली क्षेत्रीय त्वरित पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) ट्रेन का प्रदर्शन किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा, "इस साल गणतंत्र दिवस समारोह में नमो भारत ट्रेन आकर्षण का केंद्र रहने वाली है। इसकी झलक उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। इसमें साहिबाबाद स्टेशन से चलने वाली आरआरटीएस ट्रेन की लघुकृति प्रदर्शित की जाएगी।

भाजपा कार्यकर्ता आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गिरफ्तार

राजगढ़ (मप्र)। मध्यप्रदेश में भाजपा के एक कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं से जुड़े 'आपत्तिजनक' पोस्ट साझा करने के आरोप में राजगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि भ्याना गांव के रहने वाले आरोपी सईद खान मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों द्वारा उनकी पोस्ट को लेकर लीमाचौहान पुलिस थाना में विरोध प्रदर्शन करने के बाद की गई। लीमाचौहान पुलिस थाना के प्रभारी अनिल कुमार राहोरिया ने बताया कि मंसूरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दिग्विजय सिंह ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर संदेह जताया और मांग की है कि मतदाताओं को मतपेटी में डालने के लिए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियां सौंपी जाएं। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चुनाव के नतीजे इन पर्चियों की गिनती कर घोषित किए जाने चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह कर्नाटक और तेलंगाना में उनकी पार्टी की जीत के साथ-साथ मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने बेटे की जीत पर सवाल उठा रहे हैं।

भगवा झंडे हटाने पर हाउसिंग सोसाइटी के सचिव सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

मुंबई। अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन के दिन एक इमारत के प्रवेश द्वार पर लगाए गए भगवा झंडों को कथित तौर पर हटाने के लिए हाउसिंग सोसाइटी के सचिव सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुंबई पुलिस ने विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में तीनों लोगों पर केस दर्ज किया है। परेल इलाके में स्थित सिद्धि अहमद कोआपरेटिव समिति के सचिव और दो अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को भोईवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता सोसायटी का ही निवासी है।

कर्पूरी ठाकुर ने जीवन पर्यंत वंचितों के लिए काम किया : जोशी

प्रदेश भाजपाध्यक्ष सीपी जोशी को पत्र सौंपते लोग।

जयपुर, एजेंसी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, कूर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।

जोशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने जीवन पर्यंत वंचित और पिछडे.वर्ग के उत्थान के का काम किया।

खरगे ने असम में राहुल की सुरक्षा पर शाह को लिखा पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह असम में पार्टी नेता राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करें। खरगे ने 23 जनवरी की तिथि वाले इस पत्र में दावा किया कि कई मौकों पर असम पुलिस सुनियोजित ढंग से खड़ी रही या फिर उसने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा घेरे में सेंध लगाते हुए राहुल गांधी के निकट पहुंचने दिया। खरगे के मुताबिक, सार्वजनिक तौर पर साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी भी शरारती तत्व की गिरफ्तारी नहीं हुई और कई मामलों में जांच भी शुरू नहीं हुई। उन्होंने गृह मंत्री से आग्रह किया कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दें कि आगे ऐसी कोई घटना नहीं हो जिससे राहुल गांधी या भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य किसी सदस्य को गंभीर चोट पहुंचे। खरगे ने पत्र में असम में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख किया।

जितने भी केस करें, हम डरेंगे नहीं : राहुल

बारपेटा (असम), एजेंसी

▸▸ राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन असम में की जनसभाएं

असम के बोंगाईगांव जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी। ● एजेंसी

भीड़ को उकसाने के आरोप में गुवाहाटी पुलिस द्वारा राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के एक दिन बाद बुधवार को भाजपा शासित राज्य को चुनौती दी कि वे जितना संभव हो उतने मामले दर्ज करें, लेकिन फिर भी वह डरेंगे नहीं।

बारपेटा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की और उन पर जमीन और सुपारी से संबंधित कई आरोप लगाते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। साथ ही गांधी ने अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछली प्रक्रिया के तहत जिन डेढ़ लाख युवाओं को नियुक्ति का वादा किया गया था, वे आज तक बेरोजगार हैं।

राहुल को लोस चुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा : हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी को लोसचुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा जिनके खिलाफ यहां हिंसा भड़काने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। असम पुलिस ने कांग्रेस की न्याय यात्रा' के दौरान मंगलवार को यहां हिंसा भड़काने के आरोप में राहुल गांधी और पार्टी के अन्य कई नेताओं के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।

सूर्या फिर चुने गए क्रिकेटर ऑफ द ईयर

आईसीसी ने लगातार दूसरी बार घोषित किया साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर

दुबई, एजेंसी

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना है।

आईसीसी ने उन्हें टी-20 प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में करीब 50 के औसत और 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से टी-20 मैचों में रन बनाए थे। इस समय सूर्यकुमार यादव जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहेबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं, जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

आईसीसी ने सूर्या को बताया भारतीय मध्यक्रम की रीढ़

आईसीसी ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। आईसीसी के मुताबिक भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं। लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है। सूर्या ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 7 रन बनाकर की लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए।

कप्तानी का बोझ होने पर भी की अच्छी बल्लेबाजी

साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।

युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

अंडर-19 विश्व कप : आज अच्छी बल्लेबाजी के अभ्यास पर होगी नजर

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में बृहस्पतिवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा।आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा।

बल्लेबाजों को शैली में कराना होगा सुधार

भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं, बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाए थे लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमश : 79 और 68 रहा, जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है। भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सॉमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण बीच में ब्रेक लेना पड़ा था।

भारतीय बल्लेबाजों को पावरप्ले में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा। अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे। पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था। प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिए रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं। पहले मैच में उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था। आयरलैंड के नई गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

12 साल का दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

साल 2012 से अपनी सरजमीं पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में अजेय है भारतीय टीम

हैदराबाद, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को इंग्लैंड की टीम अपनी बैजबॉल शैली से चुनौती देने के लिए उतरेगी तो बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा ब्रिगेड इसका जवाब स्पिन बॉल से देना चाहेगी। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। इसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें 7 में क्लीन स्वीप किया है।

विराट के न खेलना से राहत

इंग्लैंड टीम को पता है कि भारत में खेलने के लिए कितनी भी तैयारी कम है और इसके लिए उन्हें मानसिक मजबूती की भी जरूरत होगी। उनके लिए राहत की बात यह है कि पहले दो टेस्ट में रन मशीन विराट कोहली नहीं खेलेंगे, जो निजी कारणों से बाहर हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 28 मैचों में 1991 रन बनाए हैं जिनमें पांच शतक शामिल हैं।

कोहली की जगह रजत पाटीदार टीम में

मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार कोहली के विकल्प के तौर पर हैदराबाद और विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। चौथे और पांचवें नंबर पर श्रेयस अय्यर और केएल राहुल उतर सकते हैं, जबकि कोना भरत विकेटकीपिंग करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 के आखिर में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से हराया था लेकिन यहां चुनौती काफी कठिन होगी। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में देरी से भी उन्हें परेशानी हुई है। कप्तान बेन स्टोक्स कह ही चुके हैं कि वह बशीर को लेकर काफी दुखी थे।

44 टेस्ट में से सिर्फ 3 में हारा है भारत

भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट मैच खेले और सिर्फ 3 में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाए तो भारत के सामने 80 के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा, जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।

अश्विन और जडेजा पेश करेंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम खासतौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। अश्विन 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी हैं। उन्होंने 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल या कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है और संभावना अक्षर की अधिक है।

बैजबॉल से इंग्लैंड को मिली कामयाबी

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की आक्रामक शैली बैजबॉल के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है। उसे एक बार फिर इकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे, जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

भारत ए ने पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर कसा शिकंजा

अहमदाबाद, एजेंसी। आकाशदीप के 4 विकेट के बाद देवदत्त पडीक्कल के नाबाद 92 रन की बदौलत भारत ए ने बुधवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर शिकंजा कस दिया। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान टीम को 52.4 ओवर में महज 152 रन पर समेट दिया। आकाशदीप ने चार, जबकि यश दयाल और वाशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट झटके।

आकाशदीप ने झटके 4 विकेट, देवदत्त ने बनाए नाबाद 92 रन

ओलिवर प्राइस 48 रन बनाकर इंग्लैंड लायंस के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ब्राइडन कार्स ने 31 रन बनाए। इंग्लैंड के 7 बल्लेबाज 10 रन से ऊपर नहीं जा सके। प्राइस और कार्स के बीच सबसे बड़ी भागीदारी 43 रन की रही। जवाब में पडीक्कल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (नाबाद 53) की जोड़ी को इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना करने में जरा भी परेशानी नहीं हुई। भारत ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 150 रन बना लिए।

खेल डायरी

सुमित नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे मिला प्रवेश

बेंगलुरु। सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने। टूर्नामेंट 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए कट-ऑफ 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे। नागल ने 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने कहा कि यह चरण चुनौती भरा होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें कई मजबूत दावेदार होंगे। फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

जका अशरफ की जगह शाह खावर बने पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन

लाहौर। जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली। पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जफा अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। खावर ने एक बयान में कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी। खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं।

मंदीप इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो से भिड़ेंगे

मुक्केबाजी

नई दिल्ली। भारत के पेशेवर मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा शुक्रवार को अमेरिका के वाशिंगटन में टोपेनिश सिटी में इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो इस्क्विवेल से भिड़ेंगे। एक विज्ञप्ति के अनुसार रॉय जोन्स जूनियर से ट्रेनिंग लेने वाले जांगड़ा ने अपने सामान्य 75 किग्रा वजन को कम करने के लिए काफी मेहनत की है और अब वह 59 किग्रा वजन वर्ग में भिड़ेंगे। यह उनके कॅरिअर का सबसे बड़ा मुकाबला होगा। जांगड़ा ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं और सभी में जीत हासिल की है, जिसमें से चार नॉकआउट जीत रही हैं। जांगड़ा ने अपना पहला मुकाबला 2021 में जीता था और अंतिम जीत अगस्त 2023 में दर्ज की थी।

सेमीफाइनल में पहुंचे बोपन्ना सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

मेलबर्न। भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिंझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे। बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

किरण-लक्ष्य दूसरे दौर में

प्रणय और श्रीकांत पहले दौर में हारकर बाहर

जकार्ता, एजेंसी। लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे लक्ष्य सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलयेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22 21-15 से जीत हासिल की। किरण जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हरा दिया। किरण जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने के बाद मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। अब जॉर्ज की भिड़ंत चीन के लु गुआंग जू से होगी।

अल्काराज को हराकर ज्वेरेव सेमीफाइनल में

आस्ट्रेलियाई ओपन

मेलबर्न (आस्ट्रेलिया), एजेंसी। एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार रात दूसरी रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनका सामना दो बार फाइनल में पहुंचे दानिल मेदवेदेव से होगा। अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन जीता था और वह 2023 में ग्रैंडस्लैम मैच में 10 बार के आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच को हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह ज्वेरेव की ग्रैंडस्लैम में शीर्ष पांच रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी पर पहली जीत है। तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी मेदवेदेव ने हुबर्ट हुर्काक्ज को हराकर तीसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना यानिक सिनर से होगा। झेंग किनवेन और यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का ने क्वार्टरफाइनल जीत लिए और अब दोनों एक दूसरे के खिलाफ ग्रैंडस्लैम फाइनल खेलेंगी। आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ दूसरे सेमीफाइनल में आमने सामने होंगी।

भारत ने फ्रांस से ड्रा खेला

हॉकी टूर्नामेंट

केपटाउन, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फ्रांस से 2-2 से ड्रा खेला। भारत के लिए मंदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा, जबकि फ्रांस ने वापसी करते हुए टिमोथी क्लेमेंट और बी गैस्पर्ड के गोल से बराबरी हासिल की। मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अपनी रक्षण दक्षता से प्रतिद्वंद्वी को अपने गोल से दूर रखा। मंदीप ने भारत के लिए गोल कर बढ़त दिला दी। रोहिदास ने दूसरे क्वार्टर में इसे दोगुना कर दिया, जिससे टीम ने दबदबा बनाया हुआ था लेकिन फ्रांस ने वापसी करने के लिए हमले तेज किए और उसकी बराबरी हासिल करने की कोशिश सफल साबित हुई जब क्लेमेंट ने गोल कर अंतर कम किया। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने के लिए प्रयासरत थीं लेकिन भारत को हूटर बजने से एक मिनट पहले गहरा झटका लगा जब फ्रांस के लिए गैस्पर्ड ने बराबरी गोल लगाया।

एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में भारत ने पोलैंड को दी शिकस्त

मस्कट, एजेंसी

पूल सी के मैच में 5-4 से हराया
दीपिका- मुमताज ने किए 2-2 गोल

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के 2-2 गोल की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। पोलैंड के लिए जूलिया, कप्तान मारलेना रिबाचा, पाउला स्लाविंस्का और मोनिका पोलव्जाक ने गोल दागे।

भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली थी। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी।

बॉलीवुड हलचल

12वीं फेल ऑस्कर की दौड़ से बाहर, टू किल अ टाइगर लिस्ट में हुई शामिल



ऑस्कर्स 2024 के लिए हाल ही में फिल्मों का नॉमिनेशन शुरू हुआ था। अब नॉमिनीज की लिस्ट सामने आ गई है। इस लिस्ट से 12वीं फेल और 2018 दोनों फिल्में बाहर हो गई हैं। उम्मीद की जा रही थी कि विक्रांत की फिल्म 12वीं फेल को इस लिस्ट में जगह मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इन दोनों बड़ी फिल्मों को मात देकर इंडिया की निशा पाहूजा की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म टू किल अ टाइगर ने एंट्री मारी हैं, जिसने सबको हैरान कर दिया है। साल 2024 में टू किल अ टाइगर अकेली ऐसी फिल्म हैं, जिसे ऑस्कर्स के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के नॉमिनेट होने के पर इंडियन फैंस की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। इस फिल्म को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के अलावा 4 और फीचर फिल्मों को इस लिस्ट में जगह मिली है।

कैसी है टू किल अ टाइगर की कहानी

निशा पाहूजा की फिल्म टू किल अ टाइगर को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां लोगों ने इसे काफी पसंद किया था। इस फिल्म की कहानी इंडिया के एक छोटे से गांव पर बनी है। इसमें एक पिता की कहानी है जो अपनी 13 साल की बेटी को इंसाफ दिलाना चाहता है, जिसके साथ तीन लोगों ने अपहरण करके दुष्कर्म किया था।

रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फाइटर पर लगा बैन

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है मगर खाड़ी देशों से इस फिल्म के लिए बुरी खबर है। इस फिल्म पर रिलीज से पहले ही कई देशों में बैन कर दिया गया है। भारतीय वायु सेना के पायलट की जिंदगी पर बनी इस फिल्म को रिलीज से एक दिन पहले यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खाड़ी देशों में बैन कर दिया गया है। इससे गल्फ कंट्री में फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के हाथ निराशा लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिल्म फाइटर को इस बैन के कारण काफी नुकसान हो सकता है, इसका असर फाइटर की कमाई पर साफ दिखाई देगा। फिल्म को इन देशों में क्यों बैन किया गया है, इसको लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

एडवांस बुकिंग में मचाया धमाल

फिल्म फाइटर रिलीज होने से पहले ही एडवांस बुकिंग में धमाल मचा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

डॉक्यूमेंट्री द रोशन्स में शाहरुख खान की एंट्री



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की साल 2024 में एक भी फिल्म बड़े पर्दे पर दस्तक नहीं देने वाली है लेकिन उनका नाम एक कई फिल्मों से जुड़ रहा है। धूम 4 से लेकर इंशाअल्लाह तक उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। इसी बीच शाहरुख खान के हाथ एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म लगी है। यह डॉक्यूमेंट्री एक्टर-फिल्ममेकर राकेश रोशन की जिंदगी पर बन रही है। इसका नाम द रोशन्स है। शाहरुख खान इस डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा होने वाले हैं, इसका खुलासा राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर किया है। राकेश रोशन ने खान के एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वो शाहरुख करते साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर हुए राकेश रोशन ने द रोशन्स में योगदान करने के लिए शुक्रिया कहा है।

अजय देवगन की फिल्म शैतान का नया पोस्टर जारी

अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें अजय देवगन के साथ ही आर माधवन और ज्योतिका भी नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म शैतान का नया पोस्टर शेयर किया है। नया पोस्टर फैंस का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म का टीजर 25 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका हैं। इसे अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

समय की यही मांग कि यूएनएससी में हो सुधार

▸▸ भारत दौरे पर आए फ्रांसिस ने कहा- यूएनएससी आज की जमीनी हकीकत को नहीं दर्शाती

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना विश्व की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता है, हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि कुछ वर्षों में सुरक्षा परिषद वैश्विक शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में असमर्थ रहा है। भारत पहुंचते ही उन्होंने यूएनएससी में सुधार की वकालत की है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर के साथ उनकी बातचीत में यह मुद्दा उठा था। गौरतलब है कि वर्तमान वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता कम हुई है। जिसके बाद से लगातार इसमें सुधार की मांग उठ रही है।

गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने से भारत नाराज है। खास बात है कि पूरी दुनिया से उठ रही सुधार की मांग में भारत को स्थायी सदस्य का प्रबल दावेदार माना जाता है। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पांच स्थायी सदस्य(रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका)। वहीं 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। पांच स्थायी सदस्य किसी भी देश के प्रस्ताव पर वीटो कर सकते हैं।

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका खारिज नहीं कर सकते: फ्रांसिस

संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि लाल सागर में स्थिति बेहद परेशान करने वाली है, इसके और बिगड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को खारिज नहीं कर सकते। फ्रांसिस ने गाजा में संघर्ष पर समाधान के लिए भारत के आह्वान की सराहना की, और नई दिल्ली की स्थिति को अत्यधिक जिम्मेदार, व्यावहारिक, समझदार और आवश्यक बताया। लाल सागर में हो रहीं घटनाओं पर कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि लाल सागर में हूतियों द्वारा की जा रही कार्रवाई में तीसरे पक्ष मदद कर रहे हैं, यह बहुत हानिकारक और बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा, तीसरा विश्व युद्ध आशंका के दायरे से बाहर नहीं है।

आईएसआईएस से जुड़े युवक को एटीएस ने नासिक से किया गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने बुधवार को नासिक शहर से 32 वर्षीय एक इंजीनियर को कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस का समर्थन करने और वित्त पोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के साथ, महाराष्ट्र एटीएस ने आईएसआईएस समर्थन और फंडिंग के अंतर्राष्ट्रीय लिंक का खुलासा किया है। अधिकारी के अनुसार, इंजीनियर मुंबई से लगभग 200 किमी दूर नासिक शहर में एक इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस चलाता है। उन्होंने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि कई राज्यों में आरोपियों के कुछ सहयोगियों की जांच की जा रही है।

शीर्ष कोर्ट: हाई कोर्ट ने की गलती, वधावन की जमानत रद

▸▸ कर्ज घोटाला मामला डीएचएफएल के कपिल, धीरज को दी गई जमानत रद कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को करोड़ों रुपये के बैंक ऋण घोटाला मामले में डीएचएफएल के पूर्व प्रमोटरों कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को दी गई जमानत रद कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय और निचली अदालत ने उन्हें जमानत देने में गलती की है।

पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि प्रतिवादी आरोपियों के खिलाफ निर्धारित समय सीमा में आरोप पत्र दायर किया गया है और उनके द्वारा किए गए कथित अपराधों पर विशेष अदालत द्वारा संज्ञान लिया गया है। उत्तरदाता सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफॉल्ट जमानत के वैधानिक अधिकार का दावा इस आधार पर नहीं कर सकते थे कि अन्य आरोपियों की जांच लंबित थी। सीबीआई ने पहले कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को निचली अदालतों द्वारा दी गई वैधानिक जमानत का शीर्ष अदालत में विरोध किया था। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा था कि मामले में आरोप पत्र 90 दिनों की वैधानिक अवधि के भीतर दायर किया गया था और फिर भी आरोपी को वैधानिक जमानत दी गई थी।

आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत, यदि जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की अवधि के भीतर किसी आपराधिक मामले में जांच के निष्कर्ष पर आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रहती है, तो एक आरोपी वैधानिक जमानत देने का हकदार हो जाता है। इस मामले में, कानून अधिकारी ने कहा था, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करने के 88वें दिन आरोप पत्र दायर किया और ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को डिफॉल्ट जमानत दे दी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने आदेश को बरकरार रखा।

उमर खालिद को अभी जमानत नहीं, 31 जनवरी को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका पर 31 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने प्राथमिकता के आधार पर इस मामले की सुनवाई का आदेश पारित किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस प्रशांत कुमार ने पिछले साल नौ अगस्त को खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। गौरतलब है कि उमर खालिद के साथ अन्य लोगों पर फरवरी, 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए दंगों का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया गया है। बता दें कि हिंसा में 53 लोग मारे गए थे, जबकि 700 से अधिक घायल हुए थे। दंगों की साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में खालिद लंबे समय से जेल में बंद हैं। उनकी जमानत की अपील करते हुए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा, वह बहस के लिए तैयार हैं, लेकिन दुर्भाग्य से पीठ भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई नहीं करेगी। कोर्ट की पीठ उन मामलों की एक साथ सुनवाई कर रही है, जिनमें यूएपीए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

एक नजर

अमेरिका: जबरन मजदूरी कराने पर भारतवंशी को 20 साल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका के वर्जीनिया में शख्स से अपनी दुकानों पर जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में एक भारतीय-अमेरिकी जोड़े को दोषी पाया गया है। वर्जीनिया में संघीय अदालत में चले इस मामले में हरमनप्रीत सिंह (30) और कुलबीर कौर (43) पर अपने ही एक दूर के भाई से गैस स्टेशन और किराने की दुकान में जबरन काम करने का मामला चल रहा था। इसमें पाया गया कि इस जोड़े ने न सिर्फ शख्स कैशियर के तौर पर काम कराया, बल्कि उससे खाना बनवाने, साफ-सफाई कराने और दुकानों में बिक्री का लेखा-जोखा भी रखवाते थे। मामले में दोषी पाए जाने के बाद अब इस जोड़े को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा रिहाई के पांच साल बाद भी उन पर निगरानी रखी जाएगी। इस जोड़े पर 2,50,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

पंजाब में आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ धर्म और नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 23 जनवरी को अमृतसर के सुल्तानविंड थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पन्नू को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया है और सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध लगा दिया है। पन्नू ने सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए एक वीडियो में कथित तौर पर दावा किया कि अमृतसर के श्री दुर्गियाना मंदिर का हिंदू धर्म में कोई ऐतिहासिक महत्व नहीं है।

रूसी विमान क्रैश, 74 की मौत

बेलगोरोद में हुआ हादसा, चालक दल और गार्डों समेत 65 यूक्रेनी युद्धबंदी थे सवार

मॉस्को, एजेंसी

रूस के बेलगोरोद में बुधवार को एक सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी सरकारी मीडिया ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि विमान में 65 यूक्रेनी युद्धबंदी सवार थे, जिसकी अदला-बदली होनी थी। रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि विमान में चालक दल के छह सदस्यों और तीन गार्डों सहित 74 लोग मौजूद थे, दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

रूसी गवर्नर ने बताया कि इस विमान हादसे में इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। विमान दुर्घटना के पीछे का कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। रूसी सांसद और सेवानिवृत्त जनरल आंद्रेई कार्तपोलोव ने संसदीय सत्र के दौरान कहा कि विमान को तीन मिसाइलों से मार गिराया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसकी पुष्टि किस स्रोत से की गई है।

फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विमान में कौन-कौन सवार थे, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच नियमित रूप से युद्धबंदियों की अदला-बदली होती रहती है।

बता दें कि रूसी सुरक्षा सेवाओं से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है और उससे आग की लपटें उठ रही है। रूसी सैन्य आईएल-76 एक सैन्य परिवहन विमान है, जिसे सैनिकों, कार्गो, सैन्य उपकरणों और हथियारों को ले जाने के लिए उपयोग करते हैं। इस विमान में आमतौर पर पांच लोगों का दल होता है और यह 90 यात्रियों तक को ले जा सकता है।

रूस ने यूक्रेन पर लगाए गंभीर आरोप

हादसे के बाद रूस ने यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रूस की सेना ने यूक्रेन पर उसके परिवहन विमान को मार गिराने का आरोप है। विमान में क्रू के सदस्यों समेत 74 लोगों की मौत हो गई है। रूस के गवर्नर ने कहा है कि यूक्रेन के पास दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई।

कनाडा: श्रमिकों को ले जा रहा विमान क्रैश, 6 लोगों की मौत

कनाडा। मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। मीडिया के मुताबिक, विमान में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। रियो टिंटो के मुख्य कार्यकारी जैकब स्टॉशोल्म ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना से कंपनी को काफी दुख पहुंचा है। स्टॉशोल्म ने कहा, 'हम अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और यह पता लगाने में हर संभव मदद करेंगे कि वास्तव में क्या हुआ है। नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी। इस बीच अधिकारियों द्वारा अपनी जांच शुरू करने के कारण फोर्ट स्मिथ से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानें बुधवार तक के लिए रोक दी गई हैं। कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना की जांच के लिए एक टीम तैनात की है। आर.जे. नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के प्रीमियर सिम्पसन ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

मालदीव: दो विपक्षी दलों ने भारत विरोधी रुख पर जताई चिंता

माले। मालदीव के दो मुख्य विपक्षी दलों ने बुधवार को मोहम्मद मुइज्जू सरकार के भारत विरोधी रुख पर चिंता जताई है। इन दलों ने नई दिल्ली को सबसे पुराना सहयोगी बताया। विपक्षी दलों मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने भारत का खुला समर्थन तब किया है।

बता दें, मालदीव सरकार की ओर से चीनी जहाज को अनुमति ऐसे समय में दी गई है, जब नई दिल्ली और माले के संबंध तनावपूर्ण हैं। दोनों विपक्षी दलों ने मालदीव की मौजूदा विदेश नीति को लेकर कहा, ऐसा लगता है कि मुइज्जू सरकार भारत विरोधी माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी सहयोगी, खासतौर पर सबसे लंबे समय से सहयोगी (भारत) को अलग-थलग करना देश के विकास के लिए बेहद हानिकारक होगा। उन्होंने कहा, मालदीव की सरकार को लोगों के हित में सभी विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। जैसाकि मालदीव पारंपरिक रूप से करता आया है। एमडीपी के प्रमुख फैयाज इस्माइल, डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष हसन और सांसद अली अजीम ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इजराइल-हमास संघर्ष से भारत के आर्थिक हितों पर पड़ रहा असर

▸▸ संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भारत ने कहा- हिंद महासागर में समुद्री व्यापार असुरक्षित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

गाजा में बीते 109 दिनों से जारी युद्ध में अब तक 25 हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। गहराते मानवीय संकट को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण समुद्री व्यापार पर भी संकट मंडरा रहा है।

मध्य पूर्व में इस संकट के बीच हिंद महासागर में व्यापार से जुड़े खतरों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने ठोस बयान दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि लंबे समय से जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संकट में है।

रवींद्र ने मंगलवार को यूएनएससी में ओपन डिबेट के दौरान कहा, समुद्र में वाणिज्यिक यातायात की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ रहा है। भारत के आसपास भी कई हमले हुए हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बहुत चिंता का कारण है। इससे भारत के ऊर्जा और आर्थिक हित सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। गाजा में 100 से अधिक दिनों से जारी इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष को भयावह बताते हुए उन्होंने कहा कि भयावह स्थिति को देखते हुए हालात की गंभीरता को स्पष्ट तौर पर रेखांकित किया जाना जरूरी है।

भारत का ठोस पक्ष पेश करते हुए राजदूत रवींद्र ने इस्राइल और हमास का नाम लिए बिना दोनों के टकराव पर स्पष्ट संकेत दिए। उन्होंने कहा कि संघर्ष की शुरुआत के समय से ही भारत ने कहा है कि पीड़ितों के बीच मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए युद्ध को रोकना काफी अहम है। मानवीय संकट की गंभीरता पर ध्यान देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने जिस तत्परता से मदद की है, भारत इन प्रयासों की सराहना करता है। रवींद्र ने बताया कि गाजा के युद्धग्रस्त इलाकों में रहने वाले फलस्तीनी लोगों के बीच राहत सामग्री की खेप पहुंचाने वाले देशों में भारत अग्रणी रहा।

गणतंत्र दिवस पर उभरते भारत की दिखेगी छवि, नारी शक्ति प्राथमिकता

श्रीनगर में गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल करती जम्मू और कश्मीर महिला पुलिस।

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका, थीम के साथ 26 जनवरी को पथ पर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित होगी।

बता दें, पहली बार ऐसा होगा जब कोई विदेशी बैंड परेड में शामिल होगा, फ्रांसीसी सैन्य दल के बैंड में 130 लोग शामिल है। फुल ड्रेस रिहर्सल से पता चला कि विशेष रूप से पहली बार परेड की शुरुआत भारतीय संगीत वाद्ययंत्र बजाने वाली 100 महिला कलाकारों द्वारा की जाएगी।

परेड की शुरुआत महिला कलाकारों द्वारा बजाए जाने वाले शंख, नादस्वरम, नगाड़ा आदि संगीत के साथ होगी। कुल 25 झांकियां जिसमें 16 राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, मंत्रालय और विभाग शामिल हैं।

इमरान खान की दो टूक- सुस्त नेताओं का करूंगा टिकट रद

इस्लामाबाद। बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को अपनी ही पार्टी के प्रत्याशियों को चेतावनी देते हुए चुनावी अभियान शुरू करने को कहा।

इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रत्याशियों को चेतावनी दी कि चुनावी अभियान की शुरुआत करें अन्यथा आपके टिकट रद्द कर दिए जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, इमरान खान ने सिफर मामले की सुनवाई के बाद मंगलवार को रावलपिंडी की अदियाला जेल में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह टिप्पणी की।

फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय बल के साथ संदेशखाली पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय बल के साथ मिलकर बुधवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास पर फिर एक बार छापेमारी की। राशन घोटाला मामले के तहत टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी की जा रही है। शाहजहां शेख के खिलाफ एक नोटिस भी जारी किया गया है। इसमें टीएमसी नेता को 29 जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 120 से अधिक कर्मियों के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और गवाहों के रूप में दो स्थानीय लोगों की उपस्थिति में संदेशखली इलाके में शेख के आवास के दरवाजे को तोड़ दिया। उन्होंने मीडिया को बताया, 'हम आज शेख के आवास की तलाशी लेंगे।

हम वहां के निवासियों से बात करने की भी कोशिश करेंगे।' घर में प्रवेश करने के बाद अधिकारियों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और तलाशी शुरू कर दी।

बता दें कि पांच जनवरी को ईडी ने शाहजहां के आवास पर छापेमारी की थी। जहां कुछ स्थानीय समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

शिमला : हिप्र में पहला पश्चिमी विक्षोभ 25-27 जनवरी को सक्रिय होने की संभावना है। कई हिस्सों में छह दिनों तक बारिश-बर्फबारी के आसार है। नौ जगह न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। कुकुमसेरी में माइनस 10.6 डिग्री सेल्सियस, नारकंडा में -1.4 समेत अन्य हिस्सों में भी तापमान गिरा है। गुरुवार को बारिश-बर्फबारी हो सकती है। ● एजेंसी

मिजोरम से म्यांमार के 92 सैनिकों को वापस भेजा

आइजोल। इंजन में खराबी के कारण मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे पर म्यांमार का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

एक दिन बाद पड़ोसी देश के 92 सैनिकों वापस भेज दिया गया है। असम राइफल्स ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि म्यांमार की वायुसेना का वाई-8 मालवाहक विमान हवाई अड्डे के रनवे से फिसलकर उड़ा। इंजन में खराबी आने के बाद यह विमान झाड़ी में गिर गया। विमान में चौदह लोग सवार थे। वह म्यांमार के 92 सैनिकों को वापस लेने आए थे। ये सैनिक पिछले हफ्ते एक जातीय विद्रोही समूह के साथ गोलीबारी के बाद भारत आ गए थे। उन्होंने कहा, चालक दल के सदस्य चमत्कारिक ढंग से बच गए। उन्हें लेंगपुई से म्यांमार ले जाया गया। इसके साथ ही पिछले साल नवंबर से म्यामांर की सेना के कुल 635 कर्मियों को वापस उनके देश भेजा गया है।

चीन: भीषण आग लगने से 39 लोगों की मौत कई घायल, रेस्क्यू जारी

बीजिंग। चीन के दक्षिणी जियांग्शी प्रांत में बुधवार को कुछ दुकानों में भीषण आग लगने की वजह से 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इमारत में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है।

जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को एक दुकान में आग लगी जिसने विकराल रूप ले लिया। घटना में 39 लोगों की जान चली गई। जिसके तत्काल बाद घटनास्थल पर बचावकर्मियों, अग्निशामक, पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को तैनात किया गया है। हालांकि, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। राष्ट्रपति जिनपिंग ने लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए कदम उठाने का आदेश दिया है।

भविष्य पर चर्चा | जयशंकर ने कहा- दुनिया भारतीय प्रतिभा को पहचानती है, वैश्विक बाजार में है इसकी मांग

पिछले 10 वर्षों का परिवर्तन भारत के भविष्य की नींव रखेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत का भविष्य लोकतंत्र, प्रौद्योगिकी और परंपरा के तीन स्तंभों पर निर्भर करेगा और इसकी नींव पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों पर निर्भर करेगी। देश को मजबूत करने के लिए हमें व्यापार को मजबूत करना होगा और उत्पादन को बढ़ाना होगा। दुनिया भारतीय प्रतिभा को पहचानती है और वैश्विक बाजार में इसकी मांग है।

विदेश मंत्री जयशंकर बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के मिरांडा हाउस कालेज में 'भारत का भविष्य' विषय पर आयोजित छात्रों से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। कहा, चंद्रयान-3 मिशन की सफलता, भारत की दक्षता और बड़े पैमाने पर कोविड-19 टीकों का निर्माण बताता है कि पिछले दशक में भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में जबरदस्त प्रगति की है और वैश्विक क्षेत्र में एक मजबूत स्थिति हासिल की है।

विश्व लोकतंत्र सूचकांक में भारत की कम रैंकिंग पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से विश्व राजनीति पर कुछ देशों का वर्चस्व रहा है जिनके अपने एजेंडे और राजनीतिक पूर्वाग्रह हैं। उन्होंने दूसरों को आंकने का अधिकार छीन लिया है और जब हम वहां की कहानी का विरोध करते हैं, तो इसमें एजेंडा और राजनीतिक पक्षपात होता है। इसलिए हमें इस इरादे को ध्यान में रखते हुए सूचकांक को देखना होगा। उन्होंने कहा, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार जैसे हमारे पड़ोसी मुल्कों से रिश्ते काफी बेहतर हैं और वहां जाकर समझा जा सकता है कि भारत ने किस तरह उनसे सहयोग स्थापित किया है।

इजराइल और फिलिस्तीन मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल में जो हुआ, वह एक आतंकी हमला था जिसकी निंदा की जानी चाहिए, लेकिन बंधक मुद्दा और मानवीय गलियारा बनाने की आवश्यकता जैसे गंभीर मुद्दे हैं, जिनकी जरूरत का ध्यान रखा जाना है। फिलिस्तीन को लेकर भारत का मत स्पष्ट है।

लोकतंत्र के रूप में भारत ने मूल्यों को कायम रखा

डिजिटलीकरण, शिक्षा पर काम, लैंगिक असमानता को कम करना, कौशल विकास, स्टार्ट-अप संस्कृति और नागरिकों के बीच कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच जैसे क्षेत्रों में देश ने पिछले 10 वर्षों में जो परिवर्तन किया है, वह अगले 25 वर्षों का भारत का भविष्य तय करेगा। इससे ही विकसित भारत की नींव रखी गई है। उन्होंने कहा, एक लोकतंत्र के रूप में भारत ने न केवल अपने मूल्यों को कायम रखा है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ भी पहुंचाया है। जब कोई समाज अपने लोगों के प्रति उदासीन होता है, तो लोकतंत्र पनप नहीं पाता है। अपने पड़ोस के देश को देखकर यह समझा जा सकता है।

तटरक्षक बल की बढ़ेगी ताकत, 14 जहाजों की खरीद पर हुआ समझौता

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल (आईएसजी) के लिए 14 तेज गति वाले गश्ती जहाजों की खरीद के लिए बुधवार को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत इनकी लागत 1070.47 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

बता दें, इन नौकाओं को एमडीएल द्वारा भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा और ये कुल 63 महीनों में ये भारतीय तटरक्षक को सौंपी जायेंगी। कई उच्च तकनीकी उन्नत सुविधाओं और उपकरणों के साथ ये नौका ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट और अन्य क्षमताओं से लैस होंगी।

सावरकर को कब देंगे भारत रत्न राउत ने केंद्र पर साधा निशाना

मुंबई, एजेंसी

▸▸ उन्होंने कहा बीजेपी का हर कदम राजनीतिक स्वार्थ

शिवसेना (यूबीटी) ने हिंदुत्व विचारक वीआर अंबेडकर को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की है। मीडिया से बातचीत के दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भाजपा पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के केंद्र के फैसले को राजनीतिक कदम बताया है। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से अबतक 11 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, लेकिन लिस्ट में सावरकर का नाम शामिल नहीं किया गया। मंगलवार को कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें भारत रतन के लिए नामित किया गया। ठाकुर का निधन 1988 में हुआ था। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी समाजवादी नेता थे, जिन्हें दो बार बिहार का मुख्यमंत्री बनाया गया था।

संजय राउत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमारा स्थान अभी भी वहीं है कि सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। कर्पूरी ठाकुर ओबीसी के नेता हैं और इस बात से खुश हैं कि उन्हें भारत रत्न के लिए नामित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 'चुनाव का समय है और भाजपा के लिए बिहार जरूरी है।